वर्ष : 16 अंक : 164 लखनऊ रविवार, 16 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

मौसम

सूर्योदय	: 05:12
सूर्यास्त	: 07:02
अधिकतम	: 45:00°
न्यूनतम	: 33:00°

10 दोबारा वायरल हुआ आलिया का डीपफेक वीडियो

हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी 2 | भारत में ही आश्रय पाते रहे मानव के सपने 6 | भारत-इटली संबंध और मजबूत होंगे 12

मोदी के मंत्री ने कहा- इंदिरा मदर ऑफ इंडिया

त्रिशूर। केरल से भाजपा के पहले सांसद और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया बताया है। साथ ही केरल के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों कांग्रेस के के. करुणाकरण और लेफ्ट के ईके नयनार को अपना राजनीतिक गुरु कहा। गोपी 12 जून को पुन्नकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक स्थल मुरली मंदिरम गए थे। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को मैं मदर ऑफ इंडिया मानता हूं। गोपी ने मीडिया से कहा- मैं अपने राजनीतिक गुरु को श्रद्धांजलि देने आया हूं। वो एक साहसी मुख्यमंत्री थे। उनके दौरे का कोई राजनीतिक अर्थ न निकाला जाए। गोपी त्रिशूर से भाजपा के सांसद हैं। उन्होंने यहां से सीपीआई के सुनील कुमार को 75 हजार वोटों से हराया है। दिलचस्प बात यह है कि इसी सीट से करुणाकरण के बेटे के. मुरलीधरन भी चुनाव लड़ रहे थे। हालांकि वे तीसरे स्थान पर रहे।

गोपी ने बताया कि नयनार और उनकी पत्नी शारदा टीचर की तरह ही उनके करुणाकरण और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्मा के साथ भी अच्छे संबंध थे। इसलिए वे कन्नूर में नयनार के घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से मिले। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का पिता बताना राज्य में पार्टी के संस्थापकों का अनादर नहीं है। उन्होंने 2019 में भी मुरली मंदिरम जाने की इच्छा जताई थी। लेकिन तब उनकी बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने राजनीतिक कारणों से उन्हें जाने नहीं दिया था। पद्मजा हाल ही में भाजपा में शामिल हुई हैं। 9 जून को मोदी मंत्रिमंडल में सुरेश गोपी को राज्य मंत्री बनाया गया। दूसरे दिन उन्हें पर्यटन एवं पेट्रोलियम मंत्रालय का काम दिया गया। एक मलयालम टीवी चैनल ने गोपी के हवाले से दावा किया कि वे मंत्री नहीं बनना चाहते। वे सिर्फ एक सांसद के तौर पर काम करना चाहते हैं।

झपकी ने ली 14 श्रद्धालुओं की जान

टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा की खाई में गिरा, घायल एयरलिफ्ट कर एम्स लाये गये

● मोदी, शाह, धामी और योगी ने हादसे पर जताया दु:ख ● मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता राशि

विश्ववार्ता ब्यूरो

रुद्रप्रयाग/लखनऊ। उत्तराखंड के जनपद रुद्रप्रयाग में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को रैतोली के पास पर्यटकों से भरा एक वाहन अलकनंदा नदी में जा गिरा। हादसे में 14 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और 12 घायल हो गये। मौके पर ही दस लोगों की मौत हुई जबकि चार ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। अन्य घायलों को एयरलिफ्ट कर, एम्स, ऋषिकेश ले जाया गया है। वाहन में कुल 26 लोग सवार थे। ये सारे यात्री नोएडा और दिल्ली के हैं। हादसे की वजह ड्राइवर को झपकी लगना बताया जा रहा है। हालांकि अब तक इस पर प्रशासन का आधिकारिक बयान नहीं आया है। यह सभी बद्रीनाथ दर्शन करने जा रहे थे। इनकी योजना तुंगनाथ पर्वत श्रृंखलाओं पर ट्रेकिंग करने की भी थी।

हादसे पर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री धामी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

राज्य आपदा मोचन बल की महानिरीक्षक, भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी रिद्धिमा अग्रवाल ने बताया कि आज जिला नियन्त्रण कक्ष, रुद्रप्रयाग द्वारा एसडीआरएफ टीम को बद्रीनाथ हाईवे पर रैतौली क्षेत्र के पास एक टेंपो ट्रैवलर वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर अलकनंदा नदी में गिरने की सूचना मिली। जिस पर पोस्ट रतूड़ा व अगस्त्यमुनि से रेस्क्यू हेतु 14 सदस्यीय दो टीमें तत्काल मय रेस्क्यू उपकरणों के घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन में 26 यात्री थे। वे बद्रीनाथ के दर्शन के साथ चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रिप पर घूमने के लिए यहां आये थे। उनका वाहन चालक को नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग से लगभग 500 मीटर नीचे अलकनंदा नदी की खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक भगत सिंह कंडारी व धर्मेंद्र पंवार के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर अत्यधिक विषम परिस्थितियों में कड़ी मशक्कत करते हुए स्थानीय पुलिस व लोगों के साथ मिलकर संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

एयरलिफ्ट कर एम्स, ऋषिकेश लाए गए श्रद्धालु।

श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान 14 घायलों को रेस्क्यू कर एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल, रुद्रप्रयाग भिजवाया गया। जहां से सात गंभीर घायलों को हायर सेंटर एम्स, ऋषिकेश एयरलिफ्ट किया गया। दस लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी, जिनके शवों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया जबकि चार लोगों की उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू कार्य के दौरान एक महिला गाड़ी से छिटककर लगभग 80 मीटर नीचे झाड़ियों में अटकी हुई थी। एसडीआरएफ टीम द्वारा नीचे उतरते समय खोजबीन करते हुए उसे रेस्क्यू कर, रोड हेड तक लाकर अस्पताल भिजवाया गया है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की एक अन्य टीम इंस्पेक्टर कवीन्द्र सजवाण के नेतृत्व में एम्स, ऋषिकेश में उपस्थित है जिसने एयरलिफ्ट किये जाने वाले घायलों को हेली से उतारकर अस्पताल पहुंचाया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ऋषिकेश एम्स में उपचाराधीन घायलों की स्थिति जानने पहुंच गये हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स के माध्यम से अपनी संवेदना व्यक्त की हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को पचास-पचास हजार रुपए का मुआवजा देने के भी निर्देश दिए हैं।

अब सेना में सात साल सेवा दे सकेंगे 'अग्निवीर'

इनमें से 60 प्रतिशत को किया जायेगा रेगुलर

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। देश में दो साल पहले लागू हुई अग्निवीर योजना में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। केन्द्र सरकार 23 जून को अग्निवीर योजना को रीलॉन्च कर सकती है। इसके तहत अब अग्निवीर भारतीय सेना में चार साल की जगह सात साल तक नौकरी करेंगे। सूत्रों के अनुसार अब अग्निवीर योजना का नाम बदलकर सैनिक सम्मान स्कीम कर दिया जाएगा। अग्निवीरों का सेवाकाल तो बढ़ेगा ही, उनकी एक मुश्त सैलरी में भी बढ़ोतरी होगी।

फरवरी, 2024 के बाद अग्निवीर योजना के तहत भर्ती हुए सैनिकों को सैनिक सम्मान स्कीम का लाभ मिलेगा। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 जून को इस स्कीम की आधिकारिक घोषणा करेंगे। सैनिक सम्मान स्कीम के तहत अब अग्निवीर सेना में सात साल तक नौकरी करेंगे और उन्हें 22 लाख की जगह 41 लाख रुपये दिए जाएंगे। अब उनकी ट्रेनिग 22 हफ्ते की जगह 42 हफ्ते तक होगी। 30 दिन की छुट्टी बढ़कर 45 दिन हो जाएगी।

» योजना 23 जून को रीलांच कर सकती है सरकार

अग्निवीरों को सात साल की नौकरी के बाद केंद्रीय भर्तियों में 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। साथ ही अब 25 फीसदी की जगह 60 फीसदी जवान परमानेंट होंगे। यानि 60 प्रतिशत सैनिकों को सेना में स्थायी नौकरी मिलेगी। डेथ पर 50 लाख की जगह अब 75 लाख रुपये मिलेंगे।

गौरतलब कि शुरुआत से ही अग्निवीर योजना का विरोध हो रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने अग्निवीर योजना को बड़ा मुद्दा बनाया था और इसका जमकर विरोध किया था। केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार आने के बाद अग्निवीर योजना की फिर से समीक्षा की जा रही है। साथ ही एनडीए के घटक दलों ने इस स्कीम की समीक्षा करने की मांग की है।

मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर एक जवान शहीद, दो घायल

एजेंसी

नारायणपुर। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। पिछले दो दिनों से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गये है और एक जवान शहीद और दो जवान घायल हो गये हैं।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने बताया कि बुधवार को नक्सली विरोधी संयुक्त अभियान में नारायणपुर, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा जिला में रिजर्व पुलिस फोर्स, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है।

» खात्मे तक सरकार चुप नहीं बैठेगी : साय

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। मुखबिर की इसी सूचना के बाद बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर से करीब 1400 जवानों को अभियान में शामिल किया गया है। पुलिस और जवानों की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के ठिकाने को घेर रखा है। एक दिन पहले भी जवानों की इस संयुक्त टीम के साथ दिनभर रुक-रुककर गोलीबारी होती रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब जवान लौटेंगे उसके बाद ही विस्तृत जानकारी मिल पाएगी।

नीतीश कुमार की तबीयत खराब, पहुंचे मेदांता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद वे पटना के मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे और जांच कराई। बताया जा रहा है कि उनके हाथ में शुक्रवार से तेज दर्द हो रहा था। मेदांता हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग में उनका चेकअप किया गया। जांच के बाद सीएम नीतीश वापस मुख्यमंत्री आवास लौट गए। मिली जानकारी के अनुसार सीएम नीतीश कुमार के हाथ में हाथ में दर्द उठ गया। शुक्रवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में भी उन्होंने अपने मंत्रियों से हाथ दर्द करने की बात कही थी। इसके बाद मुख्यमंत्री को सुबह पटना के मेदांता हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां हड्डी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। सीएम आवास की ओर से कहा गया कि नीतीश कुमार रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे। जांच के बाद वे वापस आवास लौट गए और अपने काम निपटा रहे हैं।

धर्मेन्द्र प्रधान के घर जबरन घुसने की कोशिश

तीन कारों में आये थे 20 लोग, प्रदर्शन का प्रयास, दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया केस

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास में घुसने की कोशिश करने और बिना इजाजत के विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में लोगों के एक समूह पर केस दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि तीन से चार कारों से 20 लोग आए और साउथ एवेन्यू में कुशक रोड पर धर्मेंद्र प्रधान के घर में घुसने की कोशिश की। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ साउथ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में धारा-188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास में घुसने की कोशिश करने और विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में लोगों के एक समूह पर मामला दर्ज किया गया है। साउथ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में गुरुवार को धारा-188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया।

एफआईआर के अनुसार करीब 20 लोग तीन से चार कारों में सवार होकर आए और साउथ एवेन्यू में कुशक रोड पर केंद्रीय मंत्री के आवास हाउस नंबर 19 के बाहर जमा हो गए। मौके पर कुछ मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। एफआईआर में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों के हाथ में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के पर्चे थे।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि इलाके में सीआरपीसी की धारा-144 लागू होने के कारण वे यहां जमावड़ा नहीं कर सकते है। फिर भी वे लोग नहीं रुके और नारेबाजी की। पुलिस के रोकने पर प्रदर्शनकारी भड़क गए और केंद्रीय मंत्री के घर में घुसने की कोशिश भी की। एफआईआर में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों के जमावड़े के बाद थाने से और पुलिस बल को बुलाया गया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीपफेक वीडियो बनाने वालों की आयेगी शामत

डिजिटल इंडिया बिल लाएगी मोदी सरकार, यूट्यूब पर भी लगेगी लगाम

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में आयी मोदी सरकार आने वाले लोकसभा के सत्र में एआई से बनाए हुए डीपफेक विडियो और फोटोज पर नजर रखने के लिए डिजिटल इंडिया बिल लाने की तैयारी में हैं।

सरकार की तरफ से लाए जाने वाले इस बिल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को और बेहतर तरीकों से उपयोग करने के पर भी ध्यान देने का प्रयास किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस बिल का नाम डिजिटल इंडिया होगा। सरकार इस बिल को सदन में पेश करने से पहले सभी पार्टियों के साथ इस पर सहमति बनाने का प्रयास करेगी। अगले लोकसभा चुनाव में डीपफेक के अलावा यूट्यूब, फेसबुक और दूसरे विडीयो प्लेटफार्मों को रेग्यूलेट करने के लिए कानून आ सकता है।

लोकसभा का अगला सत्र जो कि 18वी लोकसभा का पहला सत्र होगा 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई तक चलेगा, फिर उसके बाद 22 जुलाई से मानसून सत्र शुरू होगा जो कि 9 अगस्त तक चालू रहेगा। इस साल की शुरूआत में केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी इस बिल के बारे में संकेत किया था। चंद्रशेखर ने तब कहा था कि हम इस बारे में सोच रहे हैं और इसको नई सरकार द्वारा लागू किया जाएगा। क्योंकि मुझे नहीं लगता कि हम चुनाव के पहले इस बिल को लेकर तैयार हो पाएंगे। यह बिल सदन में पेश करने से पहले हमें कई चीजों को देखना होगा, कई मुद्दों पर सलाह लेनी होगी तब जाकर हम इसे सदन में लाने के लिए तैयार हो पाएंगे।

डीपफेक एक टेक्नोलॉजी है जिसने कुछ समय से लगातार लोगों के मन में संदेह पैदा किया है। भ्रमित करने वाला कंटेंट और लोगों कि प्रायवेसी को भंग करने वाली यह टेक्नोलॉजी लगातार सरकार के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी। लोकसभा चुनावों के पहले चुनाव आयोग ने भी डीपफेक को लेकर अपनी चिंता जताई थी। फिल्म अभिनेत्री रश्मिका मंधाना की एक डीपफेक विडियो वायरल हुई थी जिसके बाद सभी ने इसको लेकर चिंता जताई थी। इसी साल अप्रैल में मुंबई पुलिस महाराष्ट्र यूथ कांग्रेस के ट्विटर अकाउंट और 16 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था, क्योंकि इस हैंडल से गृहमंत्री अमित शाह का एक डीपफेक विडियो डाला गया था, जिसमें वह एसी एसटी और ओबीसी के रिजर्वेशन में कटौती करने की घोषणा कर रहे थे।

मणिपुर सचिवालय के भवन में भीषण आग

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के सरकारी बंगले के पास राज्य सचिवालय परिसर की एक इमारत में शनिवार शाम को भीषण आग लग गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की कम से कम तीन गाड़ियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

गौरतलब है कि पिछले साल मई में मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी थी। तब से अब तक करीब 200 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि बड़े पैमाने पर आगजनी के बाद हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। कुछ दिन पहले मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की निजी सुरक्षा टीम पर संदिग्ध सशस्त्र उग्रवादियों ने कांगपोकपी जिले में घात लगाकर हमला किया जिससे एक सुरक्षाकर्मी घायल हो गया था।

लखनऊ में गर्मी ने तोड़ा 7 साल का रिकॉर्ड

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। यूपी की गर्मी अब रिकॉर्ड तोड़ रही है। शाम 4 बजे प्रयागराज में 45, गोरखपुर में 42 डिग्री पारा पहुंच गया। वाराणसी में गर्मी से महिला पर्यटक समेत 3 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि 22 जून तक यूपी में मानसून आएगा। पूर्वांचल के रास्ते मानसून यूपी में एंट्री करेगा। आसमान से आग बरसाती धूप, चढ़ता हुआ पारा, झुलसा देने वाली लू से लखनऊ को फिलहाल राहत नहीं है। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी ऐसी ही गर्मी झेलनी होगी, मानसून भी अभी दूर है।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया। बढ़ती गर्मी ने सात साल के अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस तरह शुक्रवार साल 2018 के बाद जून का सबसे गर्म दिन रहा। इससे पहले 31 मई को 45.8 डिग्री तापमान था। वहीं शनिवार सुबह से ही उमस भरी गर्मी सताने लगी। दोपहर में तापमान अपने अधिकतम स्तर पर रहेगा। सुबह 7 बजे 33 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

» अभी दो दिन पड़ेगी भीषण गर्मी, नहीं मिलने वाली निजात

मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि जून महीने में लखनऊ में पिछले सात साल में कभी भी इतना तापमान नहीं गया। उन्होंने बताया कि अभी दो दिन तक भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। लखनऊ में अभी हीट वेव और वार्म नाइट का दौर जारी रहेगा। इसके बाद पूर्वी हवाओं के प्रभाव से बादल छाने की संभावना बन रही है। आने वाले 4-5 दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी से मानसून आगे बढ़ रहा है। बिहार में आगे बढ़ने के बाद मानसून के उत्तर प्रदेश में आने की स्थिति क्लियर होगी।

दरअसल कई राज्यों में एंट्री कर चुका मानसून कमजोर हुआ है। इस वजह से मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में यह चार दिन बाद यानी 18 या 19 जून को मानसून की एंट्री होगी। वहीं, राजस्थान में प्री-मानसून एक्टिविटी का असर आज दिख सकता है। इस वजह से यहां आंधी और बारिश के आसार हैं। उधर यूपी के 73 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। यूपी के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में 15-18 जून तक सीवियर हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

केंद्रीय मंत्री सोमन्ना के बेटे पर केस दर्ज

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना के बेटे अरुण पर बेंगलुरु के एक दंपति ने फाइनेंशियल फ्रॉड करने और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाने वाले इस कपल ने बेंगलुरु पुलिस में अरुण और दो अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें फ्रॉड के अलावा ब्लैकमेलिंग, हाथापाई और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। अरुण के अलावा अन्य दो लोगों की पहचान दसाराहल्ली के रहने वाले जीवन कुमार और हेब्बल के रहने वाले प्रमोद राव के तौर पर की गई है। वी सोमन्ना ने प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी कैबिनेट में जल शक्ति और रेलवे मंत्रालय में राज्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। इससे पहले 2021 से 2023 तक वे कर्नाटक की बासवराज सरकार में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट मिनिस्टर और आवास मंत्री रहे थे।

उपचुनाव उत्तर प्रदेश में जल्द ही देखने को मिलेगा एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच तगड़ा चुनावी मुकाबला

विधानसभा की 10 सीटों पर होगी कड़ी टक्कर, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश की थी। 80 लोकसभा सीटों वाले यूपी में इस बार बाजी विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ने मारी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन वाले इंडिया गुट ने यूपी में 43 सीटें जीतने में सफलता पाई है। कई लोग इसे भाजपा के लिए बहुत बड़ा नुकसान मान रहे हैं, जिसके चलते भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर बहुमत हासिल करने से वंचित रह गई। अब यूपी में एक बार फिर से अगले कुछ महीनों में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मंच तैयार है।

लोकसभा के बाद अब इंडिया और एनडीए का मुकाबला विधानसभा सीटों पर है। दरअसल लोकसभा चुनावों में मुख्य रूप से सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के नौ विधायक विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से विजयी हुए। उनमें से कुछ ने अपनी लोकसभा सीटें बरकरार रखने के लिए विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है और बाकी आने वाले दिनों में ऐसा करेंगे।

सीसामऊ विधानसभा सीट भी खाली होने जा रही है क्योंकि इसके सपा विधायक इरफान सोलंकी को आगजनी के एक मामले में हाल ही में सात साल की सजा सुनाई गई थी। यानि सोलंकी अब विधानसभा की सदस्यता खोने वाले हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज संसदीय क्षेत्र को बरकरार रखने के लिए अपनी करहल विधानसभा सीट पहले ही खाली कर दी है जबकि पार्टी के मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने भी फैजाबाद (अयोध्या) संसदीय सीट जीतने के बाद विधायकी से इस्तीफा दे दिया है।

लोकसभा चुनावों में जहां सत्तारूढ़ भाजपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन खो दी, तो वहीं विपक्षी गुट इंडिया (सपा और कांग्रेस) राज्य में फिर से उभरता हुआ प्रतीत हुआ है। उपचुनावों के लिए दोनों अभी से कमर कस रहे हैं। अयोध्या के मिल्कीपुर में पहले से ही आक्रामक कंपटीशन की उम्मीद है। सत्तारूढ़ भाजपा सपा से इस सीट को छीनना चाहेगी, क्योंकि वह महत्वपूर्ण फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र में सपा से लोकसभा की लड़ाई हार चुकी है। वहीं सपा अब भी इस बात पर विचार कर रही है कि करहल से उसका सबसे बेहतर संभावित उम्मीदवार कौन होगा। इसके लिए अखिलेश के भतीजे तेज प्रताप यादव का नाम चर्चा में है। तेज प्रताप को पहले लोकसभा चुनाव में कन्नौज से सपा का उम्मीदवार घोषित किया गया था, उसके बाद अखिलेश ने खुद इस सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया।

2022 के विधानसभा चुनाव तक इनमें से ज्यादातर सीटों पर लड़ाई सपा और भाजपा या उसके सहयोगी के बीच थी, लेकिन लोकसभा चुनाव में राज्य में अपने मजबूत प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने भी कुछ सीटों पर लड़ने की इच्छा जताई है। कांग्रेस ने इनमें से कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने में रुचि दिखाई है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'हमारी पहली प्राथमिकता इन सीटों पर सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ना है, क्योंकि हम सफल गठबंधन को आगे बढ़ाना चाहते हैं। अगर यह संभव नहीं होता है तो हम अकेले चुनाव लड़ने पर विचार कर सकते हैं। हम इनमें से कुछ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहेंगे। फिलहाल सभी दलों के सामने मुख्य काम इन सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन जल्दी से जल्दी करना है, ताकि वहां उनकी संभावनाएं बढ़ सकें।

करहल में एक अहम मुकाबला होगा। अखिलेश ने 2022 में भाजपा उम्मीदवार और पूर्व सपा नेता एसपी सिंह बघेल को करीब 67,000 वोटों के बड़े अंतर से हराकर यह सीट जीती थी। बघेल को आगरा से भाजपा सांसद के रूप में फिर से चुना गया है और पार्टी के नेतृत्व वाली नई एनडीए सरकार में भाजपा ने उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया है। उम्मीद है कि इससे बघेल को इस सीट पर अपनी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

गोतस्करों ने सरपंच को मारी गोली, हालत नाजुक

नूंह। हरियाणा के नूंह जिले में फिरोजपुर झिरका के महू-चोपता गांव के पास शनिवार तड़के गौ तस्करों ने खूनी खेल खेला। पुलिस ने बताया कि गो तस्करों ने एक गोरक्षक को कथित तौर पर गोली मार दी। पीड़ित की पहचान रेवाड़ी जिले के सोनू सरपंच के रूप में हुई है। उसे फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी रेफर कर दिया गया। गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में पीड़ित सोनू सरपंच का इलाज चल रहा है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना को लेकर अस्पताल के बाहर लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

नूंह के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने कहा कि यह घटना दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तब समय हुई जब गोरक्षक गो तस्करों के वाहन का पीछा कर रहे थे। मामले में जल्द ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी

सप्ताह में मिले प्रोग्रेस रिपोर्ट : विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर सीएम ने दिए निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाए। हर प्रोजेक्ट की वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। हर परियोजना की एक समय सीमा तय होती है। उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

● विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित जमीनों की रजिस्ट्री और मुआवजा वितरण में लाएं तेजी

सीएम योगी शनिवार दोपहर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एनेक्सी भवन में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाए और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाए। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी हर माह जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें। सीएम योगी ने कहा कि बरसात का समय सन्निकट है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी अच्छा काम हुआ है, इसे लगातार उत्कृष्टता की ओर ले जाने की आवश्यकता है। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा करने का निर्देश देने के साथ सीएम ने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर सतत ध्यान दिया जाए।

बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाए। अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें। सीएम ने कहा कि समन्वित प्रयासों से जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। तैयारी ऐसी बनी रहे कि आगामी मानसून सत्र में भी इस पर नकेल कसा रहे। मुख्यमंत्री ने एकला बांध प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की और यहां मियावाकी वन विकसित करने पर जोर दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह चेतावनी भी दी कि नागरिक समस्याओं के निस्तारण में शिथिल अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से गोरखपुर उद्यमियों के लिए पसंदीदा स्थल बनकर उभरा है। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर माह रोजगार मेले का आयोजन करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक राजेश त्रिपाठी, महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद समेत प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

समयबद्धता और गुणवत्ता से तनिक भी समझौता बर्दाश्त नहीं : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला तथा तारामंडल क्षेत्र के सड़क व नाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार पूर्वाह्न गोरखपुर चिड़ियाघर का निरीक्षण करने के बाद सीएम योगी ने भगत चौराहे पर देवरिया बाईपास फोरलेन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने भौतिक निरीक्षण करने के साथ ही प्रोजेक्ट के ड्राइंग मैप का भी अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सीएम ने निर्देशित किया कि फोरलेन के निर्माण में गुणवत्ता से तनिक भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद टाण्डा, जनपद अम्बेडकरनगर

पत्रांक 231/न०पा०प०टा०/2024-25 दिनांक 15.06.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्राइवेट टैक्सी स्टैण्ड के ठेके की सार्वजनिक नीलामी की कार्यवाही पालिका सभाकक्ष में निम्न प्रकार से सम्पन्न की जायेगी:-

क्र. सं.	नाम ठेका	दिनांक	नीलामी का समय	जमानत धनराशि	मूल अभिलेखों का विवरण
1	प्राइवेट वाहन स्टैण्ड शुल्क	26.06.2024	अपरान्ह 02:00 बजे	5 लाख	रू० 25,00,000/- मात्र का हैसियत प्रमाण पत्र तथा चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति।

उक्त ठेके के लिए पालिका द्वारा निर्धारित जमानत की धनराशि नगद जमा रसीद /एफ०डी०आर० जो अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, टाण्डा के पक्ष में बंधक हो, व जिलाधिकारी द्वारा जारी अद्यतन अवधि का हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति व आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। दिनांक 26.06.2024 को होने वाली नीलामी बोली में उसी व्यक्ति को भाग लेने हेतु प्रवेश मन्त्र जारी किया जायेगा, जो निर्धारित जमानत धनराशि व आवश्यक मूल अभिलेख निर्धारित समय व दिनांक को बोली से पूर्व दिनांक 26.06.2024 को कार्यालय समय में जमा कर देगा। नीलामी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष महोदयां, 'नगर पालिका परिषद, टाण्डा में निहित होगा। नीलामी में भाग लेने वाला ठेकेदार यदि किसी अपरिहार्य स्थिति के कारण बोली में उपस्थित नहीं हो पाता है तो उसके द्वारा प्रतिनिधि के रूप में कोई अन्य व्यक्ति तभी भाग ले सकेगा, जब उसके पास हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र के साथ ठेकेदार द्वारा निर्गत किया गया प्रमाणित फोटो सहित अधिकार पत्र होगा। नगर पालिका परिषद, टाण्डा के बकायेदार इस बोली में भाग नहीं लेंगे। शेष नियम व शर्ते प्रकाशन दिनांक से कार्यालय समयावधि में देखा व समझा जा सकता है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
टाण्डा-अम्बेडकरनगर

पर्यटकों के लिए जल्द खुलेगा अयोध्या का क्वीन हो पार्क

विश्ववार्ता ब्यूरो

अयोध्या। दक्षिण कोरिया और अयोध्या के बीच मधुर संबंधों को मजबूत करने के लिए सरयू तट स्थित क्वीन हो कोरियाई पार्क जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए

● अयोध्या और दक्षिण कोरिया के सदियों पुराने रिश्ते को प्रगाढ़ करने के लिए बना है क्वीन हो पार्क

कॉटेज और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। अयोध्या धाम में 2018 के दीपोत्सव आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जोंग सुक ने संयुक्त रूप से क्वीन हो पार्क के नवीनीकरण का शिलान्यास किया था।

इस पार्क के संचालन के लिए दिल्ली की कार्यदाई संस्था आईएचडब्ल्यूएचसी को दायित्व सौंपा गया है। सरयू तट पर 2000 वर्ग मीटर में फैले क्वीन हो मेमोरियल पार्क का निर्माण सितंबर 2019 में शुरू हुआ था। नवंबर 2021 में इसका कार्य पूर्ण हो गया। इसमें मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, वाटर टैंक, फुट ओवर ब्रिज, सब स्टेशन, ट्यूबवेल, पाथवे, शौचालय, फाउंटेन, लैंडस्केपिंग, स्कल्चर, गार्ड रूम, म्यूरल, ऑडियो-विडियो सिस्टम, बाउंड्रीवॉल, पार्किंग व तालाब का निर्माण किया गया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि पार्क के संचालन के लिए इसे निजी संस्था को सौंप गया है। यह पार्क दक्षिण कोरिया और भारत सरकार की संयुक्त योजना के तहत बना है। इसमें कोरिया व अवध क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक पहलुओं को दिखाया गया है। पार्क में अवध की संस्कृति को दर्शाने के लिए अवध पवेलियन और कोरिया के कल्चर को दर्शाने वाली कोरियन पवेलियन के साथ ही समुद्र को दिखाने के लिए वाटर बॉडी बनी है। कार्यदाई संस्था के डायरेक्टर सौरभ जैन ने बताया कि अयोध्या और कोरिया को जोड़ने वाले इस पार्क में किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नही रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही आने वाले पर्यटको के माध्यम से ही यहां की व्यवस्था भी संचालित हो इसके लिए कोरियन शैली के वेज रेस्टोरेंट, कोरिया में प्रचलित सामानों की दुकानें, बाहर से आने वालों के ठहरने के लिए लग्जरी कॉटेज, कांफ्रेंस हॉल, मनोरंजन केंद्र, कोरियन-इंडियन कल्चर के कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए हॉल शामिल है।

सपा नेताओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किये दर्शन

लखनऊ। पश्चिम बंगाल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मानस भट्टाचार्य और समाजवादी युवजनसभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव ने शनिवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया।

एक प्रेसवार्ता में समाजवादी पार्टी पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष मानस भट्टाचार्य ने कहा कि अखिलेश यादव पूरे देश के नेता हैं। उन्होंने दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, वंचितों की आवाज को पूरे देश में मजबूत किया। यूपी की शानदार जीत ने पूरे भारत में संदेश दिया है कि भाजपा को कोई रोक सकता है तो वो समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ही हैं। समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव कहा कि अखिलेश यादव ने भाजपा के 400 पार के सपने को पीडीए से तोड़ दिया।

उत्तर प्रदेश से प्रचंड जीत दिलाकर जनता ने बता दिया है कि वो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने वालों के साथ हैं। आरक्षण और सामाजिक न्याय के लिए यूपी के विधानसभा चुनाव में भी जनता अपना पूर्ण समर्थन अखिलेश यादव को देगी।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान नौजवान बेहाल

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान नौजवान बेहाल है। किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान और अन्य लोग सूदखोरों से परेशान है। सूदखोरो से त्रस्त होकर लोग आत्महत्या करने पर विवस है।

श्री यादव ने कहा कि इटावा में साहूकारों के हर दिन के तगादा और प्रताड़ना से परेशान एक युवा किसान ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सरकार के दस साल के कार्यकाल में महंगाई और कर्ज से परेशान होकर एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके है। भाजपा सरकार की नीतियां गरीब और किसान विरोधी हैं तथा पूंजीपतियों के लिए बनायी गयी है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में सूदखोरों का आतंक है। बलिया, प्रयागराज, लखनऊ कानपुर, इटावा,

किसानों को फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा : अखिलेश

शाहजहांपुर, हर जगह सूदखोरों से लोगों का जीना हराम है। इस तरह के कर्ज से सबसे ज्यादा गरीब किसान और कमजोर ही शिकार बनते है। एक बार लोग इनके चंगुल में फंस जाते है तो फिर निकलना मुश्किल हो जाता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार झूठी योजनाओं के द्वारा जनता को बरगलाने का काम करती है। गरीबों, किसानों के लिए बैंकों से कम ब्याज और आसानी से कर्ज की योजनाएं जमीन पर उतरती नहीं दिखती है। सरकारी व्यवस्था इतनी जटिल है कि बैंकों से किसानों को लोन नहीं मिल पाता है तब लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए सूदखोरों के जाल में फंस कर अपनी जान गंवाने पर मजबूर हो जाते है।

पूर्व विधायक ने अवैध कब्जा करने का लगाया आरोप

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नाम ज्ञापन में तिलहर विधानसभा (शाहजहांपुर) के पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा के प्रतिनिधि आशुतोष सिंह 'आशू', देवदत्त गोरे आदि पर एक महिला की आजाद नगर नगर पंचायत निगोही की पुवांया रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास दुकानों व मकान पर तथा नगर पंचायत की कमर्शियल भूमि व चकमार पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। जिला प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

श्री वर्मा ने अपने ज्ञापन में कहा है कि संध्या सिंह पत्नी राजेश सिंह की दुकानों व मकान पर जबरन कब्जे के विरोध में प्रार्थिनी अपने परिवार सहित खिरनीबाग मैदान में धरने पर बैठी है। जिला प्रशासन उल्टे उन्हें ही धमका रहा है। नगर पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे एवं निर्माण कार्य के विरोध में जिला प्रशासन से शिकायत के बावजूद विधायक के दबाव में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। दबंगों की कोई अपनी भूमि नहीं है। रोशन लाल वर्मा ने नगर पंचायत की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य को ध्वस्त कराकर नगर पंचायत की भूमि को दबंगों से मुक्त कराने की मांग की है।

किसान संवाद कार्यक्रम में आने वाले किसानों को न होने पाए किसी भी प्रकार की समस्या : मुख्यमंत्री

वाराणसी में अधिकारियों संग सीएम ने की समीक्षा

विश्ववार्ता ब्यूरो

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 18 जून को वाराणसी में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराए जाने और सभी आवश्यक तैयारी समय से पूर्ण किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने राजा तालाब के मेहदीगंज में आयोजित होने वाले किसान संवाद कार्यक्रम के दौरान मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त छाया, हवा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था हर हालत में सुनिश्चित कराए जाने का भी निर्देश दिया है। सीएम योगी ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि कार्यक्रम में आने वाले किसानों/जनता को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। उन्होंने सभी तैयारी युद्धस्तर पर अभियान चलाकर कर प्राथमिकता पर पूर्ण कराए जाने पर विशेष जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे थे। उन्होने सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की शुरुआत में कमिश्नर कौशल राज शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के आगामी 18 जून को प्रस्तावित वाराणसी आगमन के दौरान की गयी प्रशासनिक तैयारियों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया तथा पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल द्वारा पीपीटी के माध्यम से सुरक्षा के दृष्टिगत की गयी तैयारियों, जनसभा स्थल पर पार्किंग, पुलिस बल आदि को लेकर जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के तीसरी बार शपथ लेने के उपरांत प्रथम काशी आगमन पर पूरे शहर में भव्य स्वागत की तैयारी किये जाने तथा बकरीद त्योहार के दृष्टिगत त्योहार से पूर्व एवं पश्चात नगर निगम को विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। त्योहार एवं प्रधानमंत्री के आगमन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए वरुणा नदी की साफ-सफाई के लिए नगर निगम तथा सिंचाई विभाग को निर्देशित किया। शहर में पेयजल की समस्या के तत्काल समाधान के निर्देश दिये। नव शहरी क्षेत्रों में अमृत योजना 2 के अंतर्गत पेयजल एवं सीवर की स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये।

सीएम योगी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों पर तेजी लाकर इसे पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कार्य की गुणवत्ता एवं समयावधि में पूर्ण कराने हेतु अधिकारियों को नियमित मॉनीटरिंग हेतु भी निर्देशित किया। विद्युत की समस्या के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश के साथ ही किसी दशा में पावर कट न हो, इसको भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया, अन्यथा जवाबदेही तय की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गतिमान परियोजनाओं पर मैन पावर की उचित व्यवस्था कराकर कार्य में तेजी लायी जाये। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओ को समय से पूर्ण कराए जाने के लिए प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्माणाधीन परियोजना के लिए जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों नामित किया जाय, जो समय-समय पर उसकी प्रगति एवं गुणवत्ता की मॉनीटरिंग करे। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु ट्रैफिक जाम की समस्या के समुचित समाधान करने के साथ ही इसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर बारीक नजर रखने तथा भ्रामक खबरों पर सख्ती बरतने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी अश्वनि त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ अवधेश सिंह, विधायक टी. राम, विधायक सुशील सिंह सहित मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, ज्वाइंट कमिश्नर पुलिस डॉ केएजिलरसन व अन्य विभागीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत बेवाना विकास खण्ड - अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

मेमो पंचायत / निविदा / 2024-25 दिनांक-15.6.2024

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बेवाना विकास खण्ड अकबरपुर में राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा के आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के निम्नलिखित परियोजनाओ के निर्माण कार्य पर सामग्री हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है निविदाये दिनांक 18-06-24 से 20-06-24 तक प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदाये दिनांक 21-6-2024 को सायं 4 बजे उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के नियम व शर्ते पत्र में अंकित है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु. में)	सामग्री का नाम
1	पक्की सड़क से बेचई के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य।	4.55	ईट सीमेंट मोरंग, इंटरलॉकिंग ईट अन्य सामग्री

नियम व शर्तों का विवरण-

1. जिस आपूर्ति कर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्ति कर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3. फर्म जी०एस०टी० पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4. जो दरें प्रस्तुत की जाय, वह दरें जी०एस०टी० तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6. प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नही होनी चाहिए।
7. स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुड़वत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8. बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

सन्तोष कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेवाना विकास खण्ड अकबरपुर अम्बेडकरनगर

बबिता वर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत बेवाना विकास खण्ड अकबरपुर अम्बेडकरनगर

ग्राम पंचायत अहेथिया किशुनीपुर विकास खण्ड अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

मेमो पंचायत / निविदा/ 2024-25 दिनांक-15.6.2024

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत अहेथिया किशुनीपुर विकास खण्ड अकबरपुर में राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा के आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के निम्नलिखित परियोजनाओ के निर्माण कार्य पर सामग्री हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदाये दिनांक 18-06-24 से 20-06-24 तक प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदाये दिनांक 21-6-2024 को सायं 4 बजे उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के नियम व शर्ते पत्र में अंकित है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु. में)	सामग्री का नाम
1	मेन पिच रोड से मस्जिद तक इंटर लॉकिंग कार्य।	3.44	ईट सीमेंट मोरंग, इंटरलॉकिंग ईट अन्य सामग्री
2	मियांदीन के घर से जलील के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य।	3.43	ईट सीमेंट मोरंग, इंटरलॉकिंग ईट अन्य सामग्री

नियम व शर्तों का विवरण-

1. जिस आपूर्ति कर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्ति कर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3. फर्म जी०एस०टी० पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4. जो दरें प्रस्तुत की जाय, वह दरें जी०एस०टी० तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य करें जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6. प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7. स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुड़वत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8. बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षणी को निहित होगा।

संजय कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अहेथिया किशुनीपुर विकास खण्ड अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

बीएल मौर्या
सचिव
ग्राम पंचायत अहेथिया किशुनीपुर विकास खण्ड अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

हजरतगंज में छत पर मिली युवक की लाश

परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, गोमती रेजीडेंसी में करता था गार्ड की नौकरी

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के हजरतगंज इलाके में 28 साल के युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। युवक गोमती रेजीडेंसी में सुरक्षा कर्मचारी के तौर पर तैनात था। वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा और शनिवार सुबह करीब 6 बजे युवक का शव छत पर मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक आने से मौत की पुष्टि हुई है।

जानकारी के मुताबिक, फैजुल्लागंज के रहने वाले अमित पांडेय (30) पुत्र सत्येंद्र पांडेय गोमती रेजीडेंसी में गार्ड व क्लीनर की नौकरी करता था। अमित मूल रूप से बिनियापुर, हरी गांव, सुल्तानपुर के रहने वाले थे। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गोमती रेजीडेंसी में बने सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। शुक्रवार रात ड्यूटी पर थे। शनिवार को पत्नी ने कई बार फोन कॉल किया लेकिन अमित ने फोन नहीं उठाया।

इस पर पत्नी ने देवर सौरभ को सूचना दी। फिर तलाश करने लगी तो वह छत पर ही मृत अवस्था में मिले। घबराई पत्नी ने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। मृत युवक अमित के परिजनों ने उसकी हत्या की अशंका जताई है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक आने से मौत की पुष्टि

देर रात दो बार चौथी मंजिल पर जाते दिखा

भाई शुभम पाण्डेय ने बताया कि 4 मंजिल की बिल्डिंग है जहां तीसरे मंजिल तक सीसीटीवी लगा है जबकि जहां घटना हुई वहां पर सीसीटीवी नहीं मिला है। रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच दो बार अमित ऊपर-नीचे जाते दिख रहे हैं। शरीर पर सिगरेट से जलाने के निशान हैं। चेहरे पर चोट के निशान भी हैं। भाई ने बिल्डिंग के मालिक पर आरोप लगाया था। अमित के परिवार में माता-पिता और तीन बच्चे हैं। अभि, नंदनी और काव्या। घटना के बाद से परिजनों को रो-रोकर बुला हाल है।

मंत्री के इवेंट में आए योग गुरु की मौत

लखनऊ। लखनऊ में योग का लेक्चर देने आए योग गुरु की मौत हो गई। वह आयुष मंत्रालय के कार्यक्रम में लेक्चर देने आए थे। इसमें मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' और चीफ सेक्रेटरी दुर्गा शंकर मिश्र को भी शामिल होना था। योग गुरु शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। वह यहां सरकारी (VIP) गेस्ट हाउस के कमरा नं. 23 में रुके थे। सुबह यहीं पर उनका शव मिला। घटना हजरतगंज थाना क्षेत्र के मीराबाई मार्ग पर स्थित VIP गेस्ट हाउस की है।

मौके पर फॉरेंसिक टीम और पुलिस भी पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वजह स्पष्ट हो पाएगी। घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। हालांकि हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। योग गुरु को सुबह साढ़े 10 बजे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आयोजक मंडल ने फोन किया। कई बार फोन करने के बाद भी जब उनका फोन रिसीव नहीं हुआ तो गेस्ट हाउस पर कॉल की। यहां के कर्मचारियों ने कमरा अंदर से लॉक होना बताया। लखनऊ के राजकीय आयुर्वेद कॉलेज के ऑडिटोरियम में 10वां 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया है। यहीं पर उद्घाटन समारोह में डॉ. गुरुदेव को शामिल होना था। लेकिन इससे पहले ही उनकी मौत हो गई। यहां पर ई-आयुष पत्रिका का विमोचन करने के साथ कॉलेज परिसर में पौधा रोपण भी किया गया है। जब कर्मचारियों ने गेट खोलने के लिए खटखटाया तब भी अंदर से किसी तरह की हलचल नहीं हुई। उन्होंने हजरतगंज पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरी चाबी से गेट खुलवाया। देखा तो वह बेड पर अचेत पड़े थे। पुलिस ने मौके पर सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टरों को बुलाया। जांच में डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है, क्योंकि योग गुरु के शरीर पर किसी तरह के कोई निशान नहीं थे। पुलिस ने बताया कि डॉ. गुरुदेव (44) पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर शंकरपुर के रहने वाले थे। वह मोरारजी देसाई योग इंस्टिट्यूट दिल्ली के प्रवक्ता थे। शनिवार को योग सप्ताह दिवस के उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में आयुष विद्यालय में शामिल होना था। मृतक के परिवार को तुरंत सूचना नहीं दी गई थी। बाद में उनके भाई को फोन पर जानकारी दी गई है। परिवार के लोग लखनऊ पहुंच गए हैं। रविवार को अयोध्या में दाह संस्कार किया जाएगा।

निगोहां में विवाहिता ने लगाई फांसी

लखनऊ। लखनऊ में पारिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति वापस लौटा तो उसे ग्रह जानकारी मिली। वही, मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालवालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने दहेज हत्या को लेकर हंगामा भी किया। मामला निगोहां थाना क्षेत्र की है। फिलहाल मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के मुताबिक निगोहां के कांटा करौदी गांव में बृजेश कुमार उर्फ रिंकू अपनी पत्नी ज्योति (26) के साथ रहते हैं। इनके दो बच्चे चुनमुन व शौर्य हैं। शनिवार सुबह बीमार सास अपनी दवा लेने गई थी जबकि पति अपने खेत पर काम करने चला गया था। तब ज्योति घर में अकेली थी और उसने छत से लगे लोहे के हुक में साड़ी का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। पति वापस लौटा तो वारदात की जानकारी मिली। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई और मृतका के परिजन भी पहुंच गए। मृत ज्योति के घरवालों ने पति पर दहेज के लिए मारपीट करने और प्रताड़ना का आरोप लगाया। परिजनों ने दावा किया पति की प्रताड़ना से तंग आकर उसने सुसाइड किया है। परिजनों का हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने उन्हें शांत कराया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मृतका के पिता रामचंद्र की ओर से तहरीर दी गई है जिसके आधार पर पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है।

ग्रीन गैस कंपनी का कर्मचारी निकला चोर

लखनऊ। लखनऊ के गोमती नगर विस्तार इलाके में पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी इलाके में घूम कर ग्रीन गैस के पाइप की एल्युमिनियम रेगुलेटर चुरा लेते थे। सभी इलाके में दो बाइकों से घूमकर रेकी करते। इसके बाद घटना को अंजाम देते। पुलिस को चोरों के पास से 96 रेगुलेटर मिले हैं। जानकारी के मुताबिक सरस्वतीपुरम, खरगापुर गोमती नगर के रहने वाले राम निहोरे यादव व अन्य लोगों ने इलाके में रेगुलेटर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किया। पुलिस ने सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से चार लोगों को चिन्हित किया। इसके साथ ही रेगुलेटर चोरी करने का प्रक्रिया को भी देखा जो कोई आम व्यक्ति नहीं निकल सकता था। पुलिस को कंपनी के कर्मचारी पर भी संदेह गहराया। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान सिकंदरपुर मधेपुरा थाना सतरिख, बाराबंकी के रहन वाले महेंद्र यादव (21) पुत्र विश्वनाथ यादव, नया पुरवा थाना गोसाईंगंज के रहने वाले रामतेज यादव (19) पुत्र अमर सिंह यादव,उपाधि जरवल, कैसरगंज, बहराइच के रहने वाले नजीब उर्फ बादशाह पुत्र रफीक (40) और शहजादे (33) पुत्र शाजिद के रूप में हुई। नजीब और शहजाते कबाड़ का काम करते थे।

फैजाबाद रोड पर फर्नीचर के गोदाम में लगी आग

लखनऊ। फैजाबाद रोड पर शक्तिनगर स्थित प्लास्टिक वर्ल्ड फर्नीचर गोदाम में शनिवार सुबह आग लग गई। आग देख अफरातफरी मच गई। चार दमकल ने दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। संदीप जायसवाल का फैजाबाद रोड पर लेखराज मार्केट के पास बंधा मोड़ से आगे शक्तिनगर में प्लास्टिक वर्ल्ड नाम से फर्नीचर शोरूम है। भूतल और पहले माले पर शोरूम है। तीसरे माले पर उन्होंने गोदाम बना रखा है। संदीप के मुताबिक रोज की तरह शनिवार सुबह नौ बजे शोरूम खोला था। करीब 10 बजे गोदाम से धुआं निकलता देख भागकर ऊपर गए तो लपट निकलती देख हड़कंप मच गया। कर्मचारियों की मदद से पर पानी डालकर आग बुझाना शुरू कर अग्निशमन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में अकबर नगर ध्वस्तीकरण क्षेत्र में खड़ी एक दमकल ने पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। इसके बाद एफएसओ इन्दिरानगर शुत्रघ्न तीन दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। शोरूम तक पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। एफएसओ ने बताया कि बड़ा हादसा होते- होते टल गया। प्लास्टिक वर्ल्ड के आसपास बड़ी संख्या में शोरूम बने हुए हैं। थोड़ी सी चूक होती तो आग आसपास के शोरूम तक पहुंच जाती। आग से गोदाम में रखी प्लास्टिक की कुर्सियां व ऑफिस फर्नीचर काफी मात्रा में जलकर बर्बाद हो गया।

एरा मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में हुआ निकाह

डॉक्टर और नर्स बने गवाह, मौलाना ने पूरी कराई रस्म

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के हरदोई रोड स्थित एरा मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में शनिवार को निकाह हुआ जिसमें डॉक्टर और नर्स गवाह बने। 51 वर्षीय सैयद मोहम्मद जुनेद इकबाल को कई गंभीर रोगों की वजह से एरा मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती किया गया था। इसी दौरान मरीज़ इकबाल ने ओटी इंचार्ज डॉक्टर मुसतहसिन से अपनी दो बेटियों का निकाह करवाने की इच्छा जाहिर किया। यह कहते हुए कि यह उनकी आखिरी ख्वाहिश है कि उनकी आंखों के सामने उनकी बेटियों का निकाह हो जाए।

इतना कहते हुए वह बेहद भावुक हो गए। इसके बाद ओटी इंचार्ज मुसतहसिन ने इस संबंध में एरा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर एम. एम. ए. फरीदी से चर्चा की। चर्चा के बाद अस्पताल प्रशासन ने मरीज़ की इच्छा का सम्मान करते हुए शादी करने की इजाजत दे दी। शादी के दौरान ICU के अंदर मरीज की दोनों बेटियां और उनके होने वाले दामाद और मौलाना कारी ज़रीफ़ को अंदर आने की अनुमति मिली और चंद लम्हों के बाद ममरीज़ इकबाल के सामने ही उनकी दोनों बेटियों का निकाह संपन्न हो गया। इसके बाद मरीज की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। निकाह के संबंध में मौलाना ज़रीफ़ ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में सैकड़ो निकाह पढ़ाया है मगर पहली बार ऐसा हुआ है कि ICU के अंदर निकाह पढ़ा रहे है मौलाना ने कहा कि शादी सामाजिक और धार्मिक एतबार से बेहद जरूरी है और एरा मेडिकल कॉलेज ने आईसीयू के अंदर मरीज के ख्वाहिश का ध्यान रखते हुए इजाजत देकर एक बहुत नेक काम किया है।

निशातगंज के होटल में मिला पूर्व सैनिक का शव

लखनऊ। निशातगंज स्थित अमित अतुल होटल के कमरे में गुरुवार को सेवानिवृत्त हवलदार निरोद कृष्ण मित्र (67) का शव मिला। महानगर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकाला। बीमारी के चलते मौत होने की आशंका जताई जा रही है। कोलकाता निवासी सेना से रिटायर हवलदार निरोद कृष्ण मित्र जरूरी काम से लखनऊ आए थे। गुरुवार वह निशातगंज स्थित होटल अमित अतुल में ठहरे थे। गुरुवार रात को कमरे से बाहर न निकलने पर कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाया पर जवाब नहीं आया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर भीतर गए तो निरोद कृष्ण बेड पर मृत हालत में पड़े मिले। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे भाई आरके मित्र ने आरोप नहीं लगाया है। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र ने बताया कि ब्लड प्रेशर की समस्या थी। शुरुआती जांच में बीमारी के चलते मौत की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

लखनऊ के 86 केंद्रों पर आज होगी UPSC परीक्षा

लखनऊ। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सर्विस प्रिलिमिनरी एग्जाम रविवार को लखनऊ में 86 केंद्रों पर होगी। इसमें 40 हजार 30 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की निगरानी करने के लिए 5 IAS को पर्यवेक्षक बनाया गया है। 87 मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा हर केंद्र पर एक पर्यवेक्षक की भी तैनाती की गई है। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों और नोडल अधिकारियों के साथ इस बाबत बैठक की थी। इसमें डा. रोशन जैकब मंडलायुक्त, सौरभ बाबू आयुक्त खाद्य एवं रसद, किंजल सिंह महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा, अनुराग यादव सचिव नियोजन विभाग और डा. पिंकी जोवेल मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन वीडियो कॉफ्रेंसिंग से जुड़े थे। इस दौरान सभी केंद्रों पर आयोग द्वारा जारी किए गए नियमों के अनुसार ही परीक्षा कराए जाने की बात कही गई। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक जारी गाइडलाइंस के अनुसार ही परीक्षा कराएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं रहे। UPSC की ये परीक्षा 2 शिफ्ट में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से दोपहर 11:30 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी।

हाथ की नस काटकर थाने पहुंचा सिरफिरा

लड़की से कर रहा था छेड़छाड़, मां बोली- एक दूसरे को बहुत चाहते हैं दोनों

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में एक युवक हाथ की नस काट कर थाने पहुंच गया। पुलिस ने घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया है। यहां उसका इलाज जारी है। घायल युवक का नाम शिवा रावत है। बताया जा रहा है कि उसने एक युवती को रास्ते में रोका था। उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। युवती ने विरोध किया तो उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। युवती की भी हालत गंभीर है, उसका इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही युवक की मां अस्पताल पहुंची। उसने बताया कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। आज किस बात को लेकर दोनों के बीच लड़ाई हुई, यह जानकारी नहीं है। दोनों पहले साथ में पढ़ाई करते थे। तभी से एक-दूसरे को चाहने लगे थे। अब दोनों ने पढ़ाई छोड़ दी है।

बीच रास्ते में रोककर की मारपीट

इधर, युवती को भी लोकबंधु अस्पताल में भर्ती किया गया है। युवती ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि आरोपी मेरा पड़ोसी है। मैं घर में साफ-सफाई का काम करती हूं। दोपहर 12 बजे के आसपास मैं तीन घरों का काम निपटाकर चौथे घर पर काम करने जा रही थी, तभी बीच रास्ते में शिवा मिल गया। वह नशे में धुत था।

फोन पर दी थी जान से मारने की धमकी : युवती ने आवेदन में बताया कि वह मोटर साइकिल रोककर सरेआम मेरा कपड़ा खींचने लगा। विरोध करने पर उसने उठाकर पटक दिया। इस दौरान उसने चाकू मारने की भी कोशिश की। वह मोबाइल छीन कर भाग गया। इससे पहले फोन कर हमें और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी भी दिया था।

लड़की के पिता की दुकान पर की तोड़फोड़ : प्रियम प्लाजा के पास लकड़ी के पिता की दुकान है। घटना के बाद लड़की के घर वाले जैसे ही थाने पहुंचे, वैसे ही आरोपी दुकान पर पहुंच गया। यहां वह गाली गलौज शुरू कर दिया। दुकान में तोड़फोड़ भी करने लगा। आरोपी शिवा रावत का इलाज होने के बाद लोकबंधु अस्पताल से साढ़े 4 बजे वापस पुलिस आशियाना थाने लेकर पहुंची है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि लड़की पक्ष के लोग उन्नाव जनपद के विषपरी थाना इलाके के अजगैन के रहने वाले हैं। सालेहनगर में करीब तीन वर्षों से परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। वह बैंड बाजा और साफ-सफाई का भी काम करते हैं।

सीएम योगी के नवाचार और शोध पर जोर का दिखने लगा असर, सीबीएमआर शोधकर्ता के अध्ययन में राहत भरे नतीजे मिले

अब एडवांस एमआरआई से ही स्लीप एपनिया का चलेगा पता

● एसजीपीजीआई के प्रोफेसर के सहयोग से किया गया शोध

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार नवाचार और शोध पर जोर दे रहे हैं ताकि आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर प्रदेशवासियों को इसका लाभ दिया जा सके। इसी क्रम में सीबीएमआर शोधकर्ता और एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने एमआरआई तकनीक के जरिये स्लीप एपनिया (नींद के दौरान होने वाली समस्याएं) के एडवांस स्टेज का पता लगाने के लिए एक शोध किया, जो सफल रहा। इससे शोध से अब एडवांस एमआरआई से स्लीप एपनिया के एडवांस स्टेज का पता लगाया जा सकेगा। इसके जरिये मरीज का सही दिशा और सटीक इलाज हो सकेगा।

शोध में सिर की सूक्ष्म संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया

सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) के शोधकर्ता डॉ. अहमद रजा खान ने एसजीपीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर जिया हाशिम और रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रोफेसर जफर नियाज के सहयोग से किए गए अध्ययन में एमआरआई तकनीक के जरिए ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) के मस्तिष्क की सूक्ष्म संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया है। इस तकनीक से कुछ माइक्रोन से लेकर 20-30 माइक्रोन तक के ऊतक परिवर्तनों की जांच की जा सकती है, जो पारंपरिक एमआरआई माप से 100 से 1000 गुना अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। डॉ. अहमद ने बताया कि डिफ्यूजन एमआरआई ऊतकों में पानी के अणुओं के प्रसार को मापता है जिससे ऊतक सूक्ष्म संरचना के बारे में जानकारी मिलती है। डिफ्यूजन एमआरआई में प्रगति, जैसे कि डिफ्यूजन कर्टोसिस इमेजिंग (डीकेआई), जटिल ऊतक वातावरण में गैर-गौसियन जल प्रसार व्यवहार की जांच करती है। बायोफिजिकल मॉडलिंग का उपयोग करते हुए, डीकेआई पैरामीटर एक्सोनल जल अंश जैसे श्वेत-पैरामीटर प्रदान कर सकते हैं। एक्सोन न्यूरॉन्स के ट्रंक हैं। इसलिए, ऐसी जानकारी (एक्सोनल जल अंश), मस्तिष्क में सेलुलर स्तर की न्यूरोनल संरचना को दर्शाती है।



चिकित्सीय रणनीति के विकास में होगा बड़ा योगदान

एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने बताया कि एमआरआई से ऐसी सेलुलर जानकारी (एक्सोनल जल अंश) की जांच करके, शोधकर्ता न्यूरोनल संरचना की अखंडता और रोग प्रबंधन के विभिन्न समय पर ओएसए से जुड़े संभावित परिवर्तनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन के निष्कर्ष ओएसए वाले व्यक्तियों में देखी गई संज्ञानात्मक हानि और अन्य न्यूरोलॉजिकल परिणामों के अंतर्निहित न्यूरोबायोलॉजिकल तंत्र पर प्रकाश डालते हैं। इन तंत्रों को समझना ओएसए से संबंधित जटिलताओं के प्रबंधन के लिए बेहतर नैदानिक और चिकित्सीय रणनीतियों के विकास में योगदान दे सकता है।

यह स्लीप एपनिया

स्लीप एपनिया एक व्यापक स्थिति है जो सोते समय व्यक्ति की सांस को बाधित करती है। इसके कारण व्यक्ति केवल सांस लेने के लिए जागता है जिससे उसकी नींद बाधित होती है और उसे आराम महसूस नहीं होता। समय के साथ, स्लीप एपनिया गंभीर या यहां तक कि घातक जटिलताओं को जन्म दे सकता है, इसलिए शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

पावर प्लांट जा रही मालगाड़ी में लगी आग दमकल ने बुझाई

लखनऊ। झारखण्ड के बोकारो से सहारनपुर जा रही कोयले से लदी मालगाड़ी में शनिवार सुबह आग लग गई। कोयले से लदी मालगाड़ी पश्चिम यूपी के पवार प्लांट यानी बिजली घर जा रही थी। आलमनगर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मालगाड़ी के एक रैक से धुंआ निकलने के बाद आग लग गई। आनन-फानन फायर विग्रेड आलमबाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर विग्रेड दो गाड़ियों से आग पर काबू पाई। रेलवे अफसरों ने बताया कि बोकारो से कोयले की सप्लाई होती है, जो पश्चिमी यूपी भेजा जाता है। यहां बिजली पैदा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। शनिवार सुबह करीब पौने दस बजे आलमनगर स्टेशन से कंट्रोल को सूचना दी गई कि बोकारो से सहारनपुर के कालानौर जा रही मालगाड़ी में आग लग गई। मालगाड़ी में कोयला लदा था। रेलवे स्टेशन प्रशासन की ओर से तत्काल आलमबाग फायर स्टेशन को सूचन दी गई। इस बीच मालगाड़ी आलमनगर के लाइन नंवर आठ पर लगाई गई। ट

एक नजर

एलयू कर्मचारी बना रहे योग संकल्प अभियान को सफल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने शनिवार को विश्वविद्यालय के सभी संकायों, विभागों और संस्थानों में जाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए अपील की। कर्मचारियों और उनके परिवारीजनों से अनुरोध किया कि बढ़चढ़ कर योग दिवस के मौके पर एलयू में कार्यक्रम में हिस्सा लें। कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में गवर्नर आनंदीबेन पटेल की ओर से जारी संकल्प अभियान के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यह पहल मील का पत्थर साबित होगी। कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने कहा कि वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की अगुवाई में चल रहे इस सकारात्मक अभियान को सफल बनाने में सभी कर्मचारी अपना पूर्ण योगदान देगा। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने अभियान की शुरूआत एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह से की।

आजाद नगर में तीन दिन से पानी को तरस रहे लोग

लखनऊ। भीषण गर्मी में भी आजाद नगर के कई मोहल्लों में लोग पानी को तरस रहे हैं। आजाद नगर की लाल दुर्गा वेलफेयर सोसाइटी, फौजी कॉलोनी समेत मस्जिद के आसपास के कई इलाकों में तीन दिनों से पानी नहीं आ रहा है। गीतापल्ली वार्ड के इन मोहल्लों में 150 से अधिक मकान हैं। इन कॉलोनियों में रहने वाले राम सागर शर्मा, राजेश गौड़, मंगरू, रामचन्द्र, राहुल तिवारी आदि ने बताया कि दिक्कत काफी समय से है। 25 दिन पहले समस्या शुरू हुई। दिन में एक ही बार पानी आ रहा था। वह भी कम दबाव से। सुबह तो कभी सिर्फ शाम ही पानी सप्लाई हो रही थी। दबाव कम होने से टंकियां भी नहीं भर पा रही थीं। तीन दिनों से सप्लाई पूरी तरह ठप है। ऐसे में लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। गर्मी में कूलर भरना तो दूर लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। सबमर्सेबल पम्प लगाने वाले लोगों से बाकी घरों के लोग पानी मांग रहे हैं। भरी दुपहरी में महिलाएं और बच्चे बाल्टी, डिब्बे लेकर पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। कई बार इसकी शिकायत जलकल विभाग को की गई। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

बलरामपुर में चेहरे की नसों के दर्द का जटिल ऑपरेशन

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने दुर्लभ बीमारी ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया (चेहरे की नसों में दर्द) से मरीज का सफल ऑपरेशन किया है। डॉक्टर का दावा है कि अस्पताल में पहली बार इस तरह का ऑपरेशन किया गया है। आईसीयू में भर्ती मरीज स्वस्थ है। दर्द से राहत मिल गई है। वो सामान्य तरह बातचीत कर रहा है। प्रतापगढ़ निवासी 46 वर्षीय अशोक कुमार को छह वर्ष से दाहिने चेहरे में दर्द था। दर्द की दवाएं खाने के बावजूद कोई राहत नहीं मिली। दर्द की वजह से ब्रश और कुल्ला करने, खाना व पानी पीते समय दाहिने मुंह में दर्द बढ़ जाता था। कई डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन आराम नहीं मिला। करीब एक माह पहले परिजन मरीज को बलरामपुर अस्पताल लेकर आये। न्यूरो सर्जन डॉ. विनोद तिवारी ने मरीज को देखा और एमआरआई जांच की सलाह दी। जांच में दुर्लभ रोग ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया की पुष्टि हुई। दिमाग की पांचवीं नस को उसी की नाड़ी ने दबा रही थी। इससे मरीज के दाहिने चेहरे पर असहनीय दर्द हो रहा था। परिजनों की सहमति पर मरीज का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन में साढ़े तीन घंटे लगे। इस ऑपरेशन का निजी अस्पताल में तीन लाख से ज्यादा खर्च आता, लेकिन यहां पर मुफ्त हुआ है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण और सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने जटिल ऑपरेशन करने वाली टीम को सराहा।

बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील बनें और अच्छा व्यवहार करें

लखनऊ। बुजुर्गों के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने के लिए समवेत प्रयासों की आवश्यकता है। बुजुर्गों का उत्पीड़न न करें। उनकी हर संभव मदद करें। वो चाहे आपके माता पिता, परिवार एवं अन्य कोई बुजुर्ग हो। सभी के प्रति अच्छा व्यवहार करें। सरकार बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील है। बुजुर्गों के बेहतर जीवन के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। यह बातें शनिवार को विश्व वरिष्ठ जन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर गाइड संस्था एवं समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित वेबिनार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहीं। हेल्पेज इंडिया के प्रदेश प्रमुख अनूप पंत ने कहा कि यदि सामाजिक संस्थाएं प्रशासन के साथ मिलकर काम करें तो बुजुर्गों की समस्याओं पर अच्छा काम किया जा सकता है। रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी ने कहा कि बुजुर्गों के एकाकीपन के लिए विदेशों की भांति यहां एडॉप्शन की सुविधा होनी चाहिये। वरिष्ठ नागरिक महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष श्याम पाल सिंह ने शिक्षा रोजगार के लिए न होकर ज्ञान पर आधारित होनी चाहिये। ताकि युवा संवेदनशील बनें। न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ ने युवाओं को खुश रहकर अपने व्यक्तित्व को सकारात्मक ऊर्जा से भरकर सेवा भाव से जीने का संदेश दिया। पूर्व डीजीपी डॉ. विक्रम सिंह ने ने माता-पिता एवं भरण पोषण अधिनियम 2007 एवं बुजुर्गों के लिए चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओ के प्रचार प्रसार पर बल दिया। एके सिंह ने अभिभावकों को बच्चों को संस्कारों के साथ मूल्यवान शिक्षा देने पर जोर दिया। इससे वह स्वतः संवेदनशील बनेंगे और दुर्व्यवहार नहीं करेंगे। इस मौके पर टीपी आर उन्नी, सिंगापुर से मिसेज इंडिया आइकॉन शीतल शर्मा, न्यूजीलैंड से निकोलस, डॉ. इंदु सुभाष आदि ने विचार रखे।

तीन दिन से लापता प्रापर्टी डीलर का शव गोमती में मिला

लखनऊ। तीन दिन से लापता प्रापर्टी डीलर चंदन यादव (35) का शव शनिवार को घैला पुल के पास गोमती में उतराता मिला। गुडंबा थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज थी। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। गुडंबा के सिकंदरपुर निवासी प्रापर्टी डीलर चंदन यादव बुधवार को घर में कहासुनी के बाद बिना किसी से कुछ बताए घर से निकल कर कहीं चले गए। देर रात तक वापस न आने पर परिवार वालों ने उनकी तलाश की पर कुछ पता नहीं चला। गुरुवार को गुडंबा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार सुबह आईआईएम रोड घैला पुल के पास एक युवक का शव उतराता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त गुडंबा के चंदन यादव के रूप में हुई। परिवार में पत्नी अंकिता व दो बच्चे हैं। इंस्पेक्टर गुडंबा नितीश श्रीवास्तव के मुताबिक परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। शुरुआती जांच में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भाभी की बहन को बंधक बनाकर रेप, गिरफ्तार

लखनऊ। भाभी की बहन को फोनकर युवक ने घर बुलाकर दुराचार किया। विरोध पर मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने माल थाने में मुकदमा दर्ज कराया, जिसके आधार पर आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। हरदोई अतरौली निवासी पीड़िता की बड़ी बहन की शादी माल कस्बे में हुई है। नौ जून को युवती के पास बहन के देवर ने फोन किया। उसने बताया कि भाभी की तबीयत ठीक नहीं है। तुम तुरंत घर आ जाओ। फोन आने के बाद युवती माल पहुंची। रास्ते में ही देवर बाइक से मिल गया। वह युवती को बहन की ससुराल ले जाने के बजाए दूसरे मकान में लेकर चला गया। जहां आरोपी ने युवती को बंधक बना कर दुराचार किया। विरोध पर मारपीट कर भगा दिया। हरदोई पहुंचकर युवती ने परिवार को वारदात की जानकारी दी। इसके बाद माल थाने में आरोपी पर केस दर्ज कराया गया। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी राजन को गिरफ्तार किया गया है।

प्रेमिका की हत्या के बाद शव कंधे पर लाद दादी के घर फेंका

लखनऊ। जेहटा गांव में शादी के लिए राजी न होने पर पूनम रावत (28) की हत्या प्रेमी सतीश राजपूत ने गला घोंट कर की थी। फिर कंधे पर शव लाद कर करीब 250 मीटर दूर पूनम की दादी के मकान के सामने फेंककर भाग निकला। शनिवार को पुलिस ने सर्विलांस और फुटेज की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया। वहीं, पूनम के पिता ने पड़ोसी पर रंजिश के चलते बेटी की हत्या करने का आरोप मढ़ा था जो जांच में गलत साबित हुआ।

ज्वेलर्स शॉप से चप्पल में टॉप्स छिपा कर भागी महिला

लखनऊ। राजाजीपुरम कोठारी बंधु चौराहे के पास सर्राफ की दुकान में महिला खरीदारी के लिए पहुंची। कई टॉप्स देखने के बाद और नए डिजाइन दिखाने के लिए कहा। सेल्स गर्ल टॉप्स का दूसरा सेट उठाने लगी। इस बीच महिला ने बाली का जोड़ा चप्पल में छिपा लिया। फिर बिना खरीदारी किए ही दुकान से निकल गई। ग्राहक के जाने के बाद जेवरों का मिलान कराने पर जेवर चोरी होने का पता चला। सीसी फुटेज चेक करने पर महिला की करतूत सामने आई। सर्राफ ने तालकटोरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

पिकअप की टक्कर से सफाई कर्मी की मौत

लखनऊ। बीकेटी में शनिवार को तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे के समय वह ड्यूटी पर जा रहा था। कुछ देर पहले ही उसने पिता को बाइक से उतारा था। महिगवां के दरियापुर निवासी उदयभान गौतम (25) बीकेटी पंचायत में संविदा पर सफाई कर्मचारी थे। शनिवार सुबह उदयभान पिता किशोर गौतम के साथ काम पर निकले थे। पिता को भैंसामऊ में छोड़कर आगे बढ़े ही थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उदयभान गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने गंभीर हालत में उन्हें सौ शैय्या अस्पताल भेजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर भेज दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

त्वरित व समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सख्त निर्देश

डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

विश्ववार्ता ब्यूरो

- जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 482 प्रकरण प्राप्त हुए, 99 प्रकरणों का मौके पर किया गया निस्तारण
- तहसील सदर में डीएम द्वारा किया गया मौके पर 28 प्रकरणों का निस्तारण
- निस्तारण करके शिकायतकर्ताओं को कराया जाए अवगत : जिलाधिकारी

लखनऊ। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

श्री गंगवार ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 प्रकरण प्राप्त हुये

जिसमें से 28 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जाये।

उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसों में तहसील सदर में 54 में से 28 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 52 में से 05 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 119 में से 22 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 154 में से 33 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 103 में से 11 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज जनपद में पुलिस 71, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त 17, राजस्व 260, विकास 30, शिक्षा 02, समाज कल्याण 12, नगर निगम 07 तथा 83 अन्य प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसे प्रकरण जो तहसील दिवसों और जन सुनवाई में बार बार आते हैं, उनका गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और अगर प्रकरण निस्तारण योग्य है तो उसको तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्यालय की कार्यप्रणाली को बदलें और ऐसी व्यवस्था बनाए की शिकायतकर्ता को दुबारा उसी शिकायत के लिए कार्यालय आना न पड़े।

उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को रियल टाइम खतौनी के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि खतौनियों में अंश निर्धारण संबंधित अगर कोई आपत्ति है तो उसका निस्तारण 15 दिवस के भीतर सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, उप जिलाधिकारी तहसील सदर अंकित शुक्ला, तहसीलदार सदर, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सैलानियों को भाया यूपी, टाइगर रिजर्व में बढ़ी पर्यटकों की संख्या

विश्ववार्ता ब्यूरो

- लोगों की आमद देखकर 10 दिन और बढ़ाया गया पर्यटन सत्र, अब 25 जून तक खुलेंगे टाइगर रिजर्व
- पिछले सत्र की अपेक्षा इस वर्ष भारतीय और विदेशी पर्यटकों की भी बढ़ी आमद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सैलानियों को खूब भा रहा है। पर्यटन सत्र 2023-24 में उत्तर प्रदेश के टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भारतीयों के साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी उत्तर प्रदेश पहुंचे। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 36 हजार से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश के टाइगर रिजर्व में आनंद लेने पहुंचे। पर्यटकों की आमद देखते हुए पर्यटन सत्र 10 दिन और बढ़ा दिया गया। 15 नवंबर से प्रारंभ हुए पर्यटन सत्र को पहले 15 जून तक चलाने की घोषणा हुई थी, पर अब इसकी समायवधि बढ़ाकर 25 जून तक कर दिया गया है।

2022-23 की अपेक्षा 2023-24 (14 जून) तक उत्तर प्रदेश के टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई। दुधवा टाइगर रिजर्व में 2022-23 में 41815 भारतीय और 137 विदेशी पर्यटक आए थे। 2023-24 में यह संख्या बढ़कर क्रमशः 56770 और 292 हो गई। पीलीभीत में 2022-23 में 23525 और 54 विदेशी पर्यटक पहुंचे थे। 2023-24 में यहां 38183 भारतीय और 164 विदेशी पर्यटकों ने वन्यजीवों व क्षेत्रों का आनंद उठाया। अमानगढ़ में पिछले वर्ष 3066 भारतीय और दो विदेशियों की अपेक्षा इस वर्ष 4084 भारतीय और छह विदेशी पर्यटकों की संख्या दर्शाई गई। रानीपुर टाइगर रिजर्व में 2022-23 में 4180 भारतीय पर्यटक पहुंचे थे। 2023-24 में यहां आने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 9170 रही। योगी सरकार ने यूपी को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में स्थापित किया है। योगी सरकार के कुशल मार्गदर्शन में यह देश के सर्वश्रेष्ठ वन क्षेत्रों में शामिल हैं। इस कारण यहां सैलानियों का आकर्षण बढ़ा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022-23 की अपेक्षा 2023-24 में अब तक लगभग 36 हजार पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। दुधवा टाइगर रिजर्व में इस वर्ष 15110 पर्यटक बढ़े हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 14,768 पर्यटकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में 1022 और रानीपुर टाइगर रिजर्व में 4990 पर्यटक बढ़े हैं। मौसम को देखते हुए वन विभाग की ओर से इस वर्ष टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र 10 दिन और बढ़ा दिया गया। 15 नवंबर 2023 से पर्यटन सत्र प्रारंभ हुआ था। पहले यह सत्र 15 जून तक ही चलना था पर अब 25 जून तक इसे बढ़ा दिया गया है। इससे पर्यटन उद्योग से जुड़े समस्त लोगों को रोजगार के और अधिक अवसर प्राप्त होंगे। प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व पीलीभीत, अमानगढ़, दुधवा व रानीपुर टाइगर रिजर्व अब 25 जून तक खुलेगा। उत्तर प्रदेश वन निगम स्तर से प्रदेश के विभिन्न टाइगर रिजर्व दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व, पीलीभीत में पर्यटकों के स्थगन लग्जरी टाटा जीनॉन सफारी बोट सफारी इत्यादि सुविधाएं कई वर्षों से लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिगत प्रकृति से रुबरु होने तथा जंगल भ्रमण का आनंद लेने हेतु उत्तर प्रदेश वन निगम, ईकोटूरिज्म की वेबसाइट (www.upeco-tourism.in) के माध्यम से भी आनलाइन बुकिंग सुविधा उपलब्ध है।

हनुमान जी की पूजा व आरती के बाद किया गया भंडारा

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आज ज्येष्ठ मास के शनिवार को भंडारों का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गोमती नगर के पत्रकार पुरम चौराहे पर आरोही प्लाजा मैदान में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामसागर यादव ने आज भंडारा का आयोजन किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी ने हनुमान जी की पूजा आरती के बाद पूड़ी सब्जी तथा बूंदी का प्रसाद वितरण किया।

इस आयोजन में आर.पी. दुबे अध्यक्ष व्यापार मण्डल, अमित यादव, राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, राघवेन्द्र यादव, सहित विजय यादव, कुलदीप, सुनील वर्मा, सर्वेश यादव, संतोष, पीके शर्मा, गिरीश भार्गव, अखिलेश, सर्वेश पाण्डेय, मनीष गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, सत्येन्द्र शुक्ला, प्रेम सागर यादव, कमल किशोर, वीके यादव, राजेश सोनू आदि ने भी सक्रिय सहयोग किया। समाजवादी पार्टी की नेता शर्मिला महाराज की ओर से आज आर्य कन्या पाठशाला, न्यू हैदराबाद के समक्ष भंडारा आयोजित किया गया। विधानसभा में पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी, विधायक रविदास मेहरोत्रा, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह, समाजवादी पार्टी के नेता श्री रामसिंह राणा आदि प्रमुख नेताओं ने प्रसाद वितरण में योगदान किया। आयोजन में मधुकर त्रिवेदी, राजकुमार मोरिया, कैलाश यादव, रमेश भैया, सियाराम, मनोज यादव, सवेज, विक्की महाजन, कान्हा आदि भी सक्रिय रहे। भंडारे में छोला चावल, बिरयानी, पकौड़ी, चाय, आईसक्रीम आदि का वितरण किया किया।

लखनऊ से कानपुर ट्रेन किराया 20 रुपये होने के आसार

लखनऊ। ट्रेन से सफर करने वाले दैनिक यात्रियों के लिए राहत की खबर है। एक जुलाई से स्पेशल ट्रेन के नंबर बदलकर पैसेंजर ट्रेन के रूप में चलाया जाएगा। इससे 50 फीसदी तक ट्रेन का किराया कम करने की तैयारी है। ऐसे में लखनऊ के कानपुर के बीच लिए जा रहे 45 रुपये किराये के बजाए 20 रुपये किराया हो सकता। इस संबंध में जल्द ही रेलवे बोर्ड से अधिसूचना जारी होने के बाद नया किराया एक जुलाई से लागू होगा। कोविड के पहले पैसेंजर, मेमू आदि ट्रेनों को नियमित नंबरों से चलाया जाता था। कोविड के दौरान इन ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया।

इसके बाद जब दोबारा ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया तो पैसेंजर आदि ट्रेनों के नंबर बदलकर स्पेशल बनाकर चलाया जाने लगा। इससे किराया महंगा हो गया। न्यूनतम किराया दस रुपये से बढ़कर तीस रुपये कर दिया गया था। अब रेलवे प्रशासन दोबारा 24 ट्रेनों को नियमित नंबरों से पहली जुलाई से चलाएगा। पैसेंजर ट्रेन को स्पेशल, मेल और एक्सप्रेस बनाकर संचालित किया जा रहा था। जहां हर टिकट पर यात्रियों से 15 रुपये अतिरिक्त चार्ज ले रहे है। मसलन, लखनऊ से कानपुर का किराया 30 रुपये हुआ, जिसे बुक कराने पर यह 45 रुपये हो जाता था। ऐसे में उत्तर रेलवे की ओर से एक जुलाई से बदले नंबर से ट्रेनों के संचालन होने पर जल्द ही नया सस्ता किराया भी जारी किया जाएगा।

सुनील यादव फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष व अशोक महामंत्री निर्वाचित

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन में हुए चुनाव में आज अध्यक्ष पद पर सुनील यादव, महामंत्री पद पर अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जेपी नायक, उपाध्यक्ष पद पर राजेश सिंह, विद्याधर पाठक, शिवकरन यादव, संगठन मंत्री पद पर आरपी सिंह विसेन, संयुक्त मंत्री पद पर विवेक पाल, कोषाध्यक्ष पद पर सत्य प्रकाश संप्रेक्षक पद पर सचिन मित्तल निर्विरोध निर्वाचित हुए। सर्वसम्मति से केके सचान, शिव प्रसाद, किरन सिंह को संरक्षक चुना गया। निर्वाचन चुनाव अधिकारी अमरपाल सिंह, आरके मिश्रा, जेपी गौड़ द्वारा संपन्न किया गया।

श्री सचान को सेवानिवृत्त विंग का अध्यक्ष, ओपी सिंह को महामंत्री, नवी मोहम्मद को उपाध्यक्ष आदेश कृष्ण को यूथ फेडरेशन का अध्यक्ष, उपेंद्र को संरक्षक, देवेंद्र सिंह को महासचिव, वैज्ञानिक समिति के केंद्रीय शाखा का चेयरमैन प्रो. हरलोकेश नारायन एम्स नई दिल्ली, प्रदेश शाखा के चेयरमैन पद पर प्रो. डॉ. संजय यादव को नामित किया गया। वैज्ञानिक समिति का अन्य राज्यों में विस्तार किया गया। अधिवेशन के प्रथम सत्र में वैज्ञानिक सेमिनार संपन्न हुआ जिसमें डॉ. अजय शुक्ला प्रोफेसर अवध यूनिवर्सिटी ने बढ़ते तापमान में दवाओं की सुरक्षा प्रबंधन, प्रो. संजय यादव, प्रोफेसर शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी ने फार्मेसी का भविष्य और स्टोर मैनेजमेंट, डॉ. चंदन प्रधानाचार्य ने औषधियों की संरचना विषय पर व्याख्यान दिया। अधिवेशन में डॉ. अजय शुक्ला के रिसर्च और विभिन्न जर्नल में छपे हुए आर्टिकल को देखते हुए उन्हें युवा वैज्ञानिक अन्वेषक की उपाधि प्रदान की गयी। जनपद शाखा बाराबंकी को सबसे उत्कृष्ट शाखा की उपाधि दी गई। दूसरे चरण में हुए सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सिविल सर्विसेज के लिए बी फॉर्म को अहर्कारी माना जाए, फार्मेसिस्ट की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता भारत सरकार की भांति करते हुए डिप्लोमा के साथ बैचलर को भी जोड़ा जाए। पदनाम परिवर्तन कर फार्मेसी अधिकारी किया जाए। निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि सभी विधाओं के फार्मेसिस्टों में एकता स्थापित करने, संघों को मजबूत करने के लिए फेडरेशन कार्य करेगा। फार्मेसिस्टों का ज्ञान बढ़ाने के लिए नियमित वैज्ञानिक सेमिनार होंगे।

सभी पदाधिकारियों को हरद्वारी लाल राज द्वारा पद और संविधान की शपथ दिलाई गई। अधिवेशन के आयोजक जनपद शाखा अयोध्या के अध्यक्ष एसपी चौधरी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन में प्रदेश के लगभग हजारों फार्मेसिस्ट ने भागीदारी की।

अकबरनगर में बुलडोजरों ने ढहाए 256 अवैध कब्जे

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। अकबरनगर में शनिवार को 256 अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। इस बीच रह रह कर बुलडोजर की गरज सुनाई दे रही थी। कभी किसी मकान या दुकान का बड़ा हिस्सा जमींदोज होता तो धरती हिल जाती। निर्माण ध्वस्त होने के बाद कुकरैल नदी का किनारा दशकों बाद नजर आया।

सुबह से एलडीए की कार्रवाई शुरू हो गई। बुलडोजर-पोकलैंड मशीनों के ऑपरेटर अपने मिशन में जुट गए। शनिवार को काफी तेजी से काम हुआ। इसकी एक बड़ी वजह रही कि लगभग सभी अवैध मकान-दुकान खाली हो चुके हैं। कुछ लोग जिन्हें आवास आवंटन हुआ है, वे सड़क किनारे बैठकर लोडर का इंतजार कर रहे थे। कुछ लोग एलडीए शिविर के बाहर आवेदन पत्र भर रहे थे। कार्रवाई के दौरान सुबह से शाम तक कोई विरोध नहीं हुआ। एहतियातन बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जगह-जगह बैरीकेड लगाकर फोर्स तैनात की गई थी, सिर्फ सरकारी वाहनों और आवंटित आवासों वाले लोगों को सामान ले जाने के लिए लोडर इस सड़क पर जाने दिए गए। एलडीए के अनुसार अकबरनगर प्रथम में शनिवार शाम तक 256 अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। अकबरनगर द्वितीय में अब तक 870 अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। एलडीए ने यहां 15 बड़ी पोकलैंड मशीन, 12 जेसीबी लगाई हैं। 15 पानी टैंकर भी रखे गए हैं।

अकबरनगर में अवैध रह रहे 65 और लोगों को शनिवार प्रधानमंत्री आवास का कब्जा दिया गया। अब तक 1036 आवंटियों को आवास का कब्जा मिल चुका है। एलडीए के अनुसार 1800 लोगों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए गए हैं। इन सभी लोगों को आवास आवंटन पत्र दिया जा चुका है। नए आवास में ले जाने के लिए 40 लोडर वाहन अकबरनगर प्रथम-द्वितीय में तैनात किए गए हैं। चहुंओर उठता धूल और कंक्रीट के मलबे का गुबार। तीखी धूप में बुजुर्ग महिला पूरी ताकत से कुछ कह रही थी, लेकिन आवाज एलडीए अफसरों तक नहीं पहुंच पा रही थी। यह देखकर पुलिस के एक सिपाही ने एलडीए सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को वृद्धा की ओर देखने का इशारा किया। वृद्धा ने बताया कि कार्रवाई की जद में आए एक मंदिर की वह पुजारिन चन्द्रावती मिश्रा है। उसके पास फूटी कौड़ी भी नहीं। पीएम आवास आवंटन आवेदन की लाइन में बार-बार पीछे धकिया दी जा रही हैं। एक कर्मचारी से किसी तरह बात हुई तो उसने बताया कि पैसा जमा करना होगा। इस भीषण गर्मी में सिर की छत छिन गई, अब कहां जाएं। इस पर ज्ञानेन्द्र वर्मा ने अधीनस्थ अधिकारी को उनको डूडा का आवास दिलाने का निर्देश दिया। कार्रवाई के बीच सड़क किनारे दो फोल्डिंग चारपाई डालकर महिलाएं और बच्चे बैठे मिले। अपील अहमद, मो. इकबाल ने बताया कि वे पांच भाई हैं। कुल 13 लोग परिवार में हैं। तीन पीएम आवास मिले हैं, लेकिन पांच लोग रह गए हैं। अब ऐसे में कहां जाएं यह सूझ नहीं रहा है।

कंटेनर में ऑफिस, फाइलें भी निपटाते रहे अफसर : अकबरनगर की एक गली में गुबार के बीच कुर्सियां लगाकर एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी, एसडीएम बीकेटी सतीश त्रिपाठी बैठकर दिशा निर्देश दे रहे थे। कुछ देर पहले ही यहां से उठकर गए नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह बड़े शिपिंग कंटेनर के भीतर चले गए। यहां इन अधिकारियों का अस्थायी कार्यालय बना है, जहां कम्प्यूटर से लेकर अन्य जरूरी उपकरण मौजूद हैं।

योजना विभाग ने शुरू की तैयारियां, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सलटेंट के निर्धारण के जरिए निर्माण की गुणवत्ता व प्रगति को किया जाएगा सुनिश्चित

अवध शिल्प ग्राम में यूनिटी मॉल की निर्माण प्रक्रिया को गति देगी सरकार

विश्ववार्ता ब्यूरो

- सीएम योगी की मंशा अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना पर हो रहा काम
- इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन मोड पर हो रहा है निर्माण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर उसे उत्तम प्रदेश बनाने के सपने को हकीकत की शक्ल दे रही योगी सरकार प्रदेश के समेकित विकास के लिए लगातार कार्यरत है। एक ओर, प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए महत्वकांक्षी लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश ने सीएम योगी के मार्गदर्शन में कदम बढ़ा दिए हैं, वहीं प्रदेश में उत्तम नागरिक सुविधाएं व वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में भी विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य हो रहा है।

इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश में तीन यूनिटी मॉल के निर्माण का कार्य भी जारी है जिनमें लखनऊ, आगरा व वाराणसी मुख्य हैं। लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल का निर्माण कार्य निरंतर जारी है तथा इस प्रक्रिया में और तेजी लाते हुए योगी सरकार ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सलटेंट (पीएमसी) एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को शुरू करते हुए निविदा जारी कर दी हैं जिससे कार्यावंटन का मार्ग सुनिश्चित होगा।

पीएमसी निर्धारण से निर्माण प्रक्रिया में आएगी तेजी : योजना विभाग द्वारा अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल की निर्माण प्रक्रियाओं की निगरानी के लिए जिस पीएमसी को नियुक्त किया जाएगा वह कई मायने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। पीएमसी द्वारा रेगुलर मॉनिटरिंग और समय-समय पर दी जाने वाली रिपोर्ट्स न केवल इस प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता निर्धारण में निर्णायक सिद्ध होगी बल्कि इसके जरिए सभी निर्माण कार्यों को ट्रैक करने व उसी आधार पर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा। रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से निविदा प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है और जुलाई के पहले हफ्ते में कार्यावंटन हो जाएगा। कार्यावंटन के बाद 75 दिनों में कन्सलटेंसी को आर्किटेक्चरल डिजाइन प्रस्तुत करना होगा जिस पर स्वीकृति के बाद 18 महीने में सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान 36 महीने का डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) भी लागू रहेगा।

कई प्रकार के निर्माण कार्यों का मार्ग होगा सुनिश्चित : यूनिटी मॉल के निर्माण व विकास के लिए परियोजना के अंतर्गत कई संरचनात्मक कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अंतर्गत रचनात्मक इनडोर स्पेसेस के निर्माण, उचित स्थान नियोजन के साथ ही यहां की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाएगा। कम रखरखाव के साथ ही उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विद्युत, यांत्रिक और अन्य सेवाओं के एकीकृत डिजाइन पर काम होगा। पर्यावरण के मानकों के पालन के साथ ही हरित भवन, उत्तम वेंटिलेशन, जलवायु अनुकूल वास्तुकला, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के साथ जल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी तमाम प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जाएगा।

200 नॉन एसी, 34 एसी शॉप्स का होगा निर्माण

यूनिटी मॉल के विकास की जो कार्ययोजना क्रियान्वित की जा रही है, उसके अनुसार परिसर में 200 नॉन एसी तथा 34 एसी शॉप्स का निर्माण किया जाएगा। इन दुकानों को 30 वर्ष की लीज पर अलॉट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यूनिटी मॉल में एग्जिबिशन हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, फूड कोर्ट, वातानुकूलित एट्रियम, फायर एग्जिट समेत तमाम निर्माण कार्यों को पूर्ण जाएगा। 60 करोड़ रुपए से ज्यादा व्यय के जरिए इस पूरी परियोजना पूर्ण किया जाएगा।

एक नजर

समाजवादी छात्र सभा ने मेडिकल छात्रों के साथ दिया धरना

लखनऊ। समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में मेडिकल कॉलेज के गेट पर मेडिकल छात्रों के साथ धरना दिया। धरने में नीट की परीक्षा पूरी रद्द कर दोबारा नीट की परीक्षा कराने की मांग की गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार छात्रों की परेशानियों के लिए हमेशा सजग रहे हैं और छात्रों, नौजवानों की आवाज उठाते रहे हैं। सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान ने बताया कि अभी इस परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। दिल्ली सहित पूरे देश के हर मेडिकल कॉलेज में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, राज्यपालों के द्वारा ज्ञापन HRD मिनिस्ट्री और दिल्ली में शिक्षा मंत्री को देकर परीक्षा की दोबारा जांच कराने की मांग की जाएगी। डॉ. इमरान ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित परीक्षा नीट-मेडिकल में एक साथ 67 छात्रों के टॉप करने और उसमें से आठ छात्रों का एक ही सेंटर से होना संशय दर्शाता है और इस परीक्षा की कई राज्यों से लीक होने की भी सूचना आ रही है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। परीक्षा को NTA संस्था करा रही है जो कि पूरे प्रकरण में जांच के घेरे में है। नीट की परीक्षा के लिए देशभर में पच्चीस लाख बच्चों ने पेपर दिया साथ ही अभिभावकों ने भी नैतिक जिम्मेदारी को निर्वहन किया। भाजपा की सरकार में हर परीक्षा लीक हो रही है जिससे मेडिकल के छात्रों में और उन सभी छात्रों में जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं भारी आक्रोश है। समाजवादी छात्र सभा के धरने में प्रमुख रूप से डॉ. इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा, दिलीप कृष्णा महासचिव, सुनील यादव, जितेंद्र, सुमित यादव अंकित, परमानंद, विष्णेश सिंह डॉक्टर हरिओम यादव, अरुण सिंह, डॉक्टर रितेश चौरसिया, डॉ. अभिषेक कुमार डॉक्टर राम कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

पूर्व विधायक के पुत्र ने शास्त्री नगर शनि मन्दिर पर किया विशाल भंडारे का आयोजन

लखनऊ। राजधानी में शास्त्री नगर चौराहे पर शनिवार को पूर्व विधायक के पुत्र मानस त्रिवेदी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और भक्तो प्रसादी वितरण किया गया जिसमे भक्ति ने मन्दिर पर खूब प्रसाद चखा इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित रामपाल त्रिवेदी पूर्व विधायक प्रथम जिला परिषद अध्यक्ष के सुपुत्र द्वारा विशाल भंडारा स्थान शास्त्री नगर चौराहे पर आयोजित किया गया पूर्व विधान परिषद सदस्य गुड्डू त्रिपाठी एवं पूर्व पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा साकेत शर्मा, पार्षद संदीप शर्मा, पूर्व पार्षद प्रत्याशी एडवोकेट अनुज श्रीवास्तव, सोनू मिश्रा, टिंबर संगठन के अध्यक्ष मनीष त्रिवेदी, मंडल मंत्री भाजपा नेता रवि प्रकाश जायसवाल, नीरज त्रिवेदी, अंशुल त्रिवेदी ,अनन्य पांडे ,नवीन निगम, सौरभ मिश्रा उपस्थित हुए।

केजीएमयू के डॉक्टरों ने किया रक्तदान

लखनऊ। मरीजों की जिंदगी बचाने के साथ ही केजीएमयू के डॉक्टरों ने रक्तदान कर लोगों को संदेश दिया। बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने रक्तदान किया। लोगों से नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के (यूपीएएसआई) संयुक्त सचिव डॉ. अक्षय आनंद ने कहाकि खून का कोई विकल्प नहीं है। लिहाजा लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी मकसद से देश भर में एसोसिएशन की तरफ से राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविर का आह्वान किया है। केजीएमयू सर्जरी विभाग व एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ लखनऊ (एएसएल) की ओर से शताब्दी भवन में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का आयोजन किया। इस मौके पर एंडोक्राइन सर्जन व यूपीएएसआई के अध्यक्ष डॉ. अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. निखिल सिंह, डॉ. आनंद मिश्रा, केजीएमयू जनरल सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एए सोनकर, डॉ. एचएस पाहवा समेत अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे। डॉ. अक्षय ने बताया कि 32 डॉक्टरों ने रक्तदान किया।

गर्भावस्था में योग और ध्यान से कम होता तनाव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन और केजीएमयू की ओर से महिलाओं के लिए योग सत्र का आयोजन हुआ। चिकित्सा विवि के स्त्री एवं प्रसूति विभाग में महिलाओं को योगिक सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वज्रासन, भद्रासन तथा पद्मासन का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा नाड़ी शोधन, भ्रामरी उद्गीत प्राणायामों भी कराया गया। समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार आवश्यक होता है। इससे माता और उसके गर्भ में पल रहे शिशु को पोषण मिलता है। गर्भावस्था में योग और ध्यान के अभ्यास से तनाव विसर्जित होता है। केजीएमयू डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर आरएएस कुशवाहा ने बताया कि योग के अभ्यास से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ में वृद्धि होती है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अंजू अग्रवाल उपस्थित रहीं। संचालन प्रियांजली पांडे, मोनिका सिंह और संजना कुशवाहा ने किया।

लखनऊ से हफ्ते में तीन दिन गुजरेगी मुंबई की ट्रेन

लखनऊ। गर्मी की छुट्टियां मनाकर वापस मुंबई जाने वाले यात्रियों की भीड़ के चलते नियमित ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बढ़ती जा रही है। ऐसे में यात्रियों की भीड़ देखते हुए रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर से मुंबई वाया लखनऊ के बीच दोनों दिशाओं से तीन-तीन फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन 17 जून से चलाने जा रहा है। इस ट्रेन में सीटों की बुकिंग तत्काल प्रभाव से खोल दी गई है। इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के 6, थर्ड एसी 2 और स्लीपर के 8 कोच मिलाकर कुल 18 कोच लगाए जाएंगे। ट्रेन नंबर 05325 गोरखपुर से 17 से 28 जून तक हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रात 09 .15 बजे चलकर दूसरे दिन लखनऊ मध्य रात्रि के बाद 2 .55 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 7 .25 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 19 से 30 जून तक हर बुधवार, शुक्रवार और रविवार को सुबह 10 .25 बजे चलकर दूसरे दिन लखनऊ सुबह 11 .45 बजे पहुंचकर शाम 6 :00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

एलयू के पूर्व कुलपति केके कौल का निधन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल का निधन हो गया। सभी शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने दो मिनट मौन का रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एलयू में पाश्चात्य इतिहास के रिटायर्ड प्रोफेसर और पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल का निधन शुक्रवार देर रात को ब्रेन स्ट्रोक के कारण शुक्रवार को हो गया। वह अपने पीछे पत्नी डॉ. गायत्री कौल और पुत्री डॉ. एकी कौल को छोड़ गए हैं। इसके मद्देनजर शनिवार को मंथन हॉल में कुलपति ने श्रद्धांजलि सभा रखी। जहां कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शोक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि स्व. प्रो. कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 में पाकिस्तान के लाहौर शहर में हुआ था। प्रो. कौल ने अपनी उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से ग्रहण की थी। पीएचडी करने के बाद अक्टूबर 1971 में एक शोध सहायक के रूप में शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की। एलयू में ही प्रवक्ता के रूप में सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बने। वर्ष 1998 में प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए एलयू के कुलपति बने।

नगर निगम ने ट्रक से जब्त की पांच टन पॉलीथीन

लखनऊ। एक तरफ नगर निगम अफसर गली मोहल्लों से लेकर बड़े बाजारों तक चेकिंग कर रहे हैं। दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त कर जुर्माना लगा रहे हैं। दूसरी ओर ट्रकों से टनों पॉलीथीन शहर में दाखिल हो रहा है। शनिवार को नगर निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर में छापा मारकर पांच टन पॉलीथीन जब्त की। नगर निगम अधिकारियों को बाहर से बड़े पैमाने पर पॉलीथीन लाए जाने की सूचना मिली थी। इस पर क्षेत्रीय सफाई-खाद्य निरीक्षक सुमित मिश्रा को मौके पर भेजा गया। राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग संख्या-6 के पीछे एफ 454 ब्लॉक स्थित एक गोदाम में छापा मारा गया। यहां एक बड़ा ट्रक यूपी 83 डीटी 1972 में पॉलीथीन बरामद की गई। नगर निगम टीम ने पॉलीथीन जब्त करने के साथ गोदाम सील कर दिया। गोदाम के मालिक अवनीश उर्फ लल्ला तिवारी, ड्राइवर संजय के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो रही है। नगर निगम ने दो लाख जुर्माना वसूला है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि टीम में निरीक्षक सुमित मिश्रा, राजस्व निरीक्षक देवी शंकर दुबे आदि मौजूद थे।

तय समय सीमा में हो निस्तारण, लाभार्थी हों संतुष्ट : डीएम

» 145 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत, मौके पर सात का निस्तारण

विश्ववार्ता संवाददाता

बाराबंकी। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद शनिवार को जिले में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन विभिन्न तहसीलों में किया गया। तकरीबन दो महीने बाद आयोजित हुये समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा की अध्यक्षता में तहसील फतेहपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि, शासन की मंशानुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण के साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, शासन का सख्त निर्देश है कि, जमीन सम्बन्धित विवादों को तत्काल निस्तारित कराएं। जनता की समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि, समस्त अधिकारी प्रत्येक दिवस प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक कार्यालय में जनता की शिकायतों का निस्तारण करें। दिवस दौरान कुल 145 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। मौके पर सात प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 83 प्रार्थना पत्र, पुलिस के 21, विकास के सात, विद्युत के 18, अन्य विभाग से संबंधित 16 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम फतेहपुर रल्लापल्ली जगत साईं, सीओ फतेहपुर डॉ बीनू सिंह, बीएसए संतोष देव पाण्डेय, डीएसओ राकेश तिवारी,

तहसीलदार फतेहपुर प्राची त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। नगर प्रतिनिधि के अनुसार, तहसील नवाबगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम बिजय कुमार त्रिवेदी ने की। इस दौरान कुल 97 प्रार्थना पत्र आये। जिनमें राजस्व के 65, पुलिस के 17, विकास विभाग के छः, खाद्य एवं रसद के तीन, विद्युत विभाग के दो और शिक्षा, सिंचाई एवं बाढ़ तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत के एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। जिनमें राजस्व के तीन मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार, पारिजात सभागार में एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा की अध्यक्षता एवं तहसीलदार वैशाली अहलावत के संयोजन में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 47 प्रार्थना पत्र आये। 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सुनील द्विवेदी एडवोकेट ने शिकायत किया कि, उनके गांव खोर एतमादपुर के प्राथमिक विद्यालय में मानक विहीन व अधूरा बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया गया है। इंटोरा के सन्तोष कुमार तिवारी ने गांव में सफाईकर्मी नियुक्त कराने, धिराजा ने अन्त्योदय कार्ड नाम से दर्ज करने की शिकायत की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार श्वेताभ सिंह, सीएचसी अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, एसडीओ विद्युत रामगोपाल, पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार यादव थानाध्यक्ष बदोसराय, कुलदीप श्रीवास्तव, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, तहसील रामनगर सभागार में एसडीएम पवन कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग के 62, पुलिस के 12, विकास के नौ, खाद एवं रसद विभाग के छः, विद्युत के चार, लोक निर्माण विभाग के दो व वन विभाग के एक मामले को मिलाकर कुल 96 प्रार्थना पत्र आये। जिसमें राजस्व से संबंधित आठ शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इस मौके पर सीओ आलोक कुमार पाठक, कोतवाल रत्नेश कुमार पांडे, अधिशासी व अभियंता दिलीप कुमार यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व राजस्वकर्मियों सहित मौजूद रहे। बनीकोडर प्रतिनिधि के अनुसार, शनिवार को रामसनेहीघाट तहसील सभागार में एसडीएम रामआसरे वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 23, पुलिस की नौ, विकास विभाग की चार, विद्युत की चार, समाज कल्याण की एक सहित कुल 41 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

एक नजर

बस की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

मसौली, बाराबंकी। शुक्रवार देर रात शहर से मजदूरी कर घर वापस लौट रहे बाइक सवार मजदूर की रोडवेज बस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हुई। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकीपुरवा मजरे लक्षबरबजहा निवासी रवि पुत्र रामसरन रोजमर्रा की तरह शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे शहर में काम करने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहा था। हाइवे स्थित रसौली चौराहा निकट लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मारी। रवि की मौके पर ही मौत हुई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

प्रधान पुत्र ने दी एडीओ को जान से मारने की धमकी

सूरतगंज, बाराबंकी। ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ऋषि पाल सिंह की तहरीर पर ग्राम प्रधान के बेटे के खिलाफ पुलिस ने गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। एडीओ पंचायत ऋषिपाल सिंह के मुताबिक, बीती 11 जून को सूरतगंज ब्लॉक सभागार कक्ष में डीपीआरओ नितेश भोडले की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हो रही थी। बैठक में अधिकारियों के साथ ग्राम प्रधान भी मौजूद थे। इसी बीच, इब्राहिमपुर ग्राम पंचायत के प्रधान उमेश मिश्र के बेटे अतुल मिश्र ने बैठक के बीच एडीओ पंचायत को अपशब्द कहे और मारपीट पर आमादा होकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। एडीओ पंचायत की तहरीर पर अतुल मिश्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया। चर्चा है कि, इससे पहले भी एडीओ पंचायत के ऑफिस में अतुल व पंचायत सचिव से भी विवाद हो चुका है। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि, केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 19 से

बाराबंकी। जिला क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव ने बताया कि, प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आगामी 19 जून से 26 जून तक किया जायेगा। बुधवार 19 जून को सुबह 10 बजे मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी ए. सुदन प्रतियोगिता का शुभारम्भ करेंगे। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 18 मण्डल (आगरा, मेरठ, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, आजमगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, झांसी, गोरखपुर, अलीगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, देवीपाटन (गोण्डा), चित्रकूट (बांदा) की टीमों के साथ 306 बालिका खिलाड़ी के साथ टीम मैनेजर व प्रशिक्षक एवं उप्र फुटबाल संघ के 12 निर्णायकों की सम्भावना रहेगी। स्टेडियम में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

चार जुआरी गिरफ्तार

जैदपुर, बाराबंकी। थाना जैदपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार अभियुक्तों मो. सुफियान पुत्र मो. शरीफ, मो. अकरम पुत्र मो. असलम निवासी गढ़ मोहल्ला चौहट्टा जैदपुर, मो. अबसार पुत्र मो. सलमान, मो. नेहाल पुत्र फारूक निवासीगण छोटी बाजार जैदपुर को गिरफ्तार किया। कब्जे से ताश के 52 पत्ते, मालफड़ व जामा तलाशी के कुल 41 सौ रूपये बरामद कर थाना जैदपुर पर संबंधित धाराओं में जुआ अधिनियम पंजीकृत किया।

चाकू सहित गिरफ्तार

जैदपुर, बाराबंकी। थाना जैदपुर पुलिस ने शनिवार को अभियुक्त मो. जफर पुत्र मो. यूनुस निवासी ग्राम अहमदपुर थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया। कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद किया। थाना जैदपुर पर संबंधित धाराओं में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

बस में आम की बोरी लादने को लेकर हुआ विवाद

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। कोतवाली गोला में बस परिचालक ने बस में आम की बोरी रखने को लेकर हो हुए विवाद में अज्ञात दो लोगों द्वारा टिकट काटने के बैग को छीन कर भाग जाने आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जारी इस नोट में बताया गया है कि आज दिनांक 15.06.2024 को लवनिर्मल सिंह पुत्र लवकुश प्रसाद नि0 ग्राम अशोगापुर पोस्ट नकहा लखीमपुर खीरी द्वारा दी गई तस्वीर में कहा है कि बस मे आम की बोरिया रखने के विवाद को लेकर अज्ञात दो व्यक्तियो द्वारा बस नं0 UP 31 BT 1383 के वादी /परिचालक का बैग (जिसमे एक टिकट मशीन व 5400/- रूपये थे) को छीन कर भाग गये है। इस संबंध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध धारा 392 भादवि मे पंजीकृत कर जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री योगेश कुमार चौकी प्रभारी नानक को दी गयी । शीघ्र ही विवेचना का गुण व दोष के आधार पर विधिक निस्तारण किया जायेगा।

मिट्टी पटाई में लाखों का वारा न्यारा

» भ्रष्टाचारियों की पौबारह, टरकाने मे निकले अव्वल

विश्ववार्ता संवाददाता

बाराबंकी। मिट्टी का खेल भी बड़ा निराला है। माटी का पुतला यह शरीर माटी में भी घालमेल कर जाता है। नोटों की खुशबू के आगे मिट्टी की सोंधी सी महक भी फीकी पड़ जाती है। दरअसल, ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार मिट्टी पटाई को भी अपने घेरे में ले चुका है। ब्लॉक बनीकोडर की ग्राम पंचायत छंदवल और अहमदपुर में ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। दरअसल, छंदवल के प्राथमिक विद्यालय निबहा में चुनाव से पहले लगभग 1 लाख एक हज़ार 975 रूपए की मिट्टी पटाई का कार्य हुआ। लेकिन, अगर पटाई के बाद समतलीकरण की बात करें तो अभी तक नहीं हुआ। कटैया उच्च प्राथमिक विद्यालय में 49 हज़ार 809 रुपए की लागत से मिट्टी पटाई का कार्य करवाया गया। दोनों विद्यालयों में हुई मिट्टी पटाई का भुगतान भी बीती 15 अप्रैल 2024 को हो चुका है। ग्राम पंचायत अहमदपुर

के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 2 लाख 85 हज़ार 589 रूपए की मिट्टी पटाई कार्य करवाया गया। जिसका भुगतान आठ अप्रैल 2024 को हो चुका है। लेकिन, खेल इसमें कैसे और कहां हुआ, इस पर भी थोड़ी नज़र डाल लेते हैं। दरअसल, मिट्टी कुल कितने घन मीटर पटी और किस लागत में मिट्टी की खरीद हुई, यह जानकारी अभी तक स्पष्ट रूप से नहीं दी गई है। इस मिट्टी पटाई के सम्बन्ध में जब पंचायत सचिव मनोज दीक्षित से फोन पर वार्ता की गई तो उन्होनें कहा कि, अभी तो बता पाना सम्भव नहीं है। सोमवार को छुट्टी है। मंगलवार को जानकारी दे सकते हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहमदपुर की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका उमा वर्मा ने बताया कि, जितनी आवश्यकता थी, उतनी मिट्टी पटाई का कार्य हुआ है। बाकी आप प्रधान जी से पूछिये। प्रधान अहमदपुर कलीमुद्दीन से जब मिट्टी पटाई के बारे में पूछा गया तो उन्होने बताया कि, मेरी सर्जरी हुई थी। तीन-चार महीने से मैं कहीं जा नहीं पा रहा था। यह सब सेक्रेटरी साहब बता पायेंगे। उन्हीं से जानकारी कर लीजिये। ऐसे में, किसी भी जिम्मेदार द्वारा लाखों की लागत से कराई गई मिट्टी पटाई कार्य की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

कस्बा मैलानी में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

गोला गोकर्णनाथ (मैलानी) खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के कस्बा मैलानी स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में मैलानी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी एवं भाजपा नेत्री गुरमीत कौर मौजूद रहीं।। उद्घाटन मैच डीपी वॉरियर्स दामोदरपुर एवं जोगराजपुर इलेवन के बीच खेला गया ।

जोगराजपुर इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 166 रन बनाये वहीं डीपी वारियर्स केवल 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।जोगराजपुर इलेवन 63 रनों से विजयी घोषित की गई। इस दौरान कमेटी के सदस्य अर्पित खन्ना सहित अमित अरोड़ा, अभिषेक मिश्रा, अमित शर्मा मौजूद रहे।

रामयज्ञ में पहुंचे सांसद, की राधाकृष्ण आरती

विश्ववार्ता संवाददाता

निन्दूरा, बाराबंकी। नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया शुक्रवार की रात पूर्व एमएलसी राजेश यादव के साथ ग्राम पंचायत बिसई स्थित नहवाई कुटी पर आयोजित नौ दिवसीय श्री रामयज्ञ पहुंचे। उन्होंने बाबा प्रसाद दास की समाधि पर माथा टेका और भगवान राधाकृष्ण की आरती उतारी। क्षेत्र में एक अन्य भंडारा में पहुंचने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। शुक्रवार को ग्राम पंचायत जमुवा में चल रही सात दिवसीय भागवत के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विजयी होने के बाद पहली बार अपने बीच अपने सांसद को पाकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे। गाड़ी से उतरते ही राजनीतिक नारेबाजी हुई। सांसद तनुज ने इस ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं का धन्यवाद सहित जनता का आभार व्यक्त किया। कहा कि, आप लोगों के बीच हमारी उपस्थित एक नेता नहीं बेटा, भाई, मित्र के रूप में सदैव रहेगी। हम आपकी आवाज बनकर संसद में हर समस्या के समाधान हेतु उठाने का काम करेंगे।

बकरा खरीदने गये युवक को घोंपी कैंची, दो घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

बाराबंकी। थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम पलहरी स्थित बकरी बाजार में कुर्बानी के लिए बकरा खरीदने पहुंचे दो लोगों के बींच गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने कैंची से हमला कर दो भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी मुताबिक, लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम पलहरी में प्रत्येक शनिवार को लगने वाली बकरा बाजार में बकरीद दौरान कुर्बानी के लिए नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी मो. शाजेब पुत्र मो. लतीफ अपने भाई मो. सैफ के साथ बकरा खरीदने गया था। बकरा खरीदने के बाद उक्त लोग घर वापस लौट रहे थे। इसी बीच गाड़ी आगे पीछे करने को लेकर मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम सहादतगंज निवासी मो. हुसैन पुत्र सईद व फहीम से वाद विवाद हुआ। तभी, हुसैन ने शाजेब की पीठ पर कैंची से हमलाकर दिया। लोग जब तक बीचबराव करते, तब तक फहीम ने सैफ की जमकर पिटाई कर दी। घटना में दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हुये। पीड़ित पक्ष ने थाना सफदरगंज में मारपीट की तहरीर दी है।

योग से बढ़ती छात्रों की कुशाग्रता, नियमित करें योग : राजरानी

विश्ववार्ता संवाददाता

बाराबंकी। स्थानीय कमला नेहरू पार्क में दशम योग दिवस 21 जून 2024 के अवसर पर मनाए जा रहे योग सप्ताह का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत ने मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, क्षेत्रीय आयुवैदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अविनाश प्रकाश, जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. प्रीति सक्सेना, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने महर्षि धन्वंतरि के चित्र पर दीपांजलि व पुष्पांजलि करके किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा ने कहा कि योग हमारे जीवन मे बहुत जरूरी है, इससे मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है, यह छात्रों की कुशाग्रता के लिए बहुत उपयोगी है, हर मनुष्य को योग करना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने सभी को योग दिवस की बधाई दी और

दशम योग सप्ताह का शुभारंभ

कहा कि जनमानस में इसका व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाए। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने योग के फायदे बताते हुए कहा कि कोरोना की महामारी में जिन लोगों ने नियमित योग किया है वे लोग स्वस्थ्य रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता है, उन्होंने पूरे विश्व को योग का महत्व बता दिया है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अविनाश प्रकाश ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और योग दिवस पर की जा रही तैयारियों को बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि ने योग को 'चित्त की वृत्तियों के निरोध' के रूप में परिभाषित किया है। उन्होंने 'योगसूत्र' नाम से योगसूत्रों का एक संकलन किया जिसमें उन्होंने पूर्ण कल्याण तथा शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि के लिए अष्टांग योग का एक मार्ग विस्तार से बताया है। डॉ प्रकाश ने कहा कि महात्मा बुद्ध का अष्टांग मार्ग व पंचशील योग का आध्यात्मिक रूप है, जो महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र संकलन किया है। जिला विकास अधिकारी ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जिला होम्योपैथी अधिकारी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य शशि कुमार अवस्थी ने किया और बताया कि दशम योग योग दिवस महिला सशक्तिकरण की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में अनेक आयुष चिकित्सक हेल्थ, योग एवं वेलनेस सेंटर के चिकित्सकों, योगाचार्यों व सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील मितौली के सभागार में ₹संपूर्ण समाधान दिवस₹ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक कस्ता सौरभ सिंह सोनू मौजूद रहे।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 18, पुलिस 09, विकास 08, विद्युत 05, वन 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम विनीत उपाध्याय, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, तहसीलदार संतोष शुक्ला सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने किया मिनीकिट का वितरण

तहसील मितौली सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किसान रामसदोही यादव, शत्रोहन लाल, रोहन यादव, हेमनाथ, रामपाल वर्मा को उर्द और किसान मुकेश, सुमित, गुरुप्रसाद को कोदो के बीज का मिनीकिट का वितरण किया। इस दौरान उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, एसडीएम विनीत उपाध्याय, तहसीलदार संतोष शुक्ला मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने सैम श्रेणी के बच्चों को बांटी सुपोषण किट

तहसील मितौली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल ₹संपूर्ण सुपोषण अभियान₹ के तहत सैम श्रेणी (अति कुपोषित) के 04 बच्चों को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी।

12 दिन से अनशन को तहसील प्रशासन सुलझाने में नाकाम

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। भ्रष्टाचार संघर्ष समिति छोटी काशी गोला द्वारा डॉ० गणेश कुमार के विरुद्ध तहसील परिसर में अधिवक्ताओं का चल रहा क्रमिक अनशन का आज 12 वें दिन भी जारी रहा। किन कारणों के चलते तहसील प्रशासन विवाद सुलझाने के बजाए मुख दर्शन बने रहने का रोल अदा करता हुआ दिखाई दे रहा है। क्या किसी अनहोनी के इंतजार मे है प्रशासन ? डॉ०गणेश के भ्रष्टाचार के संबंध में उनके समस्त बैंक खातों की व आय से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने की उच्च ईकाई द्वारा जांच की मांग की गई। साथ ही डॉक्टर गणेश कुमार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध पैरवी कर रहे अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव पर डॉक्टर द्वारा रंजिशन लिखाई गई फर्जी एफ०आई०आर० को स्पंज किया जाए एवं अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव की डॉ०गणेश कुमार के विरुद्ध एफ०आई०आर० दर्ज कर कार्यवाही की मांग समस्त अधिवक्तागणो के द्वारा की गई। किस दबाव में विवाद को सुलझाने प्रशासन असफल हो रहा है ?

सड़क हादसे में प्रधान की मौत, दो लोग गम्भीर घायल लखनऊ रेफर

विश्ववार्ता संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। तहसील गोला के अंतर्गत थाना मैलानी क्षेत्र की पुलिस चौकी बांकेगंज में शुक्रवार की रात्रि में उसे समय हुआ हादसा जब आवारा पशु गाड़ी के सामने आ जाने से तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर बिजली के खम्बे से टकरा गई। हादसे में कार सवार प्रधान सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी से पता चला घटना लगभग 8:30 बजे गोला से घर पहाड़पुर वापसी करते समय ग्राम पंचायत पहाड़पुर के वर्तमान प्रधान गुरलाल सिंह की फॉर्च्यूनर गाड़ी UP 31.BR 7007का एक्सीडेंट कुकरा बांकेगंज रोड लोहिया पुल के निकट बिजली के खंभे से जा टकराई । एक्सीडेंट में फॉर्च्यूनर गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में पीछे बैठे लवप्रीत तथा लेवी ने अपने ही फोन से परिजनों को घटना की सूचना देने पर तुरंत बाद परिजन तथा रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंचे । प्रधान सहित तीनों लोगों को एक प्राइवेट गाड़ी में लाद कर गोला के सनसाईन हॉस्पिटल पहुंचाया गया। प्रधान गुरलाल सिंह तथा लवप्रीत सिंह की हालत नाजुक देखकर सनसाईन हॉस्पिटल के डॉक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाते समय प्रधान गुरलाल सिंह ने दम तोड़ा ।जबकि लवप्रीत सिंह पुत्र गुरूपेज सिंह को लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक प्रधान गुरु लाल सिंह अपने पीछे परिवार में परिवार में पिता अवतार सिंह पुत्र दर्शन सिंह माता बलजिंदर कौर पत्नी गगनदीप कौर एक पुत्र मेहताब सिंह उम्र 4 वर्ष को छोड़ गए।घटना की सूचना पाकर इंस्पेक्टर मैलानी राजेश कुमार व चौकी प्रभारी बांकेगंज श्री कृष्ण पाल व चौकी प्रभारी कुकरा के,के यादव मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की ।

अंधता मुक्त ग्राम का सपना हुआ साकार : डॉ अमित

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक और डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के द्वारा ग्राम पंचायत बैल बूढी के ग्राम फूल बेहड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अमित बाजपेयी के द्वारा निवारणीय अंधता मुक्त ग्राम घोषित किया गया ।

उन्होंने अपने उद्बोधन मे बताया की डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के द्वारा अंधता मुक्त ग्राम की जो मुहीम चलाई जा रही है वह बहुत प्रशसनीय कार्य है जिसका श्रेय जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को जाता है। जिसमे कार्यकर्त्ता चाँदनी,वर्मा, आकाश वर्मा का रोल बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया की सी एच सी फरधान मे आयुष्मान कार्ड जिसका नहीं बना है वह बनवा सकता है फरधान के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विनीत अवस्थी ने कहा की आयुष्मान कार्ड के साथ नेत्र स्वास्थ्य की बहुत सारी बिमारी का ईलाज सम्भव है।

अभियान सभी तहसील व ब्लाक मुख्यालयों में भी योग सप्ताह पर भव्य कार्यक्रम हुए

योग सप्ताह का आगाज, विधायक, डीएम-एसपी ने किया शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शनिवार को जिले की मितौली तहसील परिसर में विधायक कस्ता सौरभ सिंह सोनू ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी गणेश प्रसाद साहा,सीडीओ अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में योग सप्ताह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। सभी तहसील व ब्लाक मुख्यालयों में भी योग सप्ताह पर भव्य कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया।

कार्यक्रम में विधायक सौरभ सिंह सोनू, डीएम, एसपी, सीडीओ ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने योगा प्रोटोकॉल के अनुक्रम में विभिन्न योगाभ्यास कराएं। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ₹योग स्वयं एवं समाज के लिए₹ थीम पर व्यापक स्तर मनाया जा रहा है। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परामपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर, मन विचार कर्म आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता और मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य प्रदान करता है। यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का पूर्णतावादी दृष्टिकोण है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इसके महत्व को समझा और समाज को पूर्ण स्वस्थ्य रखने के लिए योग को मानव जीवन के साथ जोड़ने का निरन्तर प्रयास कर रहे है, उन्ही की देन है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। वही आज से अमृत यही योग सप्ताह का भी शुभारंभ भव्यता के साथ किया जा रहा। वही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के बीच एकत्व खोजने का भाव हैं। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक होता है। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक एवं 21 जून को दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जिसकी थीम ₹योग स्वयं एवं समाज के लिए₹ पर ज़िले में व्यापक स्तर पर मनेगा। प्रातःकाल योगाभ्यास कराने की बेवसाइट https://upayushsocicty. com पर अथवा आयुष कवच एप के माध्यम से अपलोड करे। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपने घर के सदस्यों एवं अन्य लोगों को योग करने हेतु प्रेरित करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने योग के महत्व को बताते हुए इसको वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया।

जिले के चार नगरीय क्षेत्रों में 54 कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन का होगा चयन : पीओ डूडा

लखीमपुर खीरी। दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित समस्त सीएलएफ, एएलएफ, स्वयं सहायता समूह को सूचित करते हुए परियोजना अधिकारी (डूडा) डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों के तहत वर्तमान में नगर पालिका परिषद-लखीमपुर, गोला मोहम्मदी और पलियाकलॉ में स्वयं सहायता समूहों का सुचारू रूप से गठन, सक्रियता के लिए समूहों के फेडरेशन का गठन, बचत, आंतरिक ऋण एवं समूहों की निरन्तरता बनाये रखने के लिए शासन से नियत मानदेय पर 54 कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) का चयन किया जाना है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक समूह सदस्य किसी भी कार्यदिवस पर 20 जून से पूर्व आवेदन फार्म डूडा कार्यालय से प्राप्त कर फार्म की प्रतिपूर्ति करने के बाद जमा करना अनिवार्य है।

संपादकीय

देश विरोधी एजेंडा

लोकतांत्रिक अधिकार और विरोध के नाम पर हिंसा फैलाने की साजिश में दो तरह के लोग शामिल होते हैं। पहले वो लोग जो हाथ में लाठी, पत्थर और हाथ में पेट्रोल बम लेकर सड़कों पर उतरते हैं। बसों और ट्रेनों में आग लगाते हैं, पुलिस पर पथराव करते हैं। दूसरे वर्ग में वो लोग आते हैं जो हिंसा फैलाने के लिए हथियारों का नहीं बल्कि विचारों का सहारा लेते हैं। ये वो लोग होते हैं जो सड़कों पर आकर नहीं बल्कि सोशल मीडिया या किसी और मंच से वैचारिक हिंसा फैलाते हैं। दुष्प्रचार करते हैं, झूठ फैलाते हैं, अफवाह फैलाते हैं। देश को बांटने का काम करते हैं। इन्हीं में मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय का नाम भी शामिल है। लेखिका और एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय के खिलाफ 14 साल पुराने एक मामले में मुकदमा चलाया जाएगा। 14 जून 2024 को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसकी मंजूरी दे दी है। अरुंधति रॉय के साथ ही कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर शौकत हुसैन पर भी यूएपीए के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली के उपराज्यपाल ने इसी मामले में रॉय और हुसैन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी। ये प्रावधान अक्सर नफरत भरे भाषण के मामलों से निपटने के लिए लागू किए जाते हैं, सभी में अधिकतम तीन साल सजा का प्रावधान है। हालांकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 468 के तहत, अदालतों को उन अपराधों का संज्ञान लेने से रोक दिया जाता है जो अनुचित देरी के बाद या सीमा अवधि की समाप्ति के बाद लाए जाते हैं। शिकायतकर्ता ने नई दिल्ली में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट से संपर्क कर पुलिस को जांच शुरू करने का निर्देश देने की मांग की और अदालत ने नवंबर 2010 में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। राजभवन ने अक्टूबर 2023 में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं: 153A (धर्म, नस्ल, स्थान के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) जन्म, निवास, भाषा, आदि, और सद्भाव के रखरखाव के लिए प्रतिकूल कार्य करना), 153बी (आरोप, राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिकूल दावे), और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए प्रेरित करने वाले बयान) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए सीआरपीसी की धारा 196 के तहत उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। ये कॉन्फ्रेंस कश्मीर में अशांति के दौर के बीच हुई थी। तुफैल अहमद मट्टू नाम के 17 साल का लड़का आंसू गैस के गोले से चोटिल हो गया जिसे लेकर घाटी में उग्र विरोध प्रदर्शन हो रहा था। दरअसल, यह आरोप 21 अक्टूबर 2010 को एलटीजी ऑडिटोरियम, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित आज़ादी – द ओनली वे नामक सम्मेलन में दिए गए भाषणों से उपजे हैं। सम्मेलन में सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी (सम्मेलन के एंकर और संसद हमला मामले में मुख्य आरोपी), अरुंधति रॉय, डॉ. शेख शौकत हुसैन और वरवरा राव सहित अन्य वक्ता शामिल थे। चर्चाओं में कथित तौर पर कश्मीर को भारत से अलग करने की वकालत की गई। यह सम्मेलन कश्मीर में तीव्र अशांति के दौर के बीच हुआ था। एक रिपोर्ट के अनुसार विरोध के बाद कार्रवाई के परिणामस्वरूप 2010 में लगभग 120 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। अरुंधती रॉय देश की उन गिनी-चुनी हस्तियों में हैं जिन्होंने लेखक के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मुकाम हासिल किया है। अरुंधती रॉय ने 90 के दशक में द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स लिखकर ख्याति हासिल की थी। कहानी के प्रवाह और भाषा के जादू के लिए द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स को आज दुनिया के जाने-माने उपन्यासों में गिना जाता है और वर्ष 1997 में रॉय को इसके लिए प्रतिष्ठित बुकर सम्मान भी मिला था। अरुंधती ने वर्ष 2002 में नर्मदा बचाओ आंदोलन के समर्थन में एक लंबा लेख लिखा- द ग्रेटर कॉमन गुड। बुकर विजेता अरुंधती के इस लेख ने जहां एक ओर नर्मदा पर बन रहे सरदार सरोवर बांध समेत तमाम बांधों के प्रभावों पर दुनिया का ध्यान खींचा, वहीं उनकी काफी आलोचना भी हुई। लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने उन पर अतिशयोक्ति अलंकार का इस्तेमाल करने और तथ्यों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था। अरुंधती के विवादित विचारों के चलते ही आज उन पर मुकदमा चलने की नौबत आयी है।

कटाक्ष
हसन जैदी

हृदयनारायण दीक्षित

> भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊँगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।''

भारत में ही आश्रय पाते रहे मानव के सपने

प्रकृति का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अनेक जीव पशु पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमण्डलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतर्राष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है।

प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, ''हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।'' अथर्वा कहते हैं, ''इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है।

महाभारत के प्रसंग में श्री कृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्री कृष्ण ने पूछा कि, ''हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं? पृथ्वी ने उत्तर दिया कि, ''दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से हम प्रसन्न होते हैं। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 44) में लिखा है, ''प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं, पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।'' ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है कि, ''गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।'' शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, ''अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है। (गीता 3.14) मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी। रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।'' दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहाँ पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहाँ पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ''ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।'' नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए। सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सी. ई. एम. जोड ने सही लिखा है कि, ''मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊँगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।'' बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है कि, अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है जहाँ सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।'' यहाँ ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहाँ जो भी आया, हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी, ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गाँधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को 'चांडाल' कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

अथश्री महाभारत कथा : अग्निपथ...कर्तव्य पथ...जनपथ

प्रदीप मिश्र

विषयांतर

शुक्र है कि मायके में ही रह गए। ससुराल जाते तो मालूम होता सास क्या होती है। हालांकि सास कभी भी बहू नहीं रही। अनगिनत लोगों ने ये बात कही। 100 दिन आस, विश्वास, प्रयास और सायास के हैं। सौ दिन सास के भी सुने थे लेकिन दमदार सिंह ने 2024 में ही 25 दिन और ले लिए। एजेंडा तैयार है। बन गई अपनी सरकार है। नौकरी की दरकार है। घर-घर में तकरार है। यही वजह तो नहीं, झंडे दिख रहे हैं, डंडे कमजोर हो गए हैं। इन्हें थामने वाले सामने भी देख रहे हैं। कुछ बिलकुल चुप हैं, कुछ अंदर से कुछ न कुछ फेंक रहे हैं। खुशियां कम मनाई गईं। आशंकाएं ही गहराई रहीं। अब इन सबके अरमान मचलेंगे। जहां और जिधर ठीक लगेगा, सीना तान कर चलेंगे। मन का डर भी, दर्द भी है। मिजाज थोड़ा गर्म और सर्द भी है। ऐसे में दमदार को भी डरना होगा। जन के मन के लिए बहुत कुछ करना होगा। नारे और इशारे फिलहाल नहीं चलेंगे। उनके विचार आगे बहुत खलेंगे। कहेंगे- जोश में भी होश चाहिए। रोष-आक्रोश के जवाब में कुछ ठोस चाहिए।

अच्छी बात है। आपके पास सारे चरित्र हैं। बहुत से अघोषित मित्र हैं। कुछ तो परम विचित्र हैं। इनके जरूरी-गैरजरूरी चित्र हैं। ज्यादा मुखड़ा दिखाएंगे। लोग दुखड़ा सुनाएंगे। मुखौटा बन जाएं तो उचित होगा। जाएगा नहीं कुछ, संचित होगा। जरूरत क्रांति की नहीं है। भ्रांति की नहीं है। खल भी नायक होते हैं। नालायक भी लायक होते हैं। वक्त-जरूरत पर सहायक होते हैं। पर अभी जल्दबाजी में आयात करने की कोशिश न करें। जो है सो ठीक, मानते हुए आत्मसात करने की कोशिश न करें। छल-बल से किसी का भी दिल बदल सकता है। तब 'नया नौ दिन पुराना सौ दिन' की कहावत पुख्ता हो जाएगी। आप तो सब कुछ झुठलाने के लिए ही अवतरित हुए हैं। 2047 तक इठलाने पर आपका हक है। सब कुछ टकाटक है। सावधानी बरतें। आप में व्यापक बदलाव की मजबूरी है। नहीं तो कोई भी कह देगा- आपका जाना जरूरी है। ड्यूरेबिलिटी (देर तक टिके) के लिए कैपेबिलिटी (बर्दाश्त करने की क्षमता) की एबिलिटी (योग्यता) आवश्यक है। श्रीमद्भागवत की कथा के मौसम में आखिर क्यों महाभारत जैसा घमासान। कभी कठिन था, अब कैसे हो गया इतना गया आसान। ऊपर वाले सुन-सुन कर हो रहे परेशान। अचानक दैवीय गुणों वालों पर कैसे काबिज हो गए शैतान।

संतरों के शहर से संदेश दिया जा रहा है। मणिपुर का जहर अब तक क्यों पिया जा रहा है। हिंसा पर विचार करने की नसीहत दी है। आग पर पानी और अंधेरे में शांति के लिए कुछ करने की वसीयत दी है। जो एक साल से वहां नहीं गए, निर्देश मानें, संकेत समझें तो अब कभी भी जा सकते हैं। मामला उछल गया है, कुछ न भी हो, उलटे बयान आ सकते हैं। क्रमांक 240 से आगे नहीं बढ़ पाए। फिर भी कृपांक खुले हाथ से लुटाए। एक बयान आया। बेनकाब कर दिया। बाद में बयान को निजी बताया गया है। मतलब बड़े फैसले से पहले चेताया गया है। हारने वाले एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने लगे हैं। विरोधी हारने वालों के आरोपों से मुंह मोड़ने लगे हैं। आपने भी उधार के कैबिनेट मंत्रियों को दे दिया झुनझुना। विपरीत हालात में भी आपस में ही मलाई काट ली। जो अच्छा था, खुद रखा, बाकी दूसरों को बांटा। अपनों को बिल्कुल नहीं डांटा। समर्थन करने वाले माननीय काम को पूजा बता रहे हैं। नाराज हैं, फिर भी नहीं जता रहे हैं। जगह-जगह विक्रम कई-कई बेताल से दबे जा रहे हैं। बेताल लटके हुए ही, सिर पर चढ़े जा रहे हैं। विपक्ष को बेवजह लग रही मिर्ची, वो फिर भी रहे हैं गुनगुना। दूसरों पर फेंकने के लिए है जाल बुना। दिव्यांग सरकार के साथी चिल्ला रहे हैं- वे हताश हैं, निराश नहीं। वैसे, कहा भी जाता रहा है- जो हताश है, निराश है, उसे ही ज्यादा विश्वास है। उनके पास उम्मीदों का सहारा होता है। झूठ ही सही, भरोसे का किनारा होता है।

समय है, राग और द्वेष से मुक्त हो जाइए। पुराने दायरे और परिवेश में लौट आइए। कर्तव्य पथ पर संविधान के अनुसार चलें। जरूरत नहीं हो, ज्यादा नहीं हिलें-डुलें। सबसे घुलें-मिलें। सारे घर को बदलने की न सोचें, न बदलें। अच्छा किया, पहला फैसला किसानों की सम्मान निधि पर किया। देश जल्द पूछेगा, बेरोजगारी और महंगाई पर लगाम के लिए विधि से क्या किया। उत्तर भी तलाशने की जरूरत है। प्रश्न करने का समाप्त हो गया मुहूर्त है। पहले दिन के भाषण में संकेत दे दिया। पहले जो भी किया, अब नहीं जाएगा किया। मान जाएगा अपना जिया। पुरानों से मिलोगे, ज्ञान मिलता रहेगा। विघ्न-बाधाओं का सामना करने का हौसला मिलेगा। खुद भी खिलखिलाओगे, फूल भी खिला रहेगा। यह इसलिए भी, क्योंकि दूसरी ओर भी कृष्ण-अर्जुन हैं। कुछ अभी भी दुर्जन हैं। 30 लाख करोड़ का घोटाला हो गया। दो दिन में ये धन कहां खो गया। आओ मिलकर इसका पता लगाएं। बीच में थोड़े दिन कहीं विदेश घूम आएं। अरसा हो गया, दुनिया को ज्ञान नहीं दिया है। लगता है जीवन निरर्थक है, क्या जिया है। बस, थोड़ा-थोड़ा बाहर जाने से डरने लगा हूं। बाजीगर हूं, स्वदेश से ज्यादा प्यार करने लगा हूं।

अच्छा किया कि सरकार बनते ही कह दिया, परिवार हटाओ। कितने प्रेम से लिखवाया था, अब कह रहे हो, मिटाओ। सबको मालूम है। अभी नहीं सुनोगे। कुछ वक्त बाद सिर धुनोगे। चकल्लस में की गई चिंता कभी भी चिंतन और चिंतक के रूप में निखर जाती है। गंभीरता से उठाई गई बात प्रायः बिखर जाती है। हुड़ दबंग दबंग... से काम लगातार नहीं चलता है। टेढ़ी उंगली से हमेशा घी नहीं निकलता है। माना आप शत्रु हंता हैं। जगत नियंता हैं। राज जानने वाले नाथ हैं तो शिव के राज भी हैं। यादगार कल और आज भी है। आशा है, नीति पर चलेंगे, उसे ही ईष्ट मानेंगे। सुनना होगा। मानना होगा। सुख अनंत नहीं होता है। जय का भी अंत होता है। चौर्य को शौर्य न तो समझेंगे और न ही समझाएंगे। सितंबर तक के न्योते मिलने की बात पहले से ही पता है। जिन्हें नहीं जानकारी, उनकी खता है। जाइए तो सही, जल्दी आइए तो भी सही। क्योंकि ठाकुर भी... फौज बनाने की तैयारी कर रहा है। पहले की तरह अब न खुद से और न ही आप से डर रहा है। कहीं जनपथ से इशारा हो गया तो फिर से हो जाएगी शपथ...!

कविता

भावना तिवारी

जीत के पल

हम अभावों की धरा पर
वैभवी सपने सँजोकर
कर्मपथ पर चल पड़े हैं
मुट्ठियों में क़ैद करने जीत के पल।
पंक-तट आवास अपना
सोचते हैं घर कहीं हो
भोगते दुर्गन्ध फिर भी
चाहते मधुपुर कहीं हो
चाहना की इस त्वरा में
स्वेद की बूँदें घँघोकर
शूलपथ पर चल पड़े हैं
मुट्ठियों में क़ैद करने शीत के पल।
गुदड़ियों में जी रहे हैं
टाट के पैबंद लेकर
हर घड़ी मर-मर जिए हैं
चंद बँधुआ साँस लेकर
आस का चूल्हा जलाकर
झोंकते हैं आज अपना
नियतिपथ पर चल पड़े हैं
मुट्ठियों में क़ैद करने प्रीत के पल।
साँस खुलकर ले सकें हम
है कहाँ अधिकार इतना
तृप्ति मिलती, पेट भरता,
है नहीं व्यापार इतना
चेतना अपनी जगाकर
भाग्य को आँखें दिखाकर
दीप्तपथ पर चल पड़े हैं
मुट्ठियों में क़ैद करने गीत के पल।

कांग्रेस की वापसी : हकीकत या फसाना

अरुण गुप्ता

रोजनामचा खाकसार का

लोकसभा चुनाव के पूर्व आकलनों व बाद के एक्जिट पोल में इस बार कांग्रेस के लिए कुछ खास नहीं था, लेकिन भाजपा के उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में दयनीय प्रदर्शन व राजस्थान, कर्नाटक में अपेक्षाकृत कम सीटें मिलने के फलस्वरूप कांग्रेस की सीटों की संख्या न केवल दोगुनी के आसपास पंहुच गई बल्कि पार्टी नेतृत्व से लेकर कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज़ दिखने लगे। लेकिन मतगणना के अंतिम परिणाम आते-आते स्पष्ट हो गया कि अंततः मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की पूर्ण बहुमत के साथ वापसी हो रही है। कांग्रेस की स्थिति इस चुनाव में बेहतर हुई है, इस बात से उसके विरोधी भी मना नहीं कर सकते। देखते हैं कि पार्टी के सुधरे प्रदर्शन में भविष्य की कौन सी संभावनाएं छिपी हुई हैं। यदि चुनाव परिणामों पर नजर डालें तो कांग्रेस को बड़ी सफलताएं केरल (14), तमिलनाडु (9), महाराष्ट्र (13), तेलंगाना (8), राजस्थान (8) व कर्नाटक (9),पंजाब (7) उत्तर प्रदेश (6) व हरियाणा (5) में मिली है। इसके विपरीत मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखण्ड, आंध्र प्रदेश, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर व त्रिपुरा में शून्य, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ व गुजरात में 1-1, झारखंड, बिहार व असम में 3-3 सीटें पाकर उसे निराशा ही हाथ लगी है। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखंड व बिहार में उसे मिली सीटों का श्रेय कांग्रेस की अपेक्षा इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों को ज्यादा जाता है।

हालांकि केरल व पंजाब की सीटों का श्रेय जरूर कांग्रेस को मिलना चाहिए जहां वह इंडी गठबंधन के घटक दलों के विरुद्ध व कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना व हरियाणा में अकेले लड़ कर पहले से कुछ ज्यादा सीटें जीत सकी है। यदि भाजपा व कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तुलना करें तो महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक व राजस्थान में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के पीछे इन राज्यों में भाजपा की कमजोरियों की तह में झांकना होगा। राजस्थान में भाजपा की आपसी गुटबंदी व कर्नाटक में रेवन्ना सेक्स कांड के अलावा दोनों ही राज्यों में भाजपा के पास विश्वसनीय व चमत्कारिक नेतृत्व का अभाव दिखा। महाराष्ट्र में 2019 में शिवसेना के छिटक कर कांग्रेसी खेमे में चले जाने के बाद उपजी सहानुभूति को भाजपा ने शिवसेना व एनसीपी में तोड़फोड़ कर सरकार बना लेने के कारण खो दिया। शिवसेना व शरद पवार के अधिकतर मतदाता उनके साथ बने रहे। उत्तर प्रदेश में भाजपा के सपा के मुकाबले पिछड़ने में भाजपा का अलोकप्रिय व निष्क्रिय सांसदों को दोहराना व जातीय-सामाजिक समीकरणों को समझने व दुरुस्त करने में विफल रहना मुख्य कारण रहा। कांग्रेस की रायबरेली व अमेठी के अलावा अन्य चार सीटों पर विजय वस्तुतः सपा की जीत कही जानी चाहिए, वरना हरियाणा व पंजाब को छोड़कर जहां भी कांग्रेस अकेले लड़ी, परिणाम उसके अनुकूल नहीं रहे। बिहार व दिल्ली में गठबंधन भी उसके लिए बहुत फायदेमंद नहीं रहा। कांग्रेस की सीटें बढ़ कर 100 के आसपास होना जहां पिछले दो चुनावों के बरक्स उसके लिए उम्मीदें जताने वाला लगता है, वहीं पार्टी नेताओं द्वारा इस बढ़त का सारा श्रेय राहुल गांधी और उनकी यात्राओं को दिए जाने के कारण पूरी पार्टी में जश्न मनाने जैसा माहौल है। पार्टी को याद रखना चाहिए कि 2013 में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के छः माह के भीतर लोकसभा चुनावों में इन राज्यों में भाजपा ने लगभग सभी सीटें हथिया ली थीं। राजनीति में कहा जाता है कि कोई भी नैरेटिव स्थायी नहीं होता है और एक भावनात्मक मुद्दा नतीजे बदलने मे सक्षम होता है। दो राज्यों में खराब प्रदर्शन व दो राज्यों में कुछ सीटें हारने से भाजपा खत्म नहीं हो गयी है। देश भर में भाजपा का संगठन अभी भी जस का तस कायम है जबकि इस चुनाव में कांग्रेस के ज्यादातर सहयोगी दल कांग्रेस की कीमत पर ही सत्ता में आए हैं और अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में खासकर विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस को मजबूत होते नहीं देखना चाहेंगे। कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर यदि अपनी खोई हुई जमीन पानी है तो एक नेता व परिवार पर आश्रित रहने के बजाय बूथ स्तर पर संगठन न केवल तैयार करना होगा बल्कि उसमें जान फूंकने के लिए लगातार नेताओं को गतिशील रहना होगा।

G-7 बैठक: वैश्विक शांति में भारत की अहम भूमिका



संजीव ठाकुर

इटली में आयोजित G7 के सात शक्ति संपन्न देशों की बैठक आयोजित की गई है जिसमें इटली की राष्ट्रप्रमुख जॉर्जिया मेलोनी मेजबान रहीं। G7 में सभी सदस्य अमेरिका, फ्रांस, इटली, जापान, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया शक्ति संपन्न देश हैं। ऐसे में भारत को विशेष अतिथि बनाया जाना भी भारत के लिए एक नई भूमिका की तलाश मानी जा रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद पांचवीं बार जी सेवन की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए हैं जिसमें धर्मगुरु पोप भी पहली बार शामिल हो रहे थे। निश्चित तौर पर यह बैठक वैश्विक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण रही।

भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रप्रति इमानुएल मेंक्रो एवं इटली की राष्ट्रप्रमुख मेलोनी तथा यूक्रेन के राष्ट्रप्रति व्लादिमीर जेलेन्सकी से अलग-अलग मुद्दों पर द्विपक्षी बैठक भी की है। इसके अलावा अमेरिका के राष्ट्रप्रति जो बायडेन से भी पीएम मोदी की मुलाकात हुई है। G7 के सदस्य देशों ने चीन पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बैठक में पुरजोर कोशिश की है। इसके अलावा पुतिन पर यूक्रेन के साथ युद्धविराम करने हेतु भरसक प्रयास किया गया। पर भारत और अन्य G7 के सदस्य देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर गंभीर मुद्दों पर नए पहलुओं पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा सभी सदस्य देश कुपोषण तथा खाद्य संकट के विरुद्ध अपुलिया खाद्य प्रणाली की पहल की मंजूरी पर गंभीर चिंतन कर नए उपायों की तलाश में भी हैं। इन सब के बीच सभी G7 सदस्य देश द्वारा वैश्विक शांति के लिए भारत की नई भूमिका की तलाश में भी हैं। भारत हमेशा से शांति, सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है। रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं कि युद्धविराम हो जाए और इसके लिए भारत ने अथक प्रयास भी किए हैं, यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े हैं। अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है। दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए सैकड़ों टन खाद्य सामग्री, दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई हैं। भारत के संबंध रूस के साथ-साथ G7 के सदस्य देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जापान, कनाडा और नाटो देशों से भी मधुर हैं। इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्धविराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव पर वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया, 120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष प्राचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है| पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही कि आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हों। इसके उपरांत भारत लगातार "अहिंसा परमो धर्म" की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है| कुछ एक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने पर भारत ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही| भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही। भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया और यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत का संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है| मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है कि भारत गांधी का देश है, बुद्ध और विवेकानंद का देश है| वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है। इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया था। यह उनके संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को हिंदी में संबोधित करने का तीसरा अवसर था| उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था। यह उल्लेखनीय है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयासों की योजनाओं तथा अभियानों में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है| इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग अवसरों पर स्वीकार भी करता रहा है। अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर कोरिया, वियतनाम, लागोस, मिस्र, सीरिया, लाइबेरिया, युगोस्लाविया, नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाएं वहां पर शांति बहाली हेतु अलग-अलग समय में उपलब्ध करवाई थीं। भारत द्वारा विश्व शांति की स्थापना की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति अभियानों में अनथक एवं बहुत बड़ा सहयोग किया गया है। भारत ने कई देशों के मध्य पर्यवेक्षक की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभाई है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को शांति निरीक्षण आयोगों, समितियों तथा अंतरिम विश्वास बहाली कार्यक्रमों में बतौर सदस्य नामित भी किया है| इस भूमिका का भी भारत ने बहुत सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वैसे भी भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रबल पक्षधर रही है। इसीलिए भारत सरकार ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाली अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है बल्कि विश्व के अनेक तनावग्रस्त, संकटग्रस्त एवं युद्धग्रस्त देशों के मध्य अपनी कूटनीतिक, राजनैतिक भूमिका भी कर्मठता से निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रयास बहुत महत्वपूर्ण होकर जटिल भी होते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की हर भूमिका को बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने का कार्य बखूबी निभाया है और भारत राष्ट्र ने जिस तरीके से आत्मनिर्भर होकर विदेश की सरकारों से अपने संबंध स्तापित किए हैं, उससे वह दिन दूर नहीं जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाकर वैश्विक शांति के लिए शांतिदूत का दर्जा दिया जाएगा।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

युवक की निर्ममतापूर्वक धारदार शस्त्र से हत्या

पिसावां इलाके में आम की बाग की कर रहा था रखवाली

» अज्ञात लोगों पर हत्या का केस, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए मौके से साक्ष्य

घटना के बाद मौके पर एकत्र ग्रामीण

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। पिसावां इलाके में आम की बाग की रखवाली कर रहे युवक की धारदार शस्त्र से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। इलाज के लिए ले जाते समय युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पिसावां थाना क्षेत्र के तेजीपुरवा गांव निवासी हेतराम 40 पुत्र बड़कन्नू यादव पड़ोस के गांव कुतुबनगर निवासी इंद्र प्रकाश सिंह के आम की बाग की रखवाली कर रहा था।

आम की फसल हरदोई जिले के टड़ियावां थाना क्षेत्र के गोपामऊ निवासी सर्वेश पुत्र दयाराम तथा मन्नी पुत्र नंदलाल ने बाग की फसल को खरीदा है। बाग काफी बड़ी है जिसकी वजह से एक तरफ हेतराम रखवाली को लेटता है तो दूसरी तरफ दोनों खरीददार रुककर रखवाली करते हैं। रात 11.30 बजे सर्वेश व मन्नी घूमते हुए उस छोर पर पहुंचे जहां हेतराम रखवाली करता था। उन लोगों ने हेतराम को आवाज दी जब वह नहीं बोला तो वह लोग मौके पर पहुंचे तो हेतराम लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा था। इसकी सूचना फोन से सर्वेश ने हेतराम के भाई उमाशंकर को दी। मौके पर पहुंचे उमाशंकर ने हेतराम को गंभीर हालत में सीएचसी मिश्रिख लेकर गए, जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

जिला अस्पताल से रेफर होने के बाद लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। उमाशंकर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। बाग मे शराब का सेवन करने के बाद फल के खरीददार आपस में लड़ाई-झगडा भी कारण हो सकता है जल्द खुलासा किया जायेगा

दो पक्षों में जमकर ईंट गुम्मे चलने से सिपाही का सिर फटा

» पुलिस की मौजूदगी में हुआ बवाल, हिरासत में चार लोग

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के मोहरसा गांव में शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर चले। एक पत्थर सिपाही के सिर पर लगने से वह घायल हो गया। अक्षन पुत्र रोजगार व दूसरे पक्ष के मुन्ना उर्फ शमशाद के बीच तनातनी चल रही थी। पिछले तीन दिनों से विवाद चल रहा था। इसकी हरगांव थाने में शिकायत भी की गई मगर उचित कार्यवाही नहीं हो सकी।

शनिवार को पुलिस बल गांव में हुए विवाद को सुलझाने पहुंचा था। इसी बीच एक पक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस वाले दूसरे पक्ष से मिले हुए हैं। जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पथराव हो गया। पत्थरबाजी में एक पत्थर सिपाही शुभाष वर्मा के सिर पर लग गया, जिससे उनका सिर फट गया। आनन-फानन में सिपाही को सीएचसी हरगांव लाकर भर्ती कराया गया। सूचना

पाकर भारी पुलिस फोर्स मोहरसा पहुंच गया।

इस सम्बंध में चार लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताते हैं कि इस मामले में सत्ता पक्ष के दो नेता अलग-अलग पक्षों की पैरवी कर रहे थे, जिससे पुलिस को कार्यवाही करने में परेशानी आ रही थी। सीओ सदर सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि गांव में शांति है, दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

पकड़ा ग्रामीणों ने, श्रेय लूट रहे खुद!

» सकरन पुलिस ने गुडवर्क की वाहवाही में किया खेल

» रंगे हाथों चोरों को दबोच पुलिस के किया था सुपुर्द

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। महमूदाबाद के पाल्हापुर में सामूहिक नरसंहार का प्रकरण हो अथवा खैराबाद में अकारण नाबालिग को थाने में बैठाने का मामला। पुलिस खुद की किरकिरी होने के बाद भी सबक नहीं ले रही है। एक और ताजा मामला है सकरन के पलौली गांव का। यहां एक घर में चोरी कर रहे दो लोगों को गृहस्वामी ने ग्रामीणों की मदद से दबोच लिया जिसे पुलिस के हवाले कर दिया।

शनिवार को यह घटना अखबारों में सुर्खियों में रही लेकिन पुलिस ने प्रेसनोट जारी कर दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी दिखाकर फर्जी गुडवर्क की पटकथा

दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर धुना

लिख डाली। पलौली निवासी सचिन शेखर पांडेय पुत्र अशोक पांडेय के घर में गुरुवार रात दो बजे चोरी कर रहे थे। आहट होने पर सचिन शेखर ने परिजनों व ग्रामीणों को इत्तला देकर मौके पर बुला लिया और चोरी करते समय दो लोगों को रंगे हाथों दबोच लिया। पकड़े गए दोनों चोर इसी गांव के मोहनलाल उर्फ मोनू व हरिश्चंद्र को गृहस्वामी ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने गृहस्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शनिवार को दोनों चोरों की गिरफ्तारी मतुआ-सकरन मार्ग पर चकले बाबा मंदिर के पास से दर्शा फर्जी वाहवाही लूटने को प्रेसनोट भी जारी कर दिया। पुलिस ने एक जोड़ी पायल, चार बिछुवा, दो आधार कार्ड, दो थाली, एक लोटा, पांच साड़ी व साढ़े छह हजार रुपये बरामद होना दिखाया है। ग्रामीणों के हत्थे चढ़े चोरों ने मौके से फरार हुए एक और साथी चोर पंकज उर्फ मिर्ची का नाम भी स्वीकार किया था। ऐसे में पुलिस ने प्रेसनोट के जरिये फर्जी गुडवर्क की कहानी तैयार की उससे पुलिस को भले ही कोई फर्क न पड़े लेकिन आमजन में खाकी के प्रति दरकते भरोसे का एक और साक्ष्य दे दिया है।

साहब, कोटेदार घटतौली करता है, इंसाफ दो

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। बिसवां ब्लॉक के रामपुर घेरवा गांव के राशन कार्ड धारकों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को मांगपत्र सौंपा। जिसमें कोटेदार पर कार्ड धारकों से आए दिन अभद्रता करना तथा घटतौली करने के गंभीर आरोप लगाए। राशन कार्ड धारकों ने बताया कि एसडीएम बिसवां व जिलाधिकारी को भी पूर्व में प्रार्थना पत्र दिया था मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। रामपुर घेरवा गांव के राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि 23 मई को वह लोग दुकान पर राशन लेने पहुंचे थे तो कोटेदार ने कांटा में एक किलो का चुम्बक लगाकर राशन तौल रहा था।

लोगों ने जब इसका विरोध किया तो वह गाली-गलौज करते हुए गालियां दीं और कई महिलाओं के राशन कार्ड भी फाड़ डाले। आरोप है कि कोटेदार बेहद झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है और काफी

डीएम से मिलने आए राशन कार्ड धारक

» रामपुर घेरवा के राशनकार्ड धारकों ने डीएम से लगाई गुहार

» घटतौली के विरोध पर फाड़ दिए थे कई राशन कार्ड

समय से वही कोटा संचालित करता है। इस सम्बंध में राशन कार्ड धारकों ने बिसवां एसडीएम को ज्ञापन दिया था मगर जांच करने वाले अधिकारी को बहला-फुसलाकर लौटा दिया। इस सम्बंध में राशन कार्ड धारकों ने 7 जून को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन दिया था कार्यवाही न होने पर शनिवार को दर्जनों की संख्या में महिलाएं व पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन कर अपना शिकायती पत्र अधिकारियों को दिया। इस दौरान राकेश, रामचंद्र, सत्येंद्र, रामभरोसे, हुलासी, रामपती, रामकली, सुखरानी, तेजराम, सुशील कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत, छोटेलाल, सकटू प्रसाद समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

व्यापारी के घर से दिनदहाड़े छह लाख की चोरी, मचा हड़कंप

विश्ववार्ता संवाद

» परिवार समेत रामलला के दर्शन को अयोध्या गया था व्यवसाई

» दो लोगों पर जताई आशंका, पुलिस ने लिया मौके का जायजा

महमूदाबाद (सीतापुर)। गुलरामऊ गांव के एक गल्ला व्यापारी के घर से दिनदहाड़े छह लाख चोरी हो गई। वारदात के समय व्यवसाई घर पर ताला लगाकर परिवार समेत अयोध्या रामलला के दर्शन को गया था। वापस लौटने पर उसे चोरी की जानकारी हो सकी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की।

पीड़ित व्यापारी ने दो लोगों पर चोरी किए जाने की आशंका जताई है। दिनदहाडे. हुई चोरी की घटना से लोगों का खाकी से एतबार उठता जा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के व्यवसायी विनोद ने बताया कि शुक्रवार तड़के परिवार समेत अयोध्या रामलला के दर्शन को गया था। वापस लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। बकौल विनोद मकान के उत्तर दिशा में खाली पड़े प्लाट की ओर से सम्भवतः चोर छत की चहारदीवारी से किसी तरह चोर छत पर पहुंचे।

छत पर लगे जिंगले को खोलकर दीवाल में बने लिंटर के सहारे चोर आंगन में उतर गए। उसके बाद जीने के दरवाजे का बेलन काटकर पिछले कमरे को खोलकर उसमे मौजूद अलमारी, बक्शा आदि में रखे लगभग 2 लाख 65 हज़ार रुपये और लगभग तीन लाख के जेवरात चोर उठा ले गए। कमरे में कपड़ा, कई पर्स सहित अन्य सामान बिखरा पड़ा मिला। गल्ला व्यवसायी ने बताया कि पुलिस आयी थी, तहकीकात करके चली गयी। बताया जाता है कि शुक्रवार को विनोद के मकान के पड़ोस खेत मे मेंथा फसल की कटाई कुछ मजदूरों द्वारा की जा रही थी। विनोद ने बताया कि आसपास के लोगों के मुताबिक मकान के मुख्यद्वार की तरफ उसी खेत के कुछ मजदूर बैठे हुए थे। हलांकि इसके अतिरिक्त विनोद ने दो और लोगों के नाम शंका के तौर पर पुलिस को बताए है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि टीम गठित कर दी है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

एक नजर

एक साथ रहने को राजी हुए पांच जोड़े

सीतापुर। मिशन शक्ति के तहत परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान लक्ष्मी पत्नी अम्बुज निवासी ग्राम कमलाविमलपुर थाना मानपुर, असीमुन्निशा पुत्री कमाल अहमद निवासी मोहल्ला सिसटोला थाना तंबौर, रोशनी पत्नी अशफाक अली निवासी ग्राम बम्हौना थाना तंबौर, अंजू देवी पत्नी स्व. पप्पू निवासी ग्राम अक्किलपुर थाना खैराबाद व आयशा बानो पत्नी मो. आजाद निवासी मो. पैगम्बरपुर राजा रोड़ थाना महमूदाबाद ने मतभेद दूरकर एक साथ रहने को राजी हो गए। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा सभी पांच जोड़ों की विदाई कराई गई।

गंगागंज डाकघर से हजारों की चोरी

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के शाखा डाकघर गंगागंज, कुंवरपुर नेशनल हाइवे के किनारे बीती रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर लगभग 12 हजार की सामान चोरी कर फरार हो गये। डाकघर शाखा गंगागंज कुंवरपुर के डाकपाल धोरेन्द्र कुमार सिह निवासी रीवान कलां शनिवार सुबह डाकघर शाखा खोलने पहुचे तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरा खोलकर अंदर घुसे तो एक लोहे का छोटा बख्शा एक थर्मल पिंटर अज्ञात चोर लगभग 12 हजार का सामान चोरी कर ले गए। डाकपाल ने थाने में तहरीर दे दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सामुदायिक शौचालय बना शोपीस

लहरपुर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास खंड क्षेत्र के ग्राम गेरूहा में बना सामुदायिक शौचालय शो पीस बन कर रह गया है। शौचालय में ताला पड़े होने के कारण ग्रामीण शौचालय के उपयोग से आज भी वंचित हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय में हमेशा ताला लटकता रहता है। जिससे लाखों रुपयों की लागत में बना सामुदायिक शौचालय केवल शोपीस बनकर ही रह गया है और ग्रामीण शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में बना सार्वजनिक शौचालय का ताला केयरटेकर द्वारा उपयोग के लिए नहीं खोला जाता है। जिससे स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है और ग्रामीण खुले में शौच जा रहे हैं। जबकि सरकार द्वारा गांवों को खुले में शौच जाने से मुक्त कराने के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है और ग्रामीणों को सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग के लिए जागरूक किया गया है। शौचालयों पर लिखे शौचालय का हो उपयोग, मिटे गंदगी भागे रोग के नारों का केयरटेकर पलीता लगा रहा है।

बड़ा ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग

लहरपुर। स्थानीय पावर हाउस पर शनिवार को ग्राम नकैला के ग्रामीणों ने अवर अभियंता विद्युत ग्रामीण को प्रार्थना पत्र देकर गांव में रखें कम क्षमता के ट्रांसफार्मर के स्थान पर बड़ा ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की। क्षेत्र के ग्राम नकैला थाना सकरन निवासी रईस अहमद, ओंकार, रामनरेश, नीरज, आशीष, हसमत अली, इंदु कुमार, राजकुमार, लतीफ, आदर्श वर्मा, जावेद, मुख्तार, दिलीप, गुड्डू, मोहम्मद आरिफ, सहित दो दर्जन ग्रामीणों ने अवर अभियंता ग्रामीण अभिनव शुक्ला से भेंट कर गांव में कम क्षमता के लगे ट्रांसफार्मर के स्थान पर बड़ा ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ट्रांसफार्मर छोटा होने के कारण सही ढंग से लोड नहीं उठा पा रहा है और वोल्टेज कम आने की वजह से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कैंची धाम स्थापना दिवस पर कराया गया भंडारा

मछरेहटा। बाबा नीम करोरी धाम के प्राकट्य दिवस के अवसर पर कस्बा मछरेहटा में सुंदर कांड पाठ व भण्डारे का आयोजन किया गया। उत्तराखंड के नैनीताल जिले के अल्मोड़ा रोड पर स्थित नीब करोली बाबा के कैंची धाम आश्राम का आज 60वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस आश्रम की स्थापना नीम करोली बाबा ने 15 जून 1964 में की थी। इसी क्रम में कस्बा मछरेहटा स्थित इंडियन बैंक के सामने मछरेहटा के श्रद्धालुओं ने हनुमान पूजन के पश्चात सुंदर काण्ड व हनुमान चालीसा का पाठ किया, उसके बाद भंडारे का आयोजन किया।

अस्पताल में दर्द से कराहता रहा मरीज

लहरपुर। नगर के मोहल्ला बेहटी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर ताला लगा होने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें अस्पताल के बाहर खड़े मरीज मोहम्मद आकिल खान ठठेरी टोला, अशोक कुमार रामपुर मथुरा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि इस चिलचिलाती धूप में 10:30 बजे के बाद भी अस्पताल में ताला लगा हुआ है और कोई यह नहीं बताने का तैयार है कि अस्पताल क्यों बंद है। वायरल वीडियो के संबंध में जब राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अर्पणा चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी अस्पताल कर्मियों को शनिवार को योग को लेकर सीतापुर पुलिस लाइन में सुबह बुलाया गया था, जिसके चलते अस्पताल बंद था, लगभग 10:30 के मध्य वापस आने पर अस्पताल का संचालन किया गया।

जिला जज ने किया भंडारे का उद्घाटन

सीतापुर। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कचहरी के एलडीसी कार्यालय में आज भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। शनिवार दोपहर जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने पूजा पाठ कर भंडारे का शुभारंभ किया। आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज परिवार न्यायालय निशा झा, श्रीमती सुदेश कुमारी, लघुवाद न्यायाधीश राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में ऋतिकेश, वैभव श्रीवास्तव, वीरेंद्र मिश्र, सर्वेश कुमार सलीम वैभव वर्मा, सुजीत बाजपेई, शुभांशी बाजपेई आशुतोष शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

श्री कृष्ण की लीलाओं का मनमोहक मंचन

लहरपुर। क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने रासलीला के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मनमोहक मंचन किया। इस मौके पर कलाकारों के द्वारा सजाई गई भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य और सुंदर झांकियों को देख कर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

तहसीलदार नहीं कर रहे कृषि भूमि के दाखिल खारिज

मिश्रिख (सीतापुर)। कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला सीताकुंड वार्ड नंबर एक निवासी सचिन कुमार मिश्रा पुत्र महेश ने तहसील समाधान दिवस अधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक किता कृषि भूमि का पंजीकृत बैनामा ग्राम अकबरपुर में कराया था। इसके दाखिल खारिज की नियत तिथि 25 दिसंबर 2023 थी। आरोप है तहसीलदार यादव हैं और यादव बिरादरी के विरुद्ध कोई कार्य करना पसंद नहीं करते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अपने रिश्तेदारों को सूचना देकर प्रस्तुत वाद में आपत्ति लगवा दी है। ताकि भूमि का दाखिल खारिज न हो सके। जबकि इसके पहले पत्रावली में किसी भी प्रकार का कोई विवाद व आपत्ति नहीं थी। पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस में तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाही के साथ कृषि भूमि का दाखिल खारिज कराने की मांग की।

भंडारे का आयोजन

लहरपुर। ज्येष्ठ माह के शनिवार के पावन अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह प्रसाद वितरण व भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के छोटे बालाजी मंदिर पर निक्की रस्तोगी द्वारा, पक्के तालाब तीर्थ पर कुलदीप कश्यप, बरम बाबा देवस्थान पर दीपक कपूर, खतराना स्थित नव निर्मित शिव मंदिर पर अनुपम मेहरोत्रा, क्षेत्र के ग्राम पारा संराय पर सपा विधायक अनिल वर्मा ने भंडारों का आयोजन किया।

संस्कार भारती ने किया कवि कमलेश मौर्य 'मृदु' को सम्मानित

विश्ववार्ता संवाद

» मृदु की इस उपलब्धि पर साहित्यकारों ने दी बधाई

बिसवां (सीतापुर)। जिले के ख्यातिप्राप्त कवि एवं कला कुंज भारती पत्रिका के मुद्रक प्रकाशक साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को संस्कार भारती बरेली इकाई की बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया।

ब्रज प्रान्त के कार्यकारी अध्यक्ष सीए संजय गोयल, अखिल भारतीय साहित्य टोली के सदस्य आचार्य देवेन्द्र देव, प्रांतीय मंत्री अधिवक्ता अनिल राज गुप्ता ने मृदु को स्मृति भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में आगामी सितम्बर में प्रस्तावित प्रांतीय अधिवेशन पर विचार विमर्श के साथ कवि गोष्ठी भी हुई। संस्था के पदाधिकारियों में पीके दीवाना, कमल सक्सेना, हिमांशु श्रोतिय निष्पक्ष, किरन प्रजापति, कुलदीप वर्मा, रोहित राकेश, अमन पटेल, नीलिमा रावत,



गीतिमा तिवारी, डॉ महेश मधुकर व हरदयाल मौर्य भी उपस्थित रहे। मृदु के सम्मानित होने पर संस्कार भारती बिसवां इकाई के अध्यक्ष भगवत शरण श्रीवास्तव, मार्गदर्शक दिनेश चंद्र पांडेय, वृंदारक नाथ मिश्र, मंत्री घनश्याम शर्मा, वरिष्ठ सदस्य संदीप मिश्र सरस, अरुण गंवार, अरविंद सिंह मधुप, संजय पांडेय, कवि राजेश बाजपेयी प्रसून, आदि ने उन्हें बधाई दी है।

राष्ट्रपति आनंदी बेन पटेल से सम्मान पाकर हुए गदगद

बिसवां (सीतापुर)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग केजीएमयू लखनऊ द्वारा आयोजित रक्तदान को सम्मान कार्यक्रम में स्वैच्छिक रक्तदान शिवर आयोजित करने वाली संस्थाओं को महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के द्वारा सम्मानित किया गया।

दि सेकसरिया बिसवाँ शुगर फ़ैक्ट्री लि. बिसवॉ सीतापुर को भी इस सराहनीय कार्य के लिये सम्मानित किया गया। सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां के चिकित्सक डॉक्टर अमित सक्सेना ने कहा कि शुगर फ़ैक्ट्री में आयोजित रक्तदान शिविर के सभी रक्तदाताओं का एवं शुगर फ़ैक्ट्री के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारियों का हृदय से आभार एवं इस रक्तदान शिविर में सहयोगी संस्थाओं जेसीआई बिसवॉ एवं इनरव्हील क्लब बिसवाँ का भी उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

योग से शरीर, मन, आत्मा को मिलती है शान्ति

सीतापुर। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. सुरेश कुमार सचान ने बताया कि आज दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग सप्ताह के प्रथम दिन पुलिस लाइन्स में पूर्ण हर्षोल्लास एवं सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद सीतापुर अध्यक्षा श्रीमती नेहा अवस्थी तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती निधि बंसल तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी श्रीमती डा. किरन कुमारी दास की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं जैसे भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलियोग समिति, गायत्री शक्ति पीठ, प्रकृति पथ न्यास के साथ सामान्य जनमानस के लोगों ने पूर्ण उत्साह से योग के बारे में लाभ जैसे योग से शरीर, मन, आत्मा को शान्ति मिलती है सभी तरह से निरोग रहने का मार्ग प्रशस्त होता है जिसका प्रदर्शन विभाग के योग प्रशिक्षक गंगासागर, विनय कुमार, प्रियंका, दीपक एवं ऊषा ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. सुरेश कुमार सचान ने किया।

शिकायतों में राजस्व विभाग अव्वल चार शिकायतों का हुआ निस्तारण

विश्ववार्ता संवाद

» किले के कारिंदों पर अवैध कब्जे का आरोप

महमूदाबाद (सीतापुर)। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने जनता की फरियाद सुनी। एक फरियादी ने ग्राम समाज की भूमि में दर्ज जुबली बाग पर किले के कारिंदों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटवा कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की शिकायत दर्ज कराई तो, कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव ने वृक्षारोपण करने व सड़क सुधार के लिए पालिका प्रशासन को आदेशित करने की मांग उठाई। समाधान दिवस में विभिन्न विभाग की 68 शिकायतें दर्ज हुईं तो 35 शिकायतों के साथ राजस्व विभाग अव्वल रहा। अधिकारी मौके पर महज चार शिकायतों का समाधान करा सके। एसडीएम शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सीओ दिनेश शुक्ल ने भी जनता की शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में पुलिस 11, विकास खंड 6, विद्युत 3, पूर्ति विभाग 1, अन्य विभागों की 12 शिकायतें दर्ज हुईं।

मोहल्ला नई बाजार निवासी सुशील अवस्थी ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि 1970 में चकबंदी अधिकारी द्वारा मोहल्ला बेहटा छावनी स्थित जुबली बाग जिसका गाटा संख्या 115 जो कि ग्रामसमज के नाम दर्ज किया गया था। उक्त बाग आज भी ग्रामसमाज बेंहटा के नाम दर्ज है जो जुबली बाग के नाम से दर्ज है। जिसकी नीलामी राजस्व विभाग के द्वारा होनी चाहिए। मगर बाग पर राजस्व विभाग का कब्जा न होकर महमूदाबाद किले के राजपरिवार के कारिंदों ने कब्जा कर रखा है।

लेखपाल रामकुमार को बर्खास्त करने के लिए दी गई चेतावनी

विश्ववार्ता संवाददाता

» महर्षि दधीचि की कर्मभूमि मिश्रित में डीएम एसपी ने सुनी पीड़ितों की शिकायतें

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। लेखपाल रामकुमार के कार्यों में लापरवाही व राजस्व मामलों को अधिक समय तक लम्बित रखने व ससमय निस्तारण न करने पर बर्खास्त करने की चेतावनी देते हुये कहा कि यदि लम्बित प्रकरण समय से निस्तारित न किये तो बर्खास्तगी के लिये तैयार रहें। उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतों में से 4 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 68 प्रार्थना पत्रों में से 4, बिसवां में प्राप्त 65 प्रार्थना पत्रों में से 7, तहसील सदर में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 5, महोली में प्राप्त 43 प्रार्थना-पत्रों में से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। लहरपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर 33 लोगों ने समस्याओं के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिसमें से राजस्व से संबंधित तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव, खंड विकास अधिकारी प्रीतीतिवारी ,अनिरुद्ध पटेल नगर अधिशासी अधिकारी, प्रदीप गौतम अधिशासी अधिकारी तंबौर, नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सिधौली में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां विधायक मनीष रावत मौजूद रहे। तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों को बाहर काउंटर पर मौजूद क्षेत्रीय लेखपाल व तहसील कर्मियों द्वारा रोके जाने पर विधायक मनीष रावत ने नाराजगी व्यक्त की और सभी को अपनी बात तहसील समाधान दिवस में रखने के लिए निर्देशित किया। समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे कसिमापुर गांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल सत्येंद्र कुमार पर आबादी की जमीन पर सैकड़ों वर्षों से बने घरों को गिरवा देने की धमकी देकर अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाया जिस पर विधायक ने अधिकारियों द्वारा लेखपाल का पक्ष लिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने सामने आए कई मामलों में स्पष्ट निस्तारण के निर्देश दिए। आए कुल 57 प्रार्थना पत्रों में से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अनिल कुमार तहसीलदार विनोद सिंह, क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद आदि मौजूद रहे।

आयोजन कृषि में नवाचार व उद्यमिता को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन

मशरूम व वर्मी कंपोस्ट पर 27 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

» प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के लिए बेहद उपयोगी

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीआई) के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में मशरूम ग्रोवर एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादक पर 27 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र शनिवार को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में कार्यकुशलता एवं दक्षता का सृजन करना है। इन उद्देश्यों में मुख्य रूप से कौशल विकास, रोजगार के अवसरों का सृजन,

प्रशिक्षण में मौजूद प्रतिभागी

उत्पादकता व गुणवत्ता में सुधार, उद्यमिता को बढ़ावा, बाजार की जानकारी, आधुनिक तकनीकों का ज्ञान, पर्यावरणीय स्थिरता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी को प्रोत्साहित करना शामिल है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संजीव कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कमलेश कुमार पांडेय पूर्व निदेशक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने की।कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने संस्थान द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें कृषि में नवाचार व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।

मुख्य अतिथि ने कृषि कार्यों में वर्मी कम्पोस्ट की उपयोगिता और भारतीय व्यंजनों में मशरूम की बढ़ती मांग के संदर्भ में बाजार प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. केके पांडेय ने प्रतिभागियों को कार्य में कुशलता के महत्व पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कृषि में कुशलता ही सफलता की कुंजी है और इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी इसे प्राप्त कर सकेंगे।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. शिशिर कांत सिंह, डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों का विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने मशरूम उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट की प्रक्रिया, और कृषि में नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी भी दी।

अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

पिसावां (सीतापुर)। पिसावां क्षेत्र के कुतुबनगर उपकेंद्र द्वारा अघोषित बिजली कटौती के कारण दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोग खासा परेशान रहने को मजबूर हैं। एक तरफ जहां सूर्य देव धरती को तपाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। वही दूसरी तरफ कुतुबनगर उपकेंद्र के अधिकारी और कर्मचारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे।

बिजली काटने का कोई रोस्टर नही है। विभाग का जब मन में आया बिजली काट दी। वही संबंधित अधिकारी और कर्मचारी आम जनता का फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझते के। आम जनता को इस भयानक गर्मी में पेयजल सहित तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए सुचारू रूप से बिजली देने की अपील की है ताकि उन्हें भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

एक नजर

दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, महिलाओं समेत आधा दर्जन घायल

फतेहपुर उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव गोपाल खेड़ा में ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद एवम मारपीट में दो महिलाओं समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिन्हें डाक्टरी परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया। जहां से एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव निवासी छेदा के घर के लोग ट्रैक्टर से बाबा हजारी बाग में चल रही भागवत कथा के भंडारे में जा रहे थे। उधर से साहब लाल के पुत्र लवकुश भी वहीं जाने के लिए ट्रैक्टर लेकर आगे खड़ा कर दिया। सकरे रास्ते के कारण पहले ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद होने लगा और लाठी डंडों से मारपीट हो गई। मारपीट में छेदा पक्ष के भाई रमेश छेदा की पत्नी रजनी समेत तीन लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से लवकुश तथा साहब लाल की पत्नी रामदेवी आदि घायल हो गए। दोनो पक्षों ने थाना पहुंचकर सूचना दी जिस पर सभी को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया जिसमें लवकुश को रेफर कर दिया गया।

घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिये लाखो के जेवरात

नवाबगंज उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव महनौरा में शुक्रवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर से लाखों के जेवर समेत हजारों की नगदी पार कर दी। भवन स्वामी के सुबह उठने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ति ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। जिसके बाद सोहरामऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और पीड़ित से तहरीर ली है। थाना क्षेत्र के गांव महनौरा निवासी पंकज सिंह के घर को चोरों ने निशाना बनाया। घर के पिछले हिस्से में सेंध लगाकर कमरे में दाखिल हो गए चोरों ने बक्से व अलमारी को तोड़कर लगभग लाखों रुपये की सोने की ज्वैलरी व ढाई हजार रूपए नगद ले गए, घटना के समय भवन स्वामी घर पर मौजूद नहीं था। पत्नी प्रियंका अपने दोनो बच्चो प्रशांत (5) और जग्गा (3) को लेकर बाहर बने कमरे में सो रही थी। सुबह उठने पर जब प्रियंका पीछे के कमरे में गई तो देखा बक्से को पीछे की तरफ से सरिया डालकर उल्टा खुला पड़ा है। अलमारी और लाकर भी टूटा पड़ा है यह देख प्रियंका के होश उड़ गए और चीखते हुए बाहर आई ससुर बजरंग सिंह के पूछने पर पूरी घटना बताई। एस आई मोहम्मद असलम ने बताया कि भवन स्वामी पंकज सिंह की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

अज्ञात कारणों से दुकानों में लगी आग, लाखो का सामान राख

सफीपुर उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रात 11 बजे सड़क के किनारे लकड़ी की गुमटी मे रखी दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे दुकान में रखा गैस सिलेंडर फटने से आस पास की गुमटियो में भी आग लग गई। जिनमें रखा लाखों का सामान हुआ राख। थाना क्षेत्र के चकलवंशी सण्डीला मार्ग पर स्थित कस्बा रसूलाबाद के मन्दिर चौराहे पर रात 11 बजे दीपक राठौर निवासी रसूलाबाद लकड़ी की गुमटी मे दुकान रखे था। जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई दुकान में रखा सिलेंडर फट जाने से आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते चौराहे पर गुमटियो मे रखी सभी दुकानें जल कर राख हो गई। जिसमें सभी दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ। शोरगुल सुनकर दौड़े लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार दीपक राठौर पुत्र प्रमोद राठौर का 50-60 हज़ार रुपये नुकसान, विजय शंकर यादव पुत्र भैयालाल यादव 90-95 हज़ार रुपये का नुकसान, संदीप सविता पुत्र सुन्दर सविता 75-80 हज़ार का नुकसान व रामेश्वर यादव पुत्र हाज़री यादव निवासी कमलापुर का भी नुकसान हुआ है।

नए सत्र से पूर्व मिलेगा छात्रों को डीबीटी का लाभ

कानपुर। उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालय गर्मी की छुट्टियों के बाद 25 जून से फिर खुलेंगे। नए सत्र में स्कूल खुलने से पहले ही बच्चों के ड्रेस, स्टेशनरी, जूता-मोजा खरीदने के लिए नकद राशि उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके लिए डीबीटी संबंधी तैयारी तेजी से चल रही है। विभाग इसे अगले सप्ताह करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इसके लिए समय मांगा गया है।परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा एक से आठ तक के लगभग दो करोड़ बच्चों को हर नए सत्र में प्रदेश सरकार की ओर से 1200 रुपये डीबीटी किया जाता है। यह राशि सीधे बच्चों के अभिभावकों के बैंक खाते में भेजी जाती है। पिछले साल भी मुख्यमंत्री ने खुद इस राशि ट्रांसफर की थी। इस राशि से बच्चों के लिए ड्रेस, स्टेशनरी, जूता-मोजा व स्वेटर खरीदे जाते हैं।वहीं विभाग की ओर से बच्चों को निशुल्क किताब का वितरण अलग से किया जाता है। इस तरह परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पूरी तरह निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था है। इस बार भी विभाग ने डीबीटी से जुड़ी आवश्यक तैयारी दो दिन में पूरी करने को कहा है। बच्चों के अभिभावकों के आधार नंबर उनके बैंक खाते से लिंक कराने पर सबसे ज्यादा जोर है।ताकि डीबीटी राशि जारी होते ही सीधे उनके खाते में पहुंच जाए।

पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कानपुर में परिवाद दाखिल

कानपुर। नगर में शिवपुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कानपुर में अधिवक्ता ने परिवाद दाखिल किया है। कथावाचक के द्वारा राधा रानी को लेकर किए गए कथा सुनाने के दौरान कहे गए शब्दों को लेकर लगातार अलग-अलग शहरों में विरोध हुआ है। जिसमें प्रेमानंद महाराज ने भी राधा रानी पर की गई ऐसी टिप्पणी को लेकर नाराजगी जताई थी। कानपुर के अधिवक्ता का कहना है कि प्रदीप मिश्रा के राधा रानी पर की गई टिप्पणी से हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। अधिवक्ता मनोज कुमार दीक्षित ने मशहूर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा पर कानपुर न्यायालय में एक परिवाद दाखिल करवाया है, जिसका आधार उनका एक वीडियो है अधिवक्ता का कहना है वीडियो में पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्री राधा रानी के जन्मस्थल और विवाह के सम्बंध में जो कहा है उससे करोड़ो हिंदुओ की आस्था को ठेस लगी है। हिन्दू कुल में जन्मे और ईश्वर में अगाध आस्था रखने वाले मनोज कुमार दीक्षित निरंतर पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनते रहते है। जिसके वीडियो यूट्यूब पर उपलब्ध है, लेकिन उनके द्वारा एक ऐसे ही यूट्यूब वीडियो के कारण मनोज दीक्षित के हृदय को आघात लगा और उन्होंने हिंदुओं की आस्था के प्रति इस अपमान के कारण अपना नैतिक अधिकार माना। जिस कारण ही उन्होंने कथा वाचक पर धारा 153 ए, 295 ए, 298 आईपीसी में परिवाद दाखिल किया है। इस मामले में कानपुर न्यायालय में 26 जून को सुनवाई होगी ।

बायोमेट्रिक मशीन खराब, सैलरी कटी, डॉक्टरों ने काटा हंगामा

कानपुर। नगर में शनिवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य कार्यालय के बाहर डॉक्टर ने सैलरी काटे जाने को लेकर हंगामा व विरोध कर दिया। बायोमैट्रिक मशीन खराब होने से नाराज जूनियर डॉक्टर धरने पर बैठ गए। डॉक्टरों का कहना है कि बायोमेट्रिक मशीन खराब होने पर उपस्थिति नहीं दर्ज हुई और सैलरी कट गई। इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर भी हंगामा किया। हालांकि इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से चालू है। सीनियर प्रो. यशवंत राव व उप प्रधानाचार्य प्रो. रिचा गिरी ने जूनियर डाक्टरों को समझाने का प्रयास किया। डॉक्टर्स का कहना है कि अटेंडेंस के लिए लगी बायोमेट्रिक मशीन खराब है, इसमें हमारी क्या गलती है। उल्टा सैलरी भी हमारी काट दी गई।

सीएमओ दफ्तर के पीछे मिली महिला की लाश

कानपुर। नगर में सीएमओ दफ्तर के पीछे एक महिला की लाश शनिवार को बरामद हुई । हत्यारों ने महिला की पहचान छिपाने के लिए चेहरा एसिड से जला दिया है। सूचना पर पहुंची चकेरी थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। प्राथमिक जांच में रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। महिला की उम्र करीब 35 साल है। महिला की शिनाख्त के लिए चकेरी थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम काम कर रही है। लेकिन दोपहर तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। सीएमओ ने बताया कि उन्हें आशंका है कि शव को सीएमओ दफ्तर में लाकर फेंका गया है। वहीं, कुछ लोगों की मानें तो कैंपस में ही वारदात को अंजाम दिया गया है। एडीसीपी ईस्ट लखन यादव ने बताया कि महिला की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही किन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है, जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही पूरे केस का खुलासा करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

अपहृत किशोरी सकुशल बरामद, आरोपित गिरफ्तार

कानपुर। स्वरूपनगर थाने की पुलिस ने शनिवार को अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद करने में सफलता प्राप्त कर ली है इसके साथ ही अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजेगी। पुलिस उपायुक्त मध्य आर.एस.गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कानपुर नगर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मकड़ी खेड़ा निवासी सुतेश सोनकर पुत्र गंगा प्रकाश है। पुलिस टीम ने नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा और उसकी तलाश शुरू कर दी। गठित पुलिस टीम ने हैलट अस्पताल व केडीए क्षेत्र एवं आसपास के दुकानो एवं चौराहों पर ऑपरेशन त्रिनेत्र एवं दृष्टि के अंतर्गत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखा, इसके साथ अपहृता की फोटो दिखाकर रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डा पर तलाश करने लगी। हालांकि पुलिस टीम ने आरोपित सुतेश सोनकर को झकरकटी बस अड्डा कानपुर नगर से गिरफ्तार किया और किशोरी को सकुशल बरामद किया।

कानपुर विकास प्राधिकरण का अवैद्य कब्जों पर फिर चला चाबुक

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। कानपुर विकास प्राधिकरण अब नगर के अवैद्य कब्जेदारो पर चाबुक चलाकर भूमाफियाओं पर शिकंजा कसने का काम बखूबी कर रहा है।

बीते 15 दिनों के भीतर केडीए की ओर से अवैद्य कब्जों को सील करने की कार्यवाही शनिवार को भी जारी रही। शनिवार को केडीए के प्रवर्तन दल ने शहर के दक्षिणी इलाकों में दो दर्जन से अधिक अवैद्य कब्जों को सील करने का काम किया। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने शहर को पूरी तरह से कब्जों से मुक्त कराने का बीडा उठाया है जिस पर अमल करने का हर सम्भव प्रयास भी किया जा रहा है। बीते गुरुवार को केडीए ने शहर के लगभग सभी थानेदारों को अवैद्य कब्जे दारों पर कार्यवाई करने के निर्देश जारी किए थे जिस पर पुलिस और केडीए की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही भी शुरु कर दी है। उनके निर्देश से केडीए प्रवर्तन विभाग के जोन-3 क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सम्बन्धित - बर्रा थाने के अन्तर्गत परिसर संख्या - 210, ब्लाक डब्लू - 2, जूही कलां, कानपुर नगर, थाना- किदवई नगर के अन्तर्गत परिसर संख्या - 784 / 15, ब्लाक डब्लू-1, साकेत नगर, कानपुर नगर, थाना-गोविन्द नगर के अन्तर्गत परिसर संख्या - 13 / 141, 13/142 व 13 / 143, ब्लाक-13, गोविन्द नगर, कानपुर नगर, दुकान नं0-36, 37, 38, 39 व 40, डीबीएस मार्केट, गोविन्द नगर, कानपुर नगर एवं परिसर संख्या - 47 बी, दादा नगर, कानपुर नगर को सील किये जाने की कार्यवाही की गयी । उक्त कार्यवाही प्रवर्तन जोन-3 के विशेष कार्याधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय, के निर्देशन में रामदास अवर अभियन्ता व अन्य सम्बन्धित प्रवर्तन के स्टाफ और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में की गयी।

केडीए की ओर से जारी सूचना के अनुसार नगर सीमा क्षेत्र में अवैध व अनाधिकृत निर्माणों और उसके साथ ही विकास के विरूद्ध निर्माणो की सीलिगं एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अभियान और भी तेजी से चलाया जायेगा ।

हेड कांस्टेबल का क्षत विक्षत शव नाले में पड़ा मिला

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। नगर के भगवतदास घाट नाले में एक हेड कांस्टेबल का शव पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची फीलखाना थाने की पुलिस ने उसके शव को बाहर निकाला और जांच-पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हेड कांस्टेबल का चेहरा, अंगुलियां और प्राइवेट पार्ट किसी केमिकल से जलाने की आशंका है। मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर फीलखाना पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। भगवतदास नाले में शव मिलने की सूचना पर फीलखाना थाने की पुलिस मौके पर जांच पड़ताल करने पहुंची थी। शव के पास एक खाकी वर्दी के साथ पहनी जाने वाली बेल्ट भी मिली थी। इससे पुलिस का संदेह बढ़ा।

लेकिन डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ले के लोगों के मुताबिक शव को कुत्ते और सुअर नोच रहे थे। इसके चलते प्राइवेट पार्ट और चेहरा गायब होने का अंदेशा है। पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही साफ हो सकेगा कि हत्या है या हादसा। डीसीपी ने यह भी बताया कि कानपुर पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल आर्म्ड फोर्स (एचसीएपी) की पहचान मूल रूप से ग्राम लारौनी लहचूरा झांसी निवासी खेम चंद्र (55 वर्ष) के रूप में हुई है। खेमचंद्र शराब का लती था। जहां पर उसका शव मिला है। रोजाना वहां पर ही शराब पीने जाता था। शटर के नीचे से हाथ डालते हैं और एक क्वाटर शराब लेकर उसे जेब में रख कर वहां से चले जाते हैं। उस वक्त समय 5:15 हो रहा है। जबकि ये समय ठेका खुलने का नही होता है फिर भी शटर के नीचे से शराब बेची जा रही है। इसके बाद सुबह लगभग 8:30 बजे पुलिस को इलाकाई लोगों की तरफ से सूचना मिलती है। पुलिस मौके पर पहुंचती है और अज्ञात में शव का पंचायतनामा भरकर उसे मॉर्च्युरी में दाखिल करा देती है। फुटेज को पुलिस के ग्रुप में भेज दिया जाता है। इसी दौरान पुलिस लाइन के पास तैनात एक होमगार्ड ने सबसे पहले खेमचन्द्र की शिनाख्त की। उसने पुलिस लाइन में तैनात अफसरों को इसकी जानकारी दी। पुलिस लाइन में लगे कैमरे देखे गए तो उसमें खेमचन्द्र सुबह लगभग 4 बजे पुलिस लाइन से निकलते हुए भी देखे गए। एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि खेमचन्द्र लोअर के ऊपर पैंट भी पहनते थे। जब पोस्टमार्टम में जांच पड़ताल की गई तो लोअर और पैंट भी मिला। इससे पुलिस कर्मियों को लगभग यकीन हो गया कि मृतक हेड कांस्टेबल ही है। देर शाम जब ट्रेनी दरोगा बेटा आया तब उसने आकर शव की शिनाख्त की और हत्या की तहरीर दी।

कानपुर में सुबह से ही लू और धूप का कहर जारी रहा

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। नगर में आज शनिवार को कानपुर में सुबह से ही लू और धूप का कहर जारी है। शुक्रवार को कानपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। एयरफोर्स वेदर स्टेशन पर अधिकतम पारा 46.7 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। 40-45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लू चली। मौसम विभाग ने फिलहाल 17 जून तक लू-धूप का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक 18 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। 20 जून तक राज्य के मध्य भागों में भी छिटपुट बारिश होने की संभावना बनने लगी है। ये बहुप्रतीक्षित मानसूनी बारिश न केवल भीषण गर्मी से राहत लाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश में जल स्थिति में भी काफी सुधार करेगी। राज्य के सूखे क्षेत्रों को अंततः अच्छी बारिश मिलेगी, जिससे मिट्टी की नमी बढ़ेगी और जल की कमी पूरी होगी। जून में पहली बार अधिकतम तापमान 45 डिग्री पार कर गया। दिन का पारा 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से करीब 5 डिग्री अधिक है। एयरफोर्स वेदर स्टेशन पर अधिकतम पारा 46.7 डिग्री रहा, जो जून का सर्वाधिक है। गुरुवार-शुक्रवार की रात भी बेहद घुटन भरी रही। नमी का अधिकतम प्रतिशत 38 रहा। वहीं कानपुर में रात का पारा 34.4 डिग्री दर्ज किया गया। सीजन में पहली बार लू की गति अधिक रही। कई बार यह 45 किमी. प्रति घंटा तक पहुंच गई। जितनी तेज लू दिन में रही उससे कम रात में भी नहीं रही। लू की औसत गति 12.3 किमी प्रति घंटा रिकॉर्ड की गई है जो सीजन की सर्वाधिक है। मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया, फिलहाल 17 जून तक गर्मी से राहत की संभावना नहीं है। हल्के बादल आते-जाते रहेंगे पर बरसेंगे नहीं होगी । तापमान में अभी और वृद्धि संभव है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट चल रहा है, जो बना रहेगा।

सेंट्रल स्टेशन से होकर जाने वाली कई ट्रेने बदले हुए रूट से चलेंगी

कानपुर। नगर में रेलवे ने कानपुर सेंट्रल से जाने वाली कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किया है। 15 जून शनिवार को वाया सेंट्रल स्टेशन होकर जाने वाली कई ट्रेने बदले हुए रूट से चलेंगी। यह फैसला रेलवे ने मालखेड़ी और महादेवखेड़ी के बीच चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते लिया है। इस वजह से ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

18 और 25 जून को लोकमान्य तिलक प्रयागराज, 19 और 26 जून को बंगलूरू प्रयागराज, 21 और 28 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल सूबेदारगंज एक्सप्रेस 04116 और 20 व 27 जून को सूबेदारगंज लोकमान्य तिलक टर्मिनल 04115 इसी रूट से जाएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है की ट्रेन के रूट में परिवर्तन से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में कुछ अधिक समय लग सकता है।

सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

विश्ववार्ता संवाददाता

बांगरमऊ उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में तहसील बांगरमऊ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर जन सामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनी गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर कुल 122 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें राजस्व विभाग की 95, गृह विभाग की 9, विकास विभाग की 4, खाद्य एवं रसद विभाग की 3, चकबंदी विभाग की 6, विद्युत विभाग की 2, अन्य 3 सहित कुल 122 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं ताकि शिकायतों की पुनरावृति न हो। आगामी संपूर्ण समाधान दिवस तक सभी मामले निस्तारित कर दिए जाएं। निस्तारण में दोनों पक्षों की सहमति ली जाए। अधिकारी गण जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) रामदेव निषाद, तहसीलदार साक्षी राय, नायब तहसीलदार दीपक कुमार, तहसील कार्यालय के मुख्य कंप्यूटर ऑपरेटर रामजी सैनी सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उपस्थित रहे।

गंगा दहशरा और बकरीद के मद्देनजर शहर में चाक-चौबंद व्यवस्था

कानपुर। नगर में गंगा दहशरा और बकरीद के मद्देनजर शहर में चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसको लेकर शुक्रवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने मंडलीय समीक्षा बैठक की। मंडल के सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। गंगा दशहरा के मौके पर गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। किसी भी हादसे से निपटने के लिए गंगा में बड़े पैमाने पर गोताखोरों की तैनात की जाएगी। प्रत्येक घाट पर दो शिफ्ट में गोताखोर तैनात किए जाएंगे। हर घाट पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी भी तैनात होंगे। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत तारों का उच्चीकरण, गड्डा मुक्त सड़कें, मोबाइल टायलेट, एम्बुलेन्स की तैनाती मय चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ के साथ की जाएगी। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में सड़क पर नमाज नहीं होनी चाहिए। ईदगाह व नमाज अदायगी स्थलों पर हर समय पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई जाएं।

प्रदेश में 18 जून के बाद गर्मी से मिल सकती है राहत

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के लोगों को 18 जून तक चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत की उम्मीद कर सकते हैं। क्योंकि मौसम मॉडल्स रिपोर्ट के अनुसार स्थितियों में बदलाव की संभावना है। यह जानकारी शनिवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि राज्य के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है, जिसमें पूर्वी प्रयागराज ,झांसी में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कानपुर में तापमान 44 डिग्री के आसपास बने हुए है वाराणसी, बहराइच, हमीरपुर, बुलंदशहर, लखनऊ, हरदोई और बरेली जैसे शहरों में भी तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है।

डॉ. पांडेय ने बताया कि यह लंबे समय से जारी हीट वेव इंडो-गैंगेटिक मैदानों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में, हाल के वर्षों में देखी गई सबसे गंभीर हीट वेव में से एक रही है। इस लगातार गर्मी के पीछे का कारण लगातार शुष्क मौसम, साफ आसमान और गर्म, शुष्क पश्चिमी हवाएं हैं। ये हवाएं सिंध, बलूचिस्तान और थार रेगिस्तान के शुष्क क्षेत्रों से आती हैं, जिससे गर्मी और बढ़ जाती है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि गर्मी से हालांकि अब राहत की उम्मीद है। 18 जून से मौसम में बदलाव की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के आस-पास के क्षेत्रों में एक चक्रवाती परिसंचरण बनने की उम्मीद है। इसके अलावा इस परिसंचरण से उत्तराखंड की ओर एक ट्रफ बढ़ेगा, जो उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों को प्रभावित करेगा। इससे आर्द्रता में वृद्धि होगी, जिससे मानसून के धीरे-धीरे आने का मार्ग बनेगा। मानसून पहले पूर्वोत्तर उत्तर प्रदेश में पहुंचेगा और फिर 20 या 21 जून तक उत्तर पश्चिमी भागों की ओर बढ़ेगा। डॉ. पांडेय ने बताया कि भीषण गर्मी से राहत बारिश के रूप में आएगी। 18 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। 20 जून तक राज्य के मध्य भागों में भी छिटपुट बारिश होने की संभावना है। ये बहुप्रतीक्षित मानसूनी बारिश न केवल भीषण गर्मी से राहत लाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश में जल स्थिति में भी काफी सुधार करेगी।

हैदराबाद से कानपुर चिड़ियाघर आयेंगे 14 वन्यजीव

कानपुर। नगर में जुलाई के पहले सप्ताह तक हैदराबाद चिड़ियाघर से एक सफेद नर बाघ, एक जोड़ा देसी भालू और दो जोड़ा रेड इयर्ड स्लाइडर (लाल कान वाला कछुआ) समेत 14 वन्यजीव कानपुर चिड़ियाघर आएंगे। इसके बदले में यहां से एक मादा बंगाल टाइगर, दो तेंदुआ समेत 11 वन्यजीव जाएंगे। कानपुर चिड़ियाघर प्रशासन बीते तीन माह से अकेले रह रहे वन्यजीवों के साथी तलाशने में जुटा था। काफी प्रयास के बाद अफसरों को सफलता मिल गई है। हैदराबाद चिड़ियाघर से नए वन्य जीव लाए जाएंगे।चिड़ियाघर में पहली बार दर्शकों को चार रेड इयर्ड स्लाइडर (लाल-कान वाला कछुआ) देखने को मिलेगा। कानपुर चिड़ियाघर में अकेली रह रही मादा सफेद बाघिन को एक नर साथी मिलेगा। चार चौसिंगा हिरण, एक सांभर हिरण (मादा) आएगी। इसके बदले में कानपुर चिड़ियाघर से एक बंगाल टाइगर (मादा), पांच बारहसिंघा , तीन चिंकारा हिरण, दो मादा तेंदुआ हैदराबाद चिड़ियाघर भेजे जाएंगे।

चिड़ियाघर निदेशक केके सिंह के मुताबिक हैदराबाद से 14 वन्यजीव कानपुर चिड़ियाघर लाए जा रहे हैं। यहां से 11 वन्यजीव जाएंगे।

प्लाट पर कब्जे को लेकर वकीलों के गुट और बीजेपी नेता के बीच गोलियां चलीं

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। नगर में काकादेव के गीता नगर अम्बेडकर पुरम में देर शाम एक प्लाट पर कब्जे को लेकर वकीलों के गुट और बीजेपी नेता के बीच संघर्ष हो गया। वकील प्लॉट पर कब्जा करने पहुंचे तो भाजपा नेता पिता-पुत्र ने घर से रायफल निकालकर ताबड़तोड़ फायर झोंका। गनीमत रहीं कि किसी के गोली नहीं लगी। मारपीट और भगदड़ के दौरान गिरने से कुछ वकील चुटहिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता पिता और पुत्र को हिरासत में ले लिया।

इसके साथ ही दोनों की रायफल को भी कब्जे में लिया है। गीता नगर के अम्बेडकर नगर निवासी भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह के पड़ोस में रहने वाली विनीता परिहार में अपना प्लॉट यशोदा नगर पशुपति नगर निवासी हिमांशु दीक्षित, जरौली निवासी दिलीप कुमार और मछरिया नौबस्ता निवासी कुलदीप सिंह यादव को बेच दिया था। कोर्ट में इसका बैनामा 17 मई को हो गया था। वकीलों ने लिखापढ़ी होने के बाद गुरुवार को प्लॉट को खाली करने के लिए नोटिस भिजवाया था, लेकिन राघवेंद्र सिंह ने नोटिस तो रिसीव किया लेकिन प्लॉट खाली नहीं किया। शुक्रवार शाम को प्लॉट खरीदने वाले अधिवक्ता कुलदीप सिंह यादव, हिमांशु दीक्षित और दिलीप कुमार 25 से 30 वकीलों के साथ प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचे। राघवेंद्र ने वकीलों का विरोध किया लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी और मारपीट शुरू कर दी। इससे झल्लाए राघवेंद्र और उनका बेटा देवेंद्र घर से लाइसेंसी रायफल निकाल लाए और वकीलों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना शुरू कर दी। करीब आठ राउंड फायरिंग की। इस दौरान भगदड़ मच गई और एडवोकेट प्रिंस घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक राघवेंद्र ने रायफल और उनके बेटे देवेंद्र ने रायफल से फायर किया था। दोनों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया और असलहा भी कब्जे में लिया है। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि राघवेंद्र और देवेंद्र के खिलाफ हत्या के प्रयास, शांति भंग करना और आम आदमी के जीवन को खतरे में डालने का केस दर्ज किया गया है। राघवेंद्र की रायफल कब्जे में ले ली गई है। लाइसेंस कैंसिलेशन के लिए जिलाधिकारी कार्यालय को पत्र लिखा जाएगा।

सरकार ने मांगा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। दिव्यांगजन सशक्ती कारण विभाग उत्तर प्रदेश ने कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों को निशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। यह जानकारी शनिवार को कानपुर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से दिव्यांगजनों को सरकार ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्टिक, स्मार्ट केन, वॉकर, कान की मशीन, एमआरकिट, लिप्रोसी किट, ब्रेल किट आदि सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किये जाते है। श्री उत्तम ने बताया कि विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल https://divyangjanup.upsdc.gov.in विकसित किया है। जिस पर जाकर दिव्यांगजन ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। कानपुर नगर के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हे कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण की आवश्यकता है वह दिव्यांगजन पोर्टल पर जाकर आवेदन करें।

उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुई एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, जन्मतिथि उप आयु प्रमाण पत्र-आधार कार्ड,हाईस्कूल मार्कशीट अथवा चिकित्सक से प्रमाणित आयु सत्यापित, पहचान प्रमाण पत्र वोटर आई.डी. अथवा हाईस्कूल मार्कशीट अथवा यू.डी.आई.डी. कार्ड, आय प्रमाण पत्र शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले दिव्यांगजन की वार्षिक आय 56.460.00 रूपए एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले दिव्यांग की वार्षिक आय 46,080.00 जो तहसील से जारी अथवा सांसद,विधायक, महापौर,ग्राम प्रधान ने जारी किया हो), दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यू.डी.आई.डी. कार्ड, अनु. जाति. एवं जनजाति हेतु जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, चिकित्सा अधिकारी का उपकरण दिये जाने हेतु संस्तुति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी।

उर्स मुबारक बड़ी धूमधाम व हकीकत के साथ मनाया गया

बांगरमऊ उन्नाव। नगर के मोहल्ला सय्यदवाड़ा में स्थित मशहूर दरगाह खानकाहे आलिया कादरिया यासीनिया में हजरत सैयद मखदूम यासीन शाह कादरी रहमत अलैहिस्सलाम का 264 वां उर्स मुबारक बड़ी धूमधाम व अक़ीदत के साथ मनाया गया।

मशहूर दरगाह खानकाहे आलिया कादरिया यासीनिया में यहां के सज्जादानशी हज़रत सय्यद अतहर शाह कादरी उर्फ़ अत्तु मियां साहब की सरपरस्ती व हजरत सय्यद गयासुद्दीन उर्फ मौसी मियां साहब की ज़ेरे निगरानी में बीती बृहस्पतिवार की रात में जलसा ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। जिसमें देश के जाने माने मशहूर कव्वाल अब्दुल कादिर रहमती व नादिर रहमती ने अपने बेहतरीन कलाम सुनाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस मौके पर सफीपुर की मशहूर दरगाह के सज्जादानशी हजरत नवाजिश मोहम्मद फारूकी उर्फ समदी मियां साहब, हाफिज व मौलाना अब्दुल मुबीन, हाफिज जीशान, हाफिज सरताज, मौलाना नफीस, सलमान बिल्हौर, कलीम मौदहा, इकराम अली, हसीन अहमद, समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित काफी संख्या में हकीदतमंद मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस पर 181 शिकायत पत्रों में 15 का मौके पर किया निस्तारण

विश्ववार्ता संवाददाता

सफीपुर उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा की उपस्थिति में तहसील सफीपुर, उन्नाव में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनीं गयीं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सफीपुर, उन्नाव में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 38, गृह विभाग की 33, विकास विभाग की 24, समाज कल्याण की 18, विद्युत विभाग की 17, पूर्ति विभाग की 19 सहित अन्य विभागों की 32 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 181 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर डीएम द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।

डीएम ने कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार का विलंब न करें। संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक बंबा लाल दिवाकर सफीपुर ने भी प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाए।इस दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टहार विभाग सफीपुर द्वारा क्षेत्रीय महिला शन्नो देवी की गोद भराई कार्यक्रम की रस्म जिलाधिकारी द्वारा की गयी। इस मौके पर सीएमओ डाक्टर सत्य प्रकाश, पीडी कमलेश कुमार, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, सीवीओ डा0 एसएम प्रसाद, समाज कल्याण अधिकारी डाक्टर नीलम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी बी के दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्र, उप संभागीय वन अधिकारी संतोष कुमार वर्मा, जिला प्रोबशन अधिकारी क्षमानाथ राय, एलडीएम सुनील वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

24 में सिर्फ 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

रायबरेली। ऊंचाहार एसडीएम के नेतृत्व में तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24 शिकायतें आईं, चार का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य के निस्तारण के लिए एसडीएम ने टीम भेजकर निस्तारण करवाने के निर्देष दिया है।

बालक पर लगा किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोप

रायबरेली। जगतपुर थाना के एक गांव की नाबालिक किशोरी के साथ किशोर बालक के द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है, जिसकी लिखित तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दिया गया है।

सूचना अपहरण की, सकुशल मिला युवक

रायबरेली। ऊंचाहार थाना पुलिस ने अपहृत युवक धीरेन्द्र कुमार सरोज को सकुशल बरामद किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक के पिता होरीलाल के तहरीर पर चार अज्ञात पर अपहरण करके उसके साथ अनहोने होने की सूचना को गंभीरता से लिया गया।जिसमें उसके पुत्र धीरेन्द्र कुमार सरोज को सकुषल बरामद करके परिजन को सुपुर्द कर दिया गया है।जिसमें सत्यता के तह तक जाने के लिए जांच पड़ताल जारी होने का दावा किया है।

ऊंचाई से स्टंट नहर में करने का वीडिओ वायरल

रायबरेली। जिले के शारदा नहर में बेकाबू गर्मी के बीच कुछ युवक ऊंचाई से कूदकर नहर के पानी में स्टंट कर रहे थे जिसका वीडीओ सोशल मीडिया में वायरल हो गया। वायरल वीडीओ के बाद प्रषासनिक व पुलिस विभाग जांच जारी कर दिया है।सीओ ने बताया कि वीडीओ के आधार पर जांच किया जा रहा है।

भूमि विवाद में मारपीट, चार गंभीर घायल

रायबरेली। ऊंचाहार थाना के गांव छतौनामरियानी निवासी बृजेष कुमार 32 वर्ष, सुनीता 30 वर्ष व अनीता 35 वर्ष रामफल 60 वर्ष को पुरानी भूमि विवाद के रंजिस को देकर गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडो से पिटाई कर दिया।जिसमें चारो को चोट आने पर सीएचसी में भर्ती करवाया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के अनुसार विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

महिला को दौड़ा दौड़कर पीटा, भर्ती

रायबरेली। ऊंचाहार थाना के गांव खान आलमपुरसतहरा निवासिनी सीमा 24वर्ष को रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने दौड़ा दौड़ाकर मारपीट करके घायल कर दिया है। जिसमें महिला को गंभीर चोट आने पर सीएचसी में भर्ती किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

डीएम ने सुनी तहसील दिवस में फरियाद

रायबरेली। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डलमऊ तहसील में किया ,जहां पर आए जनता के शिकायतों को सुना गया। जहां पर कई कर्मचारी व अधिकारी अनुपस्थिति होने पर उनके खिलाफ नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगने हेतु निर्देष मतहत अधिकारियों को दिया गया।जहां पर पुलिस अधीक्षक व अन्य कई जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

ढाई लाख रूपये छीनने का दो पर आरोप

रायबरेली। सरेनी थाना के गांव अहिरनकापुरवा मजरे रामखेड़ा निवासी राजबहादुर पुत्र भगवती प्रसाद ने एसपी को लीखित तहरीर दिया है। आरोप है कि दोनो नामजदों के द्वारा ढाई लाख रूपए नगदी व मोबाइल छीन लिया गया।एसपी से सीओ को जांच सौंपकर रिपोर्ट मांगा है।

मारपीट का वीडिओ वायरल, जांच जारी

रायबरेली। हरचंदपुर थाना के गंगागंज कस्बें में दो लोगों में मारपीट जमकर लात घूससों से हुआ।जिसका वीडीओ बनाकर सोषल मीडिया में वायरल कर दिया गया।वीडीओ वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया।जिसके आधार पर जांच पड़ताल प्रारंभ पुलिस ने कर दिया है।सीओ ने बताया कि प्रकरण में वीडीओ के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देष हरचंदपुर थाना प्रभारी को निर्देष दे दिया गया है।

डंपर ने बाइक सवार दो को रौंदा, एक की मौत

रायबरेली। गुरूबक्सगंज थाना के गांव अटौरा निकट डंपर ने बाइक सवार रामबाबू व सौरभ निवासी लोदीपुर लालगंज को रौंद दिया।जिसमें दोनो को जिला अस्पताल में ले जाया गया जहां पर रामबाबू की जब तक उपचार होता तब तक उनकी मौत हो गई थी।जबकि सौरभ की हालत गंभीर बने होने पर भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक रामबाबू का शव कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।डंपर को कब्जे में लेकर उसके चालक की तलाष की जा रही है।

युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

रायबरेली। शिवगढ़ कस्बा निवासी दीपक 28 वर्ष की संदिग्ध परिस्तिथियों में हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई है।जिसके मौत के बाद परिजन में रो रोकर बुरा हाल है।मृतक युवक के परिजन बेकाबू गर्मी के कारण दुकान में ही हालत बिगड़ जाने से मौत हुई है।उधर एसडीएम महराजगंज ने बताया कि जांच करवाया जाएगा।

सपा के प्रदेश अध्यक्ष व अमेठी सांसद का हुआ स्वागत

रायबरेली। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का प्रथम बार प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जिले पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने गर्म जोशी के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने इंडिया गठबंधन की शानदार जीत पर हर्ष जताया और सपा के कार्यकर्ताओं की तारीफ की ।उधर कांग्रेस पार्टी के अमेठी सांसद केएल शर्मा जिले व ऊंचाहार में आयोजित कार्यक्रम में सलीख होकर जनता का अभिवादन प्रकट किया।जिसमें दोनो पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का हुजूम मौजूद था।

दुकानदार ने पेट्रोल डालकर किया आत्महत्या का प्रयास

रायबरेली। सरेनी थाना के अन्तर्गत गेगासो पुलिस चौकी के अन्तर्गत विगत 30 वर्ष से खाने पीने की दुकान चलाने वाले दुकानदार की दुकान को जेसीबी से हटवाने के दौरान उससे छुब्ध होकर दुकानदार ने अपने शरीर में पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है।हलाकि पुलिस ने उसको बचा लिया।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दुकानदार को गिरफ्त में ले लिया गया है।जिसके खिलाफ उच्चाधिकारियों के निर्देष पर कार्रवाई किया जाएगा।

गौशालाओं का बुरा हाल, हांफ रही गौमाता

रायबरेली। गौशालाओं में बेकाबू गर्मी के बीच मवेशियो का हाल बेहाल हो गया वहां पर जाकर जिनको देखने पर पता चलता है कि पर्याप्त न तो छांव है। बेकाबू गर्मी में उनको न तो कुछ गौशालाओं मे पर्याप्त चारा मिल पा रहा है न ही उनके पीने के लिए पानी का पर्याप्त संसाधन है। जिन बेजुबानों के प्रति हैरत की बात ये है कि जिम्मेदार अधिकारी तक आंखे मूंध रखा है। जिले के महराजगंज, सलोन, लालगंज, सदर, डलमऊ व ऊंचाहार तहसील के अन्तर्गत आने वाले कई गौशालाओं का हाल बेहाल बेकाबू गर्मी में है कड़ाके की धूप व 45 डिग्री तापमान के बीच हांफते हुए नजर आ रहे है। सीडीओ ने बताया कि जांच करवाने के बाद लापरवाही मिलने वाले गोशालाओं से संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

ईद उल अजहा की तैयारी जोरों पर

लालगंज, रायबरेली। ईद-उल-अजहा की तैयारी जोरो पर है। लोग अल्लाह की रजा के लिए अपने हैसियत के मुताबिक कुर्बानी के लिए बकरा और दुम्बा की खरीददारी कर रहे हैं। बच्चे नए कपड़े तो महिलाए सेवइयों की खरीददारी में मशगूल दिखी। मुस्लिम इलाको में एक अलग रौनक देखने को मिल रही है। लालगंज कस्बे में अलग अलग मस्जिदों व ईदगाह में नमाज का समय तय किया गया। चिकमंडी स्थित ईदगाह में नमाज का समय सुबह साढ़े सात बजे अलीनगर साबरी मस्जिद में 7.15 पर कांचमिल, बड़ी मस्जिद में क्रमशः 7 बजे से सात तीस तक समय मुकर्रर हुआ। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा।

पूरे चांदन में चार दिनों से अंधेरे में हैं नागरिक

रायबरेली। ऊंचाहार ब्लाक के गांव पूरे चांदन गांव में विगत चार दिनो से विद्युत सप्लाई नही हो पा रहा है, जिसका कारण गांव में लगे ट्रांसफार्मर का खराब होना है।जिसको लेकर दो दर्जन ग्रामीणों ने एसडीओ को लिखित शिकायती पत्र देकर विद्युत व्यवस्था बहाल करवाने की गुहार लगा रहे हैं।

राहुल की जीत रायबरेली जनता की जीत संविधान सुरक्षित : सांसद किशोरी लाल

» ऐतिहासिक जीत के लिए कांग्रेस पार्टी ने आयोजित किया आभार कार्यक्रम

विश्ववार्ता संवाददाता

रायबरेली। लोक सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में बछरावां नगर के बाबा मैरिज लॉन निकट समाधानेश्वर मंदिर महाराजगंज रोड बछरावां में कांग्रेस पार्टी का आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आभार कार्यक्रम में अमेठी जनपद के सांसद किशोरी लाल शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि रायबरेली व अमेठी जनपद में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं, गठबंधन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करके आभार प्रकट किया। वही यह भी बताया कि राहुल गांधी की जीत आप सभी जनता की जीत है, लोकतंत्र की जीत है। अब संविधान भी सुरक्षित रहेगा। इस मौके पर रमेश कुमार शुक्ला, अवधेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, गौरव मिश्रा, पंकज तिवारी, मनोज यादव, साहब शरण पासी, डॉक्टर धरम चौधरी, कृपा शंकर शुक्ला, विजय दीक्षित, कृपा शंकर शर्मा, मास्टर रामसेवक, अमित त्रिपाठी, भरत मिश्रा, नीरज अवस्थी, शिवकुमार सिंह, अमित शुक्ला, नान्हू नेता, मोहम्मद ताहिर, शिवदास, प्रिंसू सिंह व अंकुर जायसवाल सहित हजारों की संख्या में महिला व पुरुष कांग्रेसी कार्यकर्ता व गठबंधन के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, चर्चाएं तेज

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से मुलाकात किया, जिसके बाद उसका फोटो सोशल मीडिया में तेजी के साथ वायरल होने के बाद तरह तरह की चर्चाएं होनी शुरू हो गई हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान आपसी खींचतान के कारण सदर विधायक चर्चा में रहीं जिन चर्चाओं को विराम लग गया है और विधायक भाजपा के साथ ही रहेंगी। उन्होने मुख्यमंत्री के साथ की फोटो वायरल करके ये साबित कर दिया है, साथ ही अपनी पैठ तक का एहसास

पुलिस ने कार्रवाई की बजाय कराया समझौता, पीड़ित को दिया अल्टीमेटम

विश्ववार्ता संवाददाता

रायबरेली। शिवगढ़ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की लात घूसा व जूता से पिटाई के बाद पुलिस ने जबरन समझौता करा कर दरवाजा बंद करने की हिदायत देते हुए कहा कि दरवाजा बंद नहीं हुआ तो पुलिस गुड़ो जैसा बर्ताव करेगी और पैर में गोली मारकर बंद कर देंगी। पीड़ित ने शिवगढ़ थाने में तैनात दो पुलिस कर्मी पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।

शनिवार को नगर पंचायत के अहलादगढ़ के रहने वाले नारेंद्र कुमार का आरोप है कि परिवार में उनका दरवाजा लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था दोपहर में थाने ने से फोन आया कि थाने आ जाओ तुम्हारा सुलह समझौता है। वह थाने पहुचा गया तो पुलिस कर्मियों लात घुसा व जूता से बेरहमी से पिटाई की पिटाई करते हुए पुलिसकर्मियों ने कहा कि अगर सुलह नहीं करोगे तो गुड़ो जैसा बर्ताव होगा तुम्हारे पैर में गोली मार कर जेल भेज देंगे। डर के मारे नारेंद्र कुमार ने सुलह समझौता कर करने के बाद मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व पुलिस अधीक्षक रायबरेली से दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत की है। शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मैं मौजूद था इस तरह की कोई बात नहीं हुई है । नगर के दो व्यक्ति भी समझौता में मौजूद थे यह व्यक्ति ने गलत तरीके से घर के पीछे दरवाजा खोल रखा है उसके बाद फर्जी तरीके से आरोप लग रहा है। किसी ने इसके साथ मारपीट नहीं की है।

डीएम को अस्पताल निरीक्षण के दौरान मिला गंदगी का अंबार

रायबरेली। डीएम हर्षिता माथुर ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था इस दौरान डीएम रसोईघर पहुंची जहां पर गंदगी का अंबार मिला और वार्ड में दो पुरानी चादरें मिलने पर वार्डन व सीएमएस को फटकार लगाया।मरीजों ने बाहर से दवा लिखने की आवाज उठाई लेकिन डीएम तक उनको पहुंचने नही दिया गया।जिसके बाद खाना पूर्ति करके डीएम अपने दफ्तर के लिए रवाना हो गई।

मारपीट से गिरा गर्भ

रायबरेली। सलोन कस्बा निवासिनी कुसुम देवी ने दो नामजद व अन्य के खिलाफ लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिस को लेकर सभी ने मारपीट किया जिससे पेट में पल रहे गर्भ गिर गया।जिसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी से रेफर करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जिला कोषागार में अचेत हुई वृद्धा, मचा हड़कंप

रायबरेली। कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषागार है, जहां पर पेंशन न आने के कारण जानकरी करने पहुंची 70 वर्षीय महिला भीषण गर्मी में अचेत होकर बेहोश होकर गिर गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। कोषागार में बैठने की व्यवस्था तक न होने पर सवाल के घेरे में विभाग को लिया है। महिला को अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा था समाचार लिखे जाने तक उसके हालत में सुधार नही हुआ था। उधर सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रकरण की जांच करवाया जाएगा।

28 जून को खुलेंगे परिषदीय विद्यालय

रायबरेली। बेकाबू गर्मी को देखते हुए बेसिक विभाग की महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कक्षा एक से लेकर कक्षा 8 तक के समस्त प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयो को बंद करने का आदेष दिया है।बीएसए ने बताया कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से विद्यालय के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को अवगत करवा दिया गया है जिसमें 28 जून को विद्यालय सुबह 7:30 बजे से 10 बजे तक विद्यालय में बच्चे रहेंगे जबकि एक जुलाई से 7:30 बजे से 1:30 बजे तक विद्यालय में शिक्षण कार्य किया जाएगा।

नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चोरों ने उड़ाया, नामजद दी तहरीर

रायबरेली। जिले के बछरावां थाना क्षेत्र के बन्नावां गांव की रहने वाली कमला तिवारी पत्नी वृंदावन तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम को वह घर में झाड़ू लगा रही थी, उसी दौरान उनकी नजर खुले हुए बक्से पर पड़ी। देखा कि बक्से के अंदर रखे दस हजार रुपए जो की यूकेलिप्टस बेचकर इकट्ठा किया था । वह गायब थे, जब उन्होंने और सामान की खोज की तो वहां पर पता चला कि उनका लगभग 30 किलो वजनी पीतल का बटुआ ,एक गगरा तथा करवा एवं दो बोरी गेहूं सहित लगभग एक लाख रुपए कीमत का सामान गायब था। उन्होंने चोरी हुए सामान की बात अपने बेटे चंद्र प्रकाश तिवारी और पप्पू तिवारी को बताई। कमला तिवारी ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि एक लड़का उनके ही पास पड़ोस का रहने वाला है, जिसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसके पूर्व भी चोरों ने दो दिन पूर्व थुलेडीं चौकी के अंतर्गत तीन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर दहशत पैदा कर दी है। क्षेत्र में सिलसिलेवार हो रही चोरियों से लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना की तहरीर मिली है ।मामले की जांच की जा रही है।शीघ्र ही घटना का राजफाश किया जाएगा।

श्री कृष्ण ने कंस का वध कर आतंक से मुक्ति दिलाई : सत्यदेवाचार्य

» श्री हरिवंश महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवे दिन कंस वध और रुक्मणी हरण व विवाह की कथा सुन श्रोता हुए मंत्र मुग्ध

विश्ववार्ता संवाददाता

परसदेपुर, रायबरेली। गोपालपुर गांव में नौ दिवसीय श्री हरिवंश महापुराण ज्ञान यज्ञ संगीतमय कथा के पांचवें दिन वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक स्वामी सत्यदेवाचार्य जी महाराज ने अपने सुमुधुर वाणी से कंस वध एवं रुक्मिणी हरण व रुक्मणि का कृष्ण विवाह प्रसंग का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि कंस ने मथुरा में आतंक मचा रखा था। भगवान कृष्ण ने उसका वध कर आतंक से मुक्ति दिलाई। दुष्ट कंस के बुलाने पर श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई दाऊ के साथ मथुरा पहुंचे, जहां उनके दर्शन के लिए लोग उमड़ मल्ल युद्ध के बाद श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। कथा व्यास ने रुक्मणी हरण व विवाह के वर्णन करते हुए कहा कि भीष्मक का बड़ा पुत्र रुक्मी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। वह बहन रुकमणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था, क्योंकि शिशुपाल भी श्रीकृष्ण से द्वेष रखता था। भीष्मक ने अपने बड़े पुत्र की इच्छानुसार रुकमणी का विवाह शिशुपाल के साथ ही करने का निश्चय किया। उसने शिशुपाल के पास संदेश भेजकर विवाह की तिथि भी निश्चित कर दी। कथा व्यास ने श्री हरिवंश पुराण के अनुसार, जो महाभारत का पूरक है, (विष्णु पर्व, अध्याय 59, श्लोक 35) का उल्लेख करते हुए कहा कि जब रुक्मिणी ने कृष्ण से विवाह किया तब वह 16 वर्ष की थीं। श्री हरिवंश पुराण की संगीतमय कथा सुनकर गोपालपुरवासी एवं क्षेत्र के आसपास व दूर दराज से आए श्रोता भाव विभोर हो गए। श्रोताओं ने कंस वध की कथा रुक्मणी हरण व विवाह की कथा को श्रद्धापूर्वक सुना। कथा का शुभारंभ मुख्य यजमान सिया देवी रुद्र नारायण शुक्ला सप्तनीक ने पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया शाम को आरती व प्रसाद अर्पण से हुआ। श्री हरिवंश महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा प्रतिदिन दोपहर बाद चार से सांय सात बजे तक हो रही है,जिसमें रोज श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

सलोन में हुआ तहसील समाधान दिवस

» तहसील समाधान दिवस में 88 शिकायतें आईं, 2 का मौके पर निस्तारण

विश्ववार्ता संवाददाता

सलोन,रायबरेली। तीन महीने लम्बे अंतराल के बाद शनिवार को सलोन तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों के समक्ष राजस्व के सबसे ज्यादा मामलों की शिकायतें आईं। वहीं पुलिस की शिकायतें राजस्व के बाद सर्वाधिक रही।ज्यादातर शिकायतें जमीन पर कब्जे से संबंधित थीं। दिव्या ने सलोन तहसील में लोगों की समस्याओं की सुनवाई की।परशदेपुर निवासी राजपति ने विपक्षी जगदीश प्रसाद पर आरोप लगाया कि उसके लगाए गए पेड़ को जबरन काट रहे है, मना करने पर मारपीट की धमकी देते है। छतोह निवासी विनय कुमार ने बताया कि रामकेवल द्वारा आवेध तरीके से खलिहान की जमीन पर मकान निर्माण करा रहे है।औनानीस निवासी शिवरानी ने विपक्षी सूरज और चंदन पर आरोप लगाया कि उसे दोनो युवकों ने जमकर मारा पीटा है। स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज है, लेकिन जांच ठीक से नहीं की जा रही है। रंगौती बैरमपुर निवासी लल्लन ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सुखदेव बबल्लू कलावती द्वारा बैनामे की जमीन में जांच पड़ताल के बाद राजस्व निरीक्षक द्वारा गड़वाये गए पत्थर को उखाड़ फेंका है।इस दौरान एडीएम ने सलोन तहसील में लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। तहसील दिवस ने 88 शिकायतें आईं। इनमें से मात्र 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अधिकांश मामले जमीन पर कब्जा, राजस्व और पुलिस, बिजली से संबंधित थे। एडीएम ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण की हिदायत दी।

चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

रायबरेली। पुलिस को मिली बड़ी सफलता मंदिर में चोरी करने वाले गिरोह में शामिल दंपति समेत तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार1 मामला बछरावां थाना क्षेत्र का है जहां चोरों ने थाना क्षेत्र में स्थित अलग-अलग मंदिरों में लगभग 53 घंटे चुरा ले गए थे, लेकिन चोरी की पूरी घटना झारखंडेश्वर शिव मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी, सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने संतोष कुमार पुत्र स्व सुंदरलाल व उसकी पत्नी श्री कांती निवासी रानीखेड़ा मजरे राजामऊ थाना थाना बछरावां को गिरफ्तार किया1 दंपति में मंदिर से घंटा चुराने के बाद सारे घंटों को लालता प्रसाद एंड संस भंडार के मालिक रमाकांत पुत्र लालता प्रसाद निवासी बछरावां के हाथों बेच दिया था पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों की निशानदेही पर दुकानदार के पास से 53 घंटों (कुल वजन 54.655 किलोग्राम) को बरामद करने के साथ ही अभियुक्तों के पास से दो अदद सब्बल लोहे के घटना में प्रयुक्त, 01 अदद टॉर्च सहित, 1850 रुपए बरामद किया1 पुलिस द्वारा दंपति समेत तीनों को हिरासत में लेने के बाद जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बछरावां थाना की समस्त पुलिस टीम मौजूद रही1 वही चोरी की घटना का खुलासा होने के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और झारखंडेश्वर महादेव मंदिर में बछरावां थाने के निवर्तमान प्रभारी श्री नारायण कुशवाहा द्वारा मंदिर में लगाए गए कैमरे के कारण चोरों को पकड़ा गया, जिसकी लोग चर्चा कर रहे हैं1

मवेशी पर हमला करके मारने का दो पर लगाया आरोप

रायबरेली। ऊंचाहार थाना के गांव बरसवां निवासी राकेश कुमार ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मवेशी को उनके द्वारा हमला करके मारा गया।जिसके बाद गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी गई।थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच किया जा रहा है।

छात्रा से छेड़छाड़, केस दर्ज

रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव की रहने वाली छात्रा को सरेआम हांथ पकड़कर छेड़छाड़ युवक ने किया जिस दौरान छात्रा के विरोध में युवक ने थप्पड़ से पिटाई कर दिया गया।छात्रा ने नामजद आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दिया है।थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त सुभाष निवासी गांव किसुनीखेड़ा के खिलाफ संबंधित धारा में अभियोग दर्ज करके उसकी तलास किया जा रहा है।

एमसीएफ में जल संरक्षण के लिये उठाये जा रहे क्रांतिकारी कदम

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। जल पृथ्वी पर सभी जीवन के लिए आवश्यक एक बहुमूल्य संसाधन है। इस मूल्यवान संसाधन के प्रबंधन एवं संरक्षण की दिशा में सक्रिय कदम उठाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। जल संरक्षण का अभिप्राय जल की हर बूंद से है। पानी की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, जल शक्ति अभियान के हिस्से के रूप में आरेडिका ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन की रणनीति की योजना बनाई और 2023-24 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता विकसित की। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली ने प्रति वर्ष 30.20 मिलियन लीटर की पुनर्भरण क्षमता वाले पांच वर्षा जल संचयन का निर्माण किया था। जल संरक्षण की लागत को कम करने के लिए मौजूदा तालाब के चारों ओर रिचार्ज बोर की खुदाई के माध्यम से वर्षा जल संचयन की अवधारणा विकसित की गई है, जिसमें कंक्रीट और ईंट के काम को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, यह एक नयी हरित जल रिचार्जिंग अवधारणा है। मौजूदा तालाब की परिधि पर दस रिचार्ज बोरवेल का निर्माण किया गया, जिससे जल पुनर्भरण क्षमता 33.12 मिलियन लीटर प्रति वर्ष बढ़ गई है। उक्त के अलावा जॉगर्स एवं इको पार्क में एक मौजूदा तालाब का विस्तार किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप जल धारण क्षमता में 18 मिलियन लीटर की वृद्धि हुई। 12.49 मिलियन लीटर जल धारण क्षमता वाले तीन तालाबों का निर्माण किया गया है। आरेडिका परिसर में मथना नाला से गुजरने वाले वर्षा जल का डायवर्जन किया गया है यह एक गेम चेंजर साबित होने जा रहा है क्योंकि इससे दर्जनों गांवों को कवर करने वाले बड़े जलग्रहण क्षेत्र के वर्षा जल का संचयन कर उपरोक्त निर्मित एवं विस्तारित तालाबों में किया जाएगा। जिसे भविष्य में और आगे बढ़ाया जायेगा।

लोडर की ठोकर से बाईक सवार की मौत

लालगंज, रायबरेली। देर रात बाईक से घर वापस लौट रहे युवक को लोडर ने ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। जानकारी के अुनसार क्षेत्र के दीपेमऊ गांव निवासी जयपाल सिंह बाईक से देर रात बरस गांव से वापस गांव जा रहे थे। तभी रास्ते में लोडर ने उसकी बाईक में ठोकर मार दी। फलस्वरूप वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोगो की मदद से उसे तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने के चलते उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। परिजन जब उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सको ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जयपाल की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया।

स्वास्थ्य यह नया शोध रक्त परीक्षण से डरने वालों के लिए होगा वरदान

छात्र ने यूरिन से शुगर जांचने वाली स्ट्रिप डेवलप कर किया नाम रोशन

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। चिकित्सा जगत के क्षेत्र में शुगर के मरीजों की जांच के लिए एक राहत भरी और अच्छी खबर है। शरीर में शुगर की जांच के लिए अब ब्लड सैंपल निकालना जरूरी नहीं होगा। शुगर लेवल की जांच यूरिन (पेशाब) से भी की जा सकेगी। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर में रायबरेली जिले के शोध छात्र विभव शुक्ला ने ब्लड की जगह यूरिन से शुगर मापने वाल टेस्ट स्ट्रिप विकसित की है। उनका यह नया शोध उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा जो रक्त परीक्षण से डरते हैं।

» दौलतपुर गांव के विभव शुक्ल नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर से कर रहे हैं शोध

यह नवाचार ग्लूकोज मॉनिटरिंग को बदलने का वादा करता है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो डरते हैं।

संस्थान के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रो. डा. कफील अहमद सिद्दिकी के निर्देशन में शोध कर रहे पीएचडी छात्र विभव शुक्ल सरेनी क्षेत्र के दौलतपुर गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता विनय कुमार शुक्ल, हरिवंश लाल शुक्ल इंटर कॉलेज ऊँचगाँव-उन्नाव में प्रधानाचार्य के रूप में कार्य का कार्यरत हैं। विभव ने बताया कि पारंपरिक रूप से ग्लूकोज स्तर को डायबिटीज जैसी स्थितियों की निगरानी के लिए रक्त नमूनों का उपयोग करके मापा जाता है। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में, रक्त परीक्षण से डर कर और भी गलतफहमियों के कारण लोग बचते हैं। वे मानते हैं कि एक बूंद खून बनने में एक साल लगता है। शुगर लेवल जांचने के लिए विभव नए शोध पर काम कर रहे थे। उनका लक्ष्य ऐसी टेस्ट स्ट्रिप्स बनाना था, जो सस्ती और आसानी से उपलब्ध हो। जैसे, गर्भावस्था परीक्षण स्ट्रिप्स। उनका उद्देश्य यह है कि आम लोग अपने घर में बिना किसी इंजेक्शन या रक्त के अपने शुगर स्तर की सही जांच यूरिन के माध्यम से कर सकें। उनका कहना है कि शोध में ऐसी टेस्ट स्ट्रिप्स का विकास हुआ जो इन ग्लूकोज सांद्रताओं पर एक विशिष्ट रंग परिवर्तन दिखाती हैं। उनका कहना है कि यूरिन-आधारित टेस्ट स्ट्रिप से ग्लूकोज मॉनिटरिंग अधिक सुलभ और कम डरावनी हो जाएगी।

शोध में ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क का उपयोग

विभव शुक्ल ने अपने अनुसंधान में आयरन डोप्ड जिंक-बेस्ड मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क का उपयोग किया, जिसमें उन्होंने क्रिएटिनिन, क्रिएटिन, यूरिया, ग्लूकोज आदि सहित यूरिन के विभिन्न घटकों का परीक्षण किया। उन्होंने पाया कि आयरन डोप्ड जिंक-बेस्ड मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क जब ग्लूकोज के संपर्क में आता है, तो यूवी लाइट के तहत हरा रंग प्रदर्शित करता है, जबकि अन्य घटक कोई अलग रंग नहीं दिखाते। इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार, 2019 में लगभग 463 मिलियन वयस्क डायबिटीज से पीड़ित थे। वर्ष 2045 तक यह संख्या 700 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है।

गांव में ही हुई विभव की प्रारंभिक शिक्षा

गंगा किनारे बसे दौलतपुर में जन्मे विभव ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त की। सरस्वती विद्या मंदिर, उंचगाँव, उन्नाव से कक्षा 12 की पढ़ाई के बाद फिरोज गांधी कॉलेज से बी.एससी. और डीएवी कॉलेज-कानपुर से एमएससी की डिग्री प्राप्त की। 2019 में उन्होंने रसायन विज्ञान विषय में CSIR, NET/JRF परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 52 हासिल की और साथ ही GATE परीक्षा भी पास की है। वर्तमान में विभव शुक्ला नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रायपुर में पीएचडी कर रहे हैं।

भारत-कनाडा मैच बारिश की वजह से रद्द

फ्लोरिडा में अब तक एक भी मैच नहीं हो सका, रविवार को यहीं पाकिस्तान-आयरलैंड मुकाबला होगा

एजेंसी

फ्लोरिडा। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और कनाडा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया है। अंपायर्स ने दो बार निरीक्षण करने के बाद मैच रद्द करने का फैसला लिया। इस मैदान पर लगातार तीसरा मुकाबला बारिश के कारण नहीं हो सका है। फ्लोरिडा में बारिश के कारण इस मुकाबले का टॉस भी नहीं हो सका है। फ्लोरिडा में पिछले एक हफ्ते से भारी बारिश हो रही है।

टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में भारत का दूसरा मैच रद्द हुआ है। 2007 में भारत-स्कॉटलैंड में भी टॉस के बाद रद्द हुआ था। इस टी-20 वर्ल्ड कप में अब तक बारिश के कारण 4 मैच बेनतीजा रहे हैं, इनमें से 3 मैच फ्लोरिडा में रद्द हुए हैं। लॉडरहिल स्थिति इस ग्राउंड पर लगातार तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हुआ है। इस मैदान पर 12 जून को नेपाल-श्रीलंका, 14 जून को अमेरिका-आयरलैंड मैच भी रद्द हो चुके हैं। एक मुकाबला ब्रिजटाउन में भी रद्द हुआ है। फ्लोरिडा के इसी मैदान पर रविवार को ग्रुप-ए का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। हालांकि, दोनों ही टीमें सुपर-8 की रेस से बाहर हो चुकी हैं। ऐसे में यह मुकाबला औपचारिकता मात्र होगा। पाकिस्तान की टीम अगर आयरलैंड से जीती तो टीम 4 पॉइंट्स के साथ अपना सफर खत्म करेगी। वहीं, आयरलैंड जीती तो टीम पिछले 4 मैच में दूसरी बार पाकिस्तान को टी-20 हरा देगी। ग्रुप-ए से भारत और अमेरिका की टीम पहले ही सुपर-8 में जगह बना चुकी हैं। टीम इंडिया ने लगातार तीन मैच जीतकर अगले दौर में जगह बनाई, तो अमेरिका की टीम दो जीत और एक ड्रॉ के साथ टॉप-8 में पहुंची है। भारतीय टीम का अगला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान से वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में होगा। यह सुपर-8 का तीसरा मैच होगा। अब तक 6 टीमें टूर्नामेंट के सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं और 2 जगह खाली हैं। एक दिन पहले ग्रुप-ए से अमेरिका ने सुपर-8 में जगह बनाई। होस्ट अमेरिका सुपर-8 में प्रवेश करने वाली छठी टीम बन गई। अंपायर्स रिचर्ड केटलबोरो और शारफुद्दौला ने पिच का निरीक्षण कर लिया है, लेकिन वे मैदान से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। ऐसे में रात 9:00 बजे दोबारा निरीक्षण किया जाएगा। भारत-कनाडा मैच का टॉस शाम 7:30 बजे होना है, लेकिन आउट फील्ड गीला होने के कारण टॉस में देरी हो सकती है। अंपायर्स रात 8:00 बजे मैदान का निरीक्षण करेंगे। फ्लोरिडा के लॉडरहिल में शनिवार को भारत-कनाडा मैच खेला जाना है। शाम 7:30 बजे मैच का टॉस होगा और रात 8:00 बजे खेल शुरू होना है, लेकिन पिछले एक हफ्ते से फ्लोरिडा में हो रही बारिश ने मैच में असमंजस्य की स्थिति पैदा कर दी है। शुक्रवार को भी अमेरिका-आयरलैंड मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। फिलहाल, लॉडरहिल में बारिश नहीं हो रही है, लेकिन आउट फील्ड गीली है।

बोले- 'आजकल के बच्चे...'

सोनाक्षी के 'मामा' ने शत्रुघ्न सिन्हा के बाद तोड़ी चुप्पी

सोनाक्षी सिन्हा करीब 7 सालों से जहीर इकबाल के साथ रिलेशनशिप में हैं। कपल 23 जून को शादी करने जा रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपने करीबियों को शादी का निमंत्रण देना शुरू कर दिया है, हालांकि सोनाक्षी सिन्हा की शादी पर पिता शत्रुघ्न सिन्हा और भाई लव सिन्हा के बयान से लगता है कि वे जहीर इकबाल से उनकी शादी को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। एक्ट्रेस के मामा ने अब उनकी शादी पर कमेंट किया है। पहलाज निहलानी, सिन्हा परिवार के करीबी हैं। वे 1977 से शत्रुघ्न सिन्हा के गहरे दोस्त हैं, इसलिए सोनाक्षी उन्हें अपना मामा मानती हैं। उन्होंने एक्ट्रेस की शादी पर अपनी राय जाहिर की। फिल्ममेकर ने 'जूम' से बातचीत में सोनाक्षी और जहीर को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वे भी शादी में शामिल होंगे। वे बोले, 'मैं सोनाक्षी का मामा हूं।' उन्हें और जहीर को मेरा आशीर्वाद। वे आखिरकार शादी कर रहे हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।' पहलाज निहलानी से जब पूछा गया कि क्या वे जानते हैं कि सोनाक्षी और जहीर शादी करने जा रहे हैं, तो वे बोले, 'आजकल के बच्चे अपने निर्णय खुद लेते हैं, इसलिए परिवार को खुश होना चाहिए। जरूरी बात यह है कि कपल को शादीशुदा जिंदगी जीनी है। उन्हें एक-दूसरे के साथ रहना है।' सिन्हा परिवार की एक और करीबी पूनम ढिल्लों ने बताया कि सोनाक्षी ने उन्हें शादी का खूबसूरत इनवाइट भेजा है। पूनम ढिल्लों ने इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में कहा, 'मैं सोनाक्षी को बधाई देती हूं। हमें बहुत प्यारा इनवाइट भेजा है। मैं उन्हें तब से जानती हूं, जब वह छोटी सी लड़की थी। मैंने उनकी पूरी जर्नी देखी है। भगवान से प्रार्थना है कि वे बहुत खुश रहें। वह बहुत प्यारी लड़की है, मैं उनके लिए खुशियों की कामना करती हूं।'

कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' ने बॉक्स ऑफिस पर की अच्छी शुरुआत

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म की कहानी पैरालिंपिक गोल्ड मेडल विनर मुरलीकांत पेटकर की है, जिस रोल को निभाया है कार्तिक आर्यन ने। कबीर खान के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को सा ने प्रजिद नाडियाडवाला ने प्रड्यूस किया है। फिल्म में कार्तिक आर्यन की जमकर तारीफ हो रही है और इसने ओपनिंग भी ठीक-ठाक कर ली है। वहीं अभय वर्मा, मोना सिंह और शरवरी वाघ की फिल्म 'मुंज्या' अपने 8वें दिन भी तहलका मचाती नजर आई। आइए जानते हैं दोनों फिल्मों ने कितनी कमाई की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'चंदू चैंपियन' करीब 100 से 140 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म बताई जा रही है। ऐसे में फिल्म के लिए लक्ष्य करीब 200-250 करोड़ के आसपास माना जा रहा है। ऐसे में फिल्म के लिए शुरुआत भी काफी बड़ी होने की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि, इस फिल्म को लेकर कुछ ऐसे भी रिपोर्ट्स ओपनिंग डे पर आ रहे थे, जिसमें कहा जा रहा था कि फिल्म पहले दिन 5-7 करोड़ तक कमाई कर सकती है। ये फिल्म पहले दिन केवल 4.75 करोड़ रुपये की ही कमाई कर पाई है। वहीं ये शुरुआती रिपोर्ट है, जिसमें कुछ आंकड़े और ऊपर-नीचे हो सकते हैं। फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की भी जानकारी अभी नहीं है। देखा जाए तो कुल मिलाकर फिल्म ने उम्मीद से कम कलेक्शन किया है। हालांकि, फिल्म के क्रिटिक्स से जमकर तारीफ मिली है और उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म को इस वीकेंड पर अच्छा फायदा मिल सकता है।

5,200 से घटाकर 3,250 प्रति मीट्रिक टन किया

सरकार ने आज से क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स घटाया

विश्ववार्ता संवाददाता

नयी दिल्ली। सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादन किए जाने वाले क्रूड ऑयल के एक्सपोर्ट पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (SAED), यानी विंडफॉल टैक्स को घटा दिया है।

अपनी रेगुलर रिव्यू में सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 5,200 रुपए प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 3,250 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया है। यह बदलाव आज यानी 15 जून से लागू हो गया है। सरकार हर 15 दिन पर विंडफॉल टैक्स रिव्यू करती है। इससे सरकार ने 16 मई और 1 मई को विंडफॉल टैक्स घटाया था। 16 मई को सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 8,400 रुपए प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 5,700 रुपए प्रति मीट्रिक टन किया था। वहीं, 1 मई को विंडफॉल टैक्स 9,600 रुपए प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 8,400 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया था। उससे पहले विंडफॉल टैक्स को लगातार बढ़ाया जा रहा था। 16 अप्रैल की समीक्षा में विंडफॉल टैक्स को 6,800 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 9,600 रुपए प्रति टन कर दिया गया था। वहीं दूसरी ओर सरकार ने डीजल, पेट्रोल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) यानी एयरक्राफ्ट में इस्तेमाल होने ईंधन पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को शून्य पर बनाए रखने का फैसला लिया है। यानी घरेलू रिफाइनरों को डीजल, पेट्रोल और ATF के निर्यात पर मिल रही छूट आगे भी बरकरार रहने वाली है। इससे उन घरेलू कंपनियों को फायदा होता रहेगा, जो रिफाइनरी चलाती हैं और डीजल, पेट्रोल और ATF जैसे रिफाइंड प्रोडक्ट को देश के बाहर के बाजारों में बेचती हैं।

क्या है विंडफॉल टैक्स?

ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल और पेट्रोल, डीजल, ATF जैसे रिफाइनरी उत्पादों के दाम समय के साथ घटते-बढ़ते रहते हैं।

अगर ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल, डीजल, पेट्रोल और ATF आदि के दाम घरेलू बाजार से ज्यादा हों, तो रिफाइनरियां निर्यात बढ़ाने लगती हैं, ताकि वो ज्यादा फायदा कमा सकें।

सरकार इस पर लगाम लगाने और देश में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत को नियंत्रण करने के लिए विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स लगाती है।

दोबारा वायरल हुआ आलिया का डीपफेक वीडियो

आलिया भट्ट का डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये दूसरी बार है जब आलिया का डीपफेक वीडियो सामने आया है। समीक्षा अवतार नाम की एक यूजर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड किया है। इस वीडियो को अब तक 17 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। समीक्षा अवतार ने अपने इंस्टाग्राम बायो में लिखा है, 'AI का इस्तेमाल करके बनाए गए सभी वीडियो केवल एंटरटेनमेंट के लिए बनाए गए हैं। डीपफेक वीडियो में आलिया भट्ट को ब्लैक कुर्ता पहने हुए दिखाया गया है, वो रेडी हो रही हैं। पूरे क्लिप में वो कैमरे के सामने मेकअप करती नजर आ रही हैं। आलिया के डीपफेक वीडियो पर कई सोशल मीडिया यूजर्स अपना रिएक्शन दे रहे हैं। कुछ लोगों ने लिखा- मुझे लगा ये वाकई आलिया हैं। वहीं कुछ लोगों ने वीडियो देखते ही पकड़ लिया कि ये AI द्वारा बनाई गई है। इससे ये पता चलता है कि सोशल मीडिया यूजर्स AI को लेकर जागरुक हैं। कई यूजर्स का कहना है कि AI बहुत खतरनाक होता जा रहा है। आलिया के पहले डीपफेक वीडियो में एक लड़की व्हाइट एंड ब्लू फ्लोरल ड्रेस पहने बोल्ड पोज देती नजर आई थी। वीडियो में इतनी सफाई से AI टूल की मदद से आलिया का चेहरा इस्तेमाल हुआ था कि एक नजर में वो लड़की आलिया भट्ट ही लग रही थी। हालांकि उसके एक्शन और बॉडी पोस्चर से यूजर्स ने अंदाजा लगा लिया था कि ये वीडियो फेक है। आलिया से पहले भी कई एक्ट्रेसेस की वीडियो बन चुकी हैं। इसकी शुरुआत रश्मिका मंदाना ने हुई थी। रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद अमिताभ बच्चन, मृणाल ठाकुर, नाग चैतन्य जैसे कई सेलेब्स उनके सपोर्ट में उतरे थे। कुछ समय पहले काजोल का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो कपड़े बदलती दिखी थीं। फैक्ट चेक में सामने आया कि वो एक डीपफेक वीडियो था, जिसे एक इन्फ्लूएंसर ने जून में बनाया था। डीपफेक एक तरह से फेक वीडियो ही है, हालांकि इसमें इतनी बारीकी से AI टूल का इस्तेमाल कर चेहरा, आवाज या एक्सप्रेशन बदला जाता है कि असली और नकली में फर्क पहचानना मुश्किल होता है। डीपफेक वीडियो के मामले AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स आने से ज्यादा बढ़ गए हैं, क्योंकि इन टूल के जरिए आसानी से वीडियो एडिट किए जा सकते हैं। सबसे पहले डीपफेक में फेस मॉर्फिंग होती है, जिससे किसी एक व्यक्ति के शरीर में किसी दूसरे व्यक्ति का चेहरा जोड़ा जाता है। चेहरा बदलने के साथ-साथ किसी व्यक्ति के कपड़े, एक्सप्रेशन और आवाज से भी छेड़छाड़ की जा सकती है। इस तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल ज्यादातर पोर्न साइट में किया जाता है। किसी व्यक्ति की तस्वीरों को न्यूड फोटोज में बदलकर उन्हें इन साइट्स में अपलोड किया जाता है। डीपफेक के आने से आइडेंटिटी का खतरा काफी बढ़ गया है।

बोलीं- गलत चीज के विरोध में विचारधारा आड़े नहीं आनी चाहिए

थप्पड़ कांड पर फिर आया शबाना आजमी का रिएक्शन

कंगना रनोट थप्पड़ कांड पर शबाना आजमी का एक बार फिर से रिएक्शन आया है। शबाना ने कहा कि जो चीज सही है, उसके खिलाफ कभी भी व्यक्तिगत विचारधारा आड़े नहीं आनी चाहिए। शबाना ने कहा कि वो इकलौती ऐसी शख्स थीं, जिन्होंने मराठी नाटक 'मी नाथूराम गोडसे बोलतोय' के बैन के खिलाफ आवाज उठाई थी। शबाना ने कहा कि वो चाहती थीं कि इस नाटक को स्टेज पर दिखाया जाए। भले ही वो नाथूराम के विचारों से सहमत नहीं थीं। इसी कड़ी में वो कंगना के भी विचारों को नहीं मानतीं, लेकिन उनके साथ जो हुआ, वो कहीं से सही भी नहीं है। कंगना रनोट को हाल ही में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक महिला कॉन्स्टेबल ने थप्पड़ मार दिया था। पता चला कि वो आरोपी महिला कॉन्स्टेबल कंगना के किसान आंदोलन में दिए स्टेटमेंट से नाराज थी। इस घटना के बाद शबाना ने कंगना के सपोर्ट में एक ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा कि जो लोग सुरक्षा करते हैं, वही हिंसा करने लगेंगे तो कोई भी सेफ नहीं रहेगा। शबाना आजमी और उनके पति जावेद अख्तर का कंगना को लेकर हमेशा विरोधी सुर रहता है। जावेद अख्तर और कंगना के बीच तो मानहानि को लेकर केस भी चल रहा है। हालांकि, जब कंगना के साथ थप्पड़ वाली घटना हुई तो शबाना आजमी ने उनका सपोर्ट किया। 'कंगना को लेकर मेरे अंदर कोई प्रेम नहीं है, लेकिन थप्पड़ कांड को मैं किसी तरीके से एन्जॉय नहीं कर सकती। ये गलत हुआ है। अगर सिक्योरिटी वाले ऐसे ही कानून अपने हाथ में लेने लगे तो हम में से कोई भी सेफ नहीं है।' शबाना आजमी ने अपने स्टेटमेंट को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब वो राज्यसभा की मेंबर थीं, तब 'मी नाथूराम गोडसे बोलतोय' जैसे नाटक का भी समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि नाटक को चलने देना चाहिए, इस पर बैन लगाना, किसी के अधिकारों का हनन है।

रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने किया तहसील में प्रदर्शन

प्रशासन की ओर से यथाशीघ्र रास्ता खाली करवाने का मिला आश्वासन

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। शनिवार को ग्राम सभा भीमी के दो दर्जन से अधिक महिला और पुरुष तहसील पहुंचकर एक सहरंग व्यक्ति की ओर से खड़जे पर घूर गड्ढा व गोबर रखकर रास्ता बंद करने की शिकायत की है। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन करने पर तहसील सभागार में मौजूद नायब तहसीलदार बाहर निकाल कर ग्रामीण की शिकायती सुनी और यथाशीघ्र रास्ता साफ करवाने का भरोसा दिया।

ग्रामीणों के साथ आए अनामिका और इंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि गांव के ही शिव मोहन सिंह पुत्र गजराज सिंह सार्वजनिक खंड़जे पर घूर गड्ढा व गोबर रखकर रास्ता बाधित कर लिए हैं। आने जाने के लिए जगह नहीं बचा है। गांव में चार पहिया वाहन प्रवेश नहीं कर सकता है। किसी भी समस्या आने पर गांव तक एम्बुलेंस व कोई भी वाहन दलितों के घर तक नहीं पहुंच सकता है। जिसके कारण लोग काफी परेशान हैं। कुछ भी कहने पर रास्ते में घूर लगाने वाले शिव मोहन सिंह लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं । मजबूर होकर हम लोग तहसील पहुंचकर रास्ता खुलवाने के लिए शिकायती पत्र तहसील प्रशासन को दिए हैं। विरोध प्रदर्शन करने के बाद तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद नायब तहसीलदार मौके पर आकर शिकायत सुनी और यथाशीघ्र मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया है।

डीएम के निर्देश पर छः दिन बाद खुदवाई गयी क़ब्र, पोस्टमार्टम को भेजा गया शव

मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए लगाए हत्या के आरोप

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। पिछले सप्ताह संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई एक महिला की संदिग्धावस्था में हुई मौत के मामले में मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या के आरोप लगाएं है। शिकायत के बाद महिला की कब्र खुदवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

परिजनों ने दहेज न मिलने पर विवाहिता को गर्भपात की दवा खिलाने के आरोप लगाएं है और कहा है कि दवा का रिएक्शन ही विवाहिता की मौत का कारण है।

ससुरालीजनों ने मृतका के परिजनों की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया था, लेकिन अब पिता ने दहेज के लिये गलत दवा खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने पति, सास ससुर और ननद के खिलाफ डीएम और एसपी से शिकायत की है। डीएम के निर्देश पर पुलिस की मौजूदगी में 6 दिन बाद शव को कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। प्रकरण गौरीगंज के पाठक का पुरवा वार्ड नं 13 का है। जहां अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा पासी का पुरवा गांव के रहने वाले अमर पाल सरोज ने अपनी बेटी अंजली की शादी इसी साल 26 अप्रैल को खगा पाठक का पुरवा गांव के रहने वाले सूरज पुत्र राधेश्याम के साथ की थी। शादी में अमरपाल ने सामर्थ्य के अनुसार सारा दान दहेज दिया, लेकिन ससुराली और दहेज की मांग कर रहे थे। दहेज न मिलने पर पति सूरज अंजली को मारता पीटता था। शादी के एक महीने बाद ससुराली अंजली के पेट दर्द की जांच कराने नसीराबाद गए और वहां जांच कराने के बाद कहा कि तुम तीन माह की गर्भवती हो। जिसके गर्भपात के लिए दवा खिला दी।

गर्भपात की दवा खाने के बाद अंजली की हालत बिगड़ने लगी। अंजली ने परिजनों को जानकारी दी जिसके बाद उसका भाई मौके पर पहुंचा और बहन को लेकर अस्पताल गया। जहां पर डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के बाद पथरी बतायी। 8 जून 2024 को अंजली की तबीयत अचानक खराब हो गई। जिसके बाद उसे संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। ससुरालियों ने परिजनों की मौजूदगी में अपने गांव में मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया था । लेकिन मृतका के पिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए गलत दवा खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता अमर पाल सरोज ने डीएम एसपी को शिकायती पत्र देते हुए दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या का आरोप पति सास ससुर और ननद पर लगाया। डीएम के निर्देश पर गौरीगंज पुलिस और एसडीएम दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में शव को कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। तीन डॉक्टर के पैनल से वीडियो कैमरे के निगरानी में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

एक नजर

चिराग बने मिस्टर फेयरवेल तो मिस बनी सौम्या

सुलतानपुर। केएनआई के प्रबंधन संकाय में बीबीए में शनिवार को शहर के गोल्डन प्लाजा ऑडिटोरियम में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं बुद्धि कौशल का प्रदर्शन कर प्रतियोगिताओं को संपन्न किया। कार्यक्रम को लेकर प्रबंधन संकाय के छात्रों में काफी उत्साह दिखा। अंत में प्रबंध संकाय की निदेशक ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं उन्हें सतत प्रबंधन के विभिन्न आयामों को जीवन में प्रतिदिन संकल्पित करने का सुझाव दिया। द्वितीय वर्ष के छात्रों में एवं प्रथम वर्ष के छात्रों में पारस्परिक सौहार्द दिखाई दिया। इस मौके पर प्रबंधन संकाय की निदेशक डॉ. इंद्रजीत कौर, डॉ. टीनू कौर, डॉ. मैथ्यू भास्कर सिंह, डॉ. राहिबा भास्कर सिंह, विनीश नाथ ओझा, आनंद कुमार सिन्हा, आलोक श्रीवास्तव, डॉ. दीपक कुमार, प्रदीप तिवारी, सुप्रिया सिंह, रेनू यादव, अरुण सिंह, विकास तिवारी, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

एसीएमओ ने किया आधी रात अस्पताल का निरीक्षण

अमेठी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गुरुवार की आधी रात सीएचसी पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर सभी डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद मिले। उन्होंने इमरजेंसी कक्ष में भर्ती तीन मरीजों की हाल चाल ली। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सूचित करने के निर्देश दिए। सभी वार्डों के साथ प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया और स्टाप नर्स को साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अधीक्षक डॉ आलोक तिवारी,ड्यूटी पर तैनात चीफ फार्मासिस्ट आर एस पाठक ने स्टाक में मौजूद सभी दवाओं के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर सभी डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

संजय गांधी अस्पताल में कैथ लैब खुला

मुंशीगंज, अमेठी। संजय गांधी अस्पताल ग्रामीण अंचल के मरीजों के लिए लाइफ लाइन साबित हो रहा है। हृदय रोगियों के इलाज हेतु अस्पताल में कैथ लैब की स्थापना की गई है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सत्येन्द्र तिवारी के बेहतर इलाज से सैकड़ों रोगियों को लाभ हुआ है। फिजीशियन डा नीरज वर्मा के चैम्बर में भी मरीजों की भीड़ हमेशा बनी रहती है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सत्येन्द्र तिवारी प्रत्येक मंगलवार को हृदय रोगियों का इलाज करते हैं। डा तिवारी एंजियोग्राफी ,, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर,,हार्ट अटैक, चेस्ट पेन, एंजाइना पेन,सिंकोप आदि बीमारी से पीड़ित मरीजों का बेहतर इलाज कर रहे हैं। अस्पताल में सभी बीमारियों के इलाज के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं।ओ पी डी शुल्क 100रु है। आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। अस्पताल में ब्लड सेंटर भी उपलब्ध है। फिजीशियन डा नीरज वर्मा सप्ताह में तीन दिन मरीजों का बेहतर इलाज कर रहे हैं।

हीट वेव के मौसम में पेड़ पौधों की प्यास बुझाने में लगे हुए हैं वृक्ष मित्र : टी पी सिंह

भेंटुआ, अमेठी। भीमी गांव के मूल निवासी टी पी सिंह का नाम प्रदेश में पर्यावरण प्रेमी के पर्याय के रूप में लिया जाता है। हीट वेव के मौसम में वृक्ष मित्र टी पी सिंह पेड़ पौधों की प्यास बुझाने में लगे हुए हैं। सुबह उठकर नित्य क्रिया के बाद टी पी सिंह आसपास के कम से कम एक दर्जन पेड़ों को पानी पिलाते हैं। रेलवे स्टेशन अमेठी से स्टेशन अधीक्षक के पद से अवकाश प्राप्त करने के बाद टी पी सिंह ने अध्यात्म और पौधारोपण को अपने जीवन का मिशन बनाया है। गायत्री परिवार से जुड़े टी पी सिंह जहां भी रहते हैं पौधारोपण और पेड़ों की सेवा जरूर करते हैं। एस डी एम कालोनी में मकान बना कर रह रहे टी पी सिंह गांव और शहर में एक साथ हरियाली बढ़ाने का काम कर रहे हैं। रेलवे की सेवा के दौरान उत्तर रेलवे के सभी स्टेशनों, सड़क मार्गों और रेलवे लाइन के किनारे उनके द्वारा लगाए गए 90फीसदी पेड़ जीवित हैं और धरती को हरा भरा किए हुए हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार हर साल रिकॉर्ड पौधारोपण कराती है, परंतु लोगों की लापरवाही के कारण अधिकांश पेड़ सूख जाते हैं। पौधारोपण से अधिक जरूरी पौधों की सुरक्षा है। जलवायु परिवर्तन के कारण जो संकट उत्पन्न हुए हैं उनसे निजात तभी मिलेगी जब वनावरण अधिक होगा। कंक्रीट के जंगल मानवता के लिए संकट कम नहीं कर सकते। प्रकृति से हम जितना लेते हैं, उतना वापस करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा संपन्न

हनुमान मंदिर का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी सोमेन बर्मा

विश्ववार्ता संवाददाता

बल्दीराय, सुलतानपुर। बल्दीराय थाना परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में श्री बजरंगबली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति स्थापित की गयी तत्पश्चात एसपी सोमेन वर्मा ने फीता काटकर मंदिर में दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या से पधारे आचार्य मोहितराज महाराज ने मंत्रोच्चार द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न करायी। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक थानाध्यक्ष राम विशाल सुमन ने आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर एसडीएम विदुषी सिंह, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉ. रमेश यादव, भाजपा नेता विशाल शुक्ला, प्रधान अमन सोनी, शिव सिंह, चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर, चौकी इंचार्ज अनिल अवस्थी, कृष्ण कुमार, अमित, राजेश दूबे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम प्रीत, आचार्य सूर्यभान पांडेय, नरेन्द्र अग्रहरि, दरोगा मोहन सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

रोडवेज को चूना लगा रहे डग्गामार, जिम्मेदार मौन

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। अमेठी डिपो की प्रशासनिक व्यवस्थाएं प्राइवेट वाहनों के सामने कमजोर साबित हो रही हैं। डग्गामार वाहन रोडवेज को हर महीने लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। सड़क यातायात और परिवहन सेवाओं के मामले में शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ रही है। जिम्मेदार पूरी तरह मौन है।

शासन की ओर से तय प्राविधानों के अनुसार प्राइवेट वाहन और टैक्सी स्टैंड रोडवेज से कम से कम एक किमी दूर होने चाहिए। अमेठी जिले में इसका ठीक उल्टा है। अमेठी, गौरीगंज, मुसाफिरखाना, जगदीशपुर,जायस , दुर्गापुर आदि स्थानों पर टैक्सी स्टैंड रोडवेज और बस स्टेशन की नाक के नीचे संचालित हैं।ए आर एम बिल्कुल असहाय है। उनकी कोई सुनने वाला नहीं,।ए आर टी ओ की चेकिंग साल भर से नहीं हुई। पुलिस स्टैंड चालकों से महीना लेकर चुप रहती है।

अमेठी दुर्गापुर मार्ग, अमेठी धम्मौर मार्ग और अमेठी प्रताप गढ़ मार्ग पर डग्गामार वाहन अमेठी डिपो की नाक के नीचे से फर्राटा भर रहे हैं। अमेठी गौरीगंज मार्ग और मुंशीगंज मार्ग का टैक्सी स्टैंड सगरा तिराहे पर स्थित है। अमेठी किठावर मार्ग का स्टैंड रेलवे लाइन के किनारे है। सभी मांगों पर किराया रोडवेज के किराए से पांच रुपए से दस रुपए अधिक है। डग्गामार वाहन रोडवेज की बसों के आगे आगे चलते हैं। सवारियां लटका कर चलना इनका फैशन हो गया है।ए आर टी ओ के आने की खबर इन्हें पहले ही मिल जाती है। पुलिस मौन रहती है। जिला मुख्यालय गौरीगंज में बसें सड़क पर खड़ी होती हैं । मुसाफिरखाना, जगदीशपुर और जायस में प्राईवेट टैक्सी स्टैंड हाइवे पर ही संचालित हैं।

प्रशासन का सहयोग नहीं मिल रहा -ए आर एम

अमेठी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक काशी प्रसाद ने बताया कि डिपो में यात्री सुविधाओं के विस्तार और डग्गामार वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने ए आर टी ओ, सभी जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों को कई पत्र लिखे हैं।बस स्टेशन के आसपास अतिक्रमण बराबर बना हुआ है। प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है।

एसडीएम के साथ एडीएम न्यायिक ने किया कांधा गौशाला का निरीक्षण

अमेठी। शुक्रवार को एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार ने एसडीएम आशीष सिंह के साथ रायपुर फुलवारी में स्थित कंधा गौशाला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पशुओं को हरे चारे के साथ पशु आहार देने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और पशुओं को इस गर्मी के बीच समय-समय पर पानी पिलाने के साथ स्वास्थ्य परीक्षण भी कराने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि गौशाला में आधारभूत सुविधाएं मौके पर उपलब्ध मिली। साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की भी निर्देश दिए गए हैं।

पशुओं के लिए हरे चारे और पशु आहार देने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि फूलचंद कसऔंधन, ईओ अभिनव यादव के साथ कान्हा गौशाला में तैनात सभी चौकीदार भी मौजूद रहे।

आल इंडिया धनगर समाज महासंघ ने किया सम्मान समारोह

» समाजसेवियों और प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया

विश्ववार्ता संवाददाता

गौरीगंज। आल इंडिया धनगर समाज महासंघ की ओर से विभा गेस्ट हाउस में लोक माता अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में संगोष्ठी और समाजसेवी और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में लोगों के विचार शिक्षा, नशामुक्ति और धनगर समाज के संवैधानिक हक पर केंद्रित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं और सेवानिवृत्त कर्मचारियों और समाजसेवियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है। अच्छी शिक्षा ही हर व्यक्ति और समाज की प्रगति के रास्ते को मजबूत कर सकती है।नशासेवन को समाज की सबसे बड़ी बुराई बताया और कहा कि दारू,शराब और अन्य नशीली वस्तुओं के सेवन से समाज में तमाम तरह की ग़लत प्रवृत्तियां जन्म लेती है।एक रोटी कम खाएं, लेकिन बच्चों को अच्छी शिक्षा जरुर दिलाएं, धनगर समाज तभी प्रगति की ऊंचाइयों पर जा सकता है।

बाबू लाल धनगर,राम अवध धनगर, सेवानिवृत्त स्टेशन अधीक्षक स्वामी नाथ पाल, अनिल पाल, संजय पाल आदि मौजूद रहे। राजेश अग्रहरि ने हाईस्कूल की परीक्षा में 94.83प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सुभी धनगर पुत्री जयप्रकाश और आई आई टी के लिए सिलेक्ट छात्र आर्यन धनगर पुत्र गिरिजेश धनगर को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया।

अहिल्या बाई होल्कर समाज की आदर्श, उनके इतिहास को घर घर पहुंचाएं

अवकाश प्राप्त स्टेशन अधीक्षक स्वामी नाथ पाल और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अहिल्या बाई होल्कर के जीवन दर्शन और इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि माता अहिल्या बाई होल्कर पाल और धनगर ही नहीं समूचे भारतीय समाज के लिए आदर्श है, उनके इतिहास को घर घर पहुंचाएं और बालिकाओं को अच्छी शिक्षा दिलाएं।एक बालिका सुरक्षित होकर कम से कम दो परिवारों की समृद्धि में सहायक होती है।

नीट की परीक्षा में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजदूगी में दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नीट परीक्षा 2024 में की गई धांधली अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच हो, जिससे दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके। नीट परीक्षा में जिन छात्रों के नंबर 580 से ऊपर आए हैं उनके परीक्षा केंद्रों के नाम सार्वजनिक किया जाए। परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए की ओर से जिस मनमानी तरीकों को अपनाते हुए उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए परीक्षार्थियों की ग्रेस मार्क दिए गए तथा अनियमितताएं की गई को दृष्टिगत रखते हुए आगामी किसी भी परीक्षा को संपन्न करने के लिए संस्था को प्रतिबंधित किया जाए।

पुण्यतिथि पर गरीबों और असहायों को वितरित किये गये वस्त्र

गरीबों को वस्त्र वितरित करते मुख्य अतिथि

विश्ववार्ता संवाददाता

बलदीराय, सुलतानपुर। तहसील बल्दीराय के हैधनाकला ग्राम प्रधान जय प्रकाश मिश्र व अरुण मिश्र ने अपने पिता स्व. घनश्याम मिश्रा की 3वीं पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच 100 वस्त्र वितरित कर उन्हें भोज भी करवाया। इस मौके पर जिले भर से भाजपा नेता प्रधान जय प्रकाश के घर पहुँचे थे। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हैधना कला गांव में स्व.पूर्व प्रधान व भाजपा नेता घनश्याम मिश्र की 3वीं पुण्यतिथि पर गरीब और असहायों में वस्त्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने स्व. घनश्याम मिश्र के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। भाजपा नेता एमएलसी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि असहायों और गरीबों में वस्त्र का वितरण करना एक बहुत ही पुण्य का काम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा प्रदेश सह संयोजक राम चन्द्र मिश्र ने स्व. घनश्याम मिश्रा के बताए गए रास्ते पर सभी को चलने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि एक यह के बेहतर कार्य है। बुजुर्गों और असहायों के बीच वस्त्र वितरण करना एक बेहतर कार्य है। कहा कि माता-पिता को याद करने के साथ बुजुर्गों और गरीबों की सेवा करने से बड़ी बात नहीं होती है। इस भाग-दौड़ की जिंदगी में कम से कम लोग समय निकालकर एक बेहतर कार्य कर रहे है।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य सूर्यभान पांड़ेय ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता विकास शुक्ला, भाजपा जिलामहा मंत्री शशिकांत पांड़ेय, राजधर शुक्ला, मुकेश अग्रहरि, दिलीप सिंह, रबि तिवारी, बलराम मिश्रा, ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, कुंवर मुकेश सिंह, अवधेश सिंह, सुनील सिंह, प्रदीप पांडे दादा, गोनू मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

सुनवाई संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियारियों की शिकायत

चुनाव बाद हुआ पहला संपूर्ण समाधान दिवस, जुटी फरियादियों की भीड़

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। लोक सभा चुनाव के बाद शनिवार को आयोजित पहले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिले की चार तहसीलों में कुल 180फरियादी आए।20मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया है। गौरीगंज में डी एम निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने जनसुनवाई की।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील अमेठी में 74 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया। तहसील तिलोई में 39 शिकायतें प्राप्त हुई । जिसमें 06 का निस्तारण किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 32 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

तहसील सभागार में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमेठी। शनिवार को तहसील सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 के बाद पहला संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम आशीष सिंह के साथ तहसीलदार सूरज प्रताप ने फरियादियों की शिकायत सुनी दिवस के दौरान कुल 74 शिकायती सामने आई । जिसमें मौके पर ही चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया शेष 70 शिकायतों के लिए संबंधित विभाग को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

तहसीलदार सूरज प्रताप ने बताया कि दिवस के दौरान कुल 74 सीखने प्राप्त हुई थी जिसमें मौके पर ही चार शिकतों का निस्तारण कर दिया गया शेष 70 शिकायतों के निस्ताओं के लिए टीमों को निर्देशित किया गया है। संपूर्ण समाधान दिवस में सीओ लल्लन सिंह, तहसीलदार सूरज प्रताप, खंड विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह, शिवपूजन भारती, इन्द्रावती वर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

मायावती ने 23 जून को बुलाई समीक्षा बैठक

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने 23 जून को समीक्षा बैठक बुलाई हैं। इस मीटिंग में सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारी शामिल होंगे। लेकिन इस मीटिंग आकाश आनंद को नहीं बुलाया गया। पार्टी में सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, उम्मीदवारों को मायावती ने बुलाया है और बुरी तरह से हुई हार की समीक्षा करेंगी। उन कारणों की तलाश की जायेगी जिनकी वजह से पार्टी को इतनी बुरी स्थिति का सामना करना पड़ा।

केदारनाथ में हुई भैरवनाथ जी की पूजा

केदारनाथ। उत्तराखंड स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ जी में शनिवार को आषाढ़ माह की संक्रांति पर तीर्थ पुरोहितों तथा मंदिर समिति द्वारा श्री केदारनाथ जी के क्षेत्ररक्षक भकुंट भैरव नाथ की पूजा संपन्न की गयी। पूर्वाह्न तीर्थ पुरोहितगण, मंदिर समिति के अधिकारी, कर्मचारी तथा देव पश्वागण श्री भैरवनाथ मंदिर पहुंचे। जहां हवन, यज्ञ तथा पूजा, अर्चना की। इसके बाद श्री भैरवनाथ का भोग चढ़ाया गया और यात्रा के निर्विघ्न संचालन की प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर पुजारी शिवशंकर लिंग, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी, धर्माधिकारी मौजूद रहे।

मध्य प्रदेश के मंडला में चला बुलडोजर

मंडला। मध्य प्रदेश के मंडला में शुक्रवार देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भैंसवाही गांव में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को गांव के 11 घरों में गोवंश के अवशेष मिले। इनमें गोवंश की हड्डी, चर्बी समेत अन्य अवशेष बरामद हुए। पुलिस ने इस संबंध में 11 लोगों पर केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी 10 आरोपी रात में अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वहीं शनिवार को पुलिस प्रशासन ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर आरोपियों के मकान को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। मंडला जिले के नैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसवाही में 11 मकानों पर पुलिस की छापेमारी के दौरान 150 से ज्यादा गोवंश के अवशेष मिलने से गांव में हड़कंप मच गया था। बताया जा रहा है कि मंडला पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि भैंसवाही गांव से गो तस्करी के साथ उनके मांस की तस्करी की जा रही हैं।

नार्को-आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर नार्को–आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हेरोइन बेचने की फिराक में है। इसके बाद सेना के साथ करनाह कुपवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में संयुक्त जाल बिछाया गया और दो लोगों को लगभग 500 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा लिया। दोनों की पहचान खावरपारा करनाह के शफीक अहमद शेख और बागबल्ला के तारिक अहमद मलिक के रूप में की है। उनकी निशानदेही पर साधपुरा के परवेज अहमद पठान को भी पकड़ा गया। उसके कब्जे से तीन पिस्तौल, 76 पिस्तौल राउंड, छह पिस्तौल मैगजीन और लगभग पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक बरामद किए गए।

स्वर्ण मंदिर में वीडियो बनाने पर रोक

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में रील्स वीडियो बनाने और तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया है। शिरोमणि समिति के सदस्य और कानूनी सलाहकार एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका ने कहा कि प्रतिबंध इसलिये लगाया गया है क्योंकि पवित्र स्थान का उपयोग विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा पिकनिक स्पॉट या सेल्फी पॉइंट के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रील्स देखने को मिलती हैं, जो उचित नहीं होती हैं। उन्होंने कहा कि हरमंदिर साहिब के परिसर में प्रतिबंध के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये तख्तियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

रामफोसा दोबारा अफ्रीका के राष्ट्रपति

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए शुक्रवार को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। इससे पहले शुक्रवार को एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी।

सिक्किम सरकार ने वायुसेना से मदद मांगी

गंगटोक। सिक्किम सरकार ने राज्य के उत्तरी लाचुंग में फंसे पर्यटकों को हवाई मार्ग से निकालने के लिए भारतीय वायु सेना से संपर्क किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गंगटोक से लगभग 125 किमी दूर भूस्खलन के बाद सड़क अवरुद्ध होने के कारण लगभग 2900 मीटर ऊंचे दूसरे अंतिम गांव लाचुंग के पहाड़ी इलाके में लगभग 1200 भारतीय और 15 विदेशी नागरिक फंसे हुए हैं। पंद्रह विदेशी नागरिकों में 10 बांग्लादेशी, दो नेपाल के और बाकी थाईलैंड के है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सभी पर्यटक सुरक्षित हैं। भारी बारिश के कारण बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है, जिससे कई क्षेत्रों का सम्पर्क टूट गया है और पर्यटक अपनी यात्रा जारी रखने या सुरक्षित स्थानों पर लौटने में असमर्थ हो गए हैं।

बंगाल में सियासी हिंसा की जांच करेगी भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही राजनीतिक हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति गठित की है। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को यहां बताया कि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव देव की अध्यक्षता वाली इस समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, सांसद बृजलाल और सांसद श्रीमती कविता पाटीदार को सदस्य बनाया गया है। अरुण सिंह के अनुसार इस समिति के सदस्य पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और घटनाओं की विस्तृत रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को सौंपेंगे।

आतंकी हैंडलर फरार अपराधी घोषित

श्रीनगर। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से संचालित होने वाले एक आतंकी हैंडलर को जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में फरार अपराधी घोषित किया गया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बारामूला की अदालत ने बारामूला पुलिस द्वारा दायर आवेदन पर बदरकूट निवासी गुलाम हसन रेशी को भगोड़ा घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि आतंकवादी हैंडलर पुलिस स्टेशन तंगमर्ग में विभिन्न धाराओं में दर्ज एक मामले में आरोपी है। आतंकी हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में है और एक आतंकवादी संगठन के साथ काम कर रहा है।

कुमारस्वामी, बोम्मई का विधानसभा से इस्तीफा

बेंगलुरु। जनता दल–सेक्युलरनेता एचडी कुमारस्वामी और भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को विधानसभा सदस्य के रूप में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। कुमारस्वामी चन्नपटना और बोम्मई शिगगांव निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। दोनों नेताओं ने हाल में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है और इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने विधानसभा की सदस्यता छोड़ी है। कुमारस्वामी का इस्तीफ़ा उनके राजनीतिक करियर में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। अब मांडया से सांसद और केंद्रीय मंत्री बने कुमारस्वामी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में रोड शो किया। इस बीच संदूर के कांग्रेस विधायक ई. तुकाराम और विधानपरिषद में विपक्ष के नेता कोटा श्रीनिवास पुजारी के भी सांसद निर्वाचित होने के बाद अपनी विधानसभा सीटें छोड़ने की उम्मीद है।

शीना बोरा की अस्थियां तक गायब कर दीं

मुंबई। शीना बोरा हत्याकांड में एक नया मोड़ आया है। 2012 में रायगढ़ के पेन गांव के जंगल से जब्त की गई जिन हड्डियों को सीबीआई ने शीना बोरा के अवशेष बताया था, वो अब लापता हैं। हड्डियों को जांच के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेजा गया था। मुंबई की स्पेशल कोर्ट में गुरुवार को सीबीआई ने बताया कि बहुत ढूंढने के बावजूद ये हड्डियां नहीं मिल रही हैं। दरअसल आईएनएक्स मीडिया की पूर्व सीईओ इंद्राणी मुखर्जी की बेटी शीना बोरा की 2012 में गला घोंटकर हत्या की गई थी। आरोप है कि इंद्राणी ने अपने पूर्व पति संजीव खन्ना और ड्राइवर श्यामवर राय के साथ मिलकर शीना की हत्या की थी। इसके बाद उन्होंने शव को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पेन गांव के जंगल ले जाकर जला दिया था। पुलिस ने पेन गांव से 2012 में कुछ हड्डियां जब्त की थीं। जांच में पता चला था कि हड्डियां किसी जानवर की नहीं, बल्की इंसानी हैं। तीन साल तक हत्याकांड के बारे में किसी को पता नहीं चला था। 2015 में एक अन्य केस में पुलिस ने इंद्राणी के ड्राइवर राय को गिरफ्तार किया था। इस दौरान उसने शीना बोरा की हत्या का खुलासा किया।

भारत-इटली संबंध और मजबूत होंगे

मोदी ने मेलोनी और किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की

● पीएम ने जर्मन चांसलर स्कोल्ज से भी की मुलाकात

एजेंसी

अपुलिया/नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की तथा जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से भी मुलाकात की।

सुश्री मेलोनी के साथ अपनी बैठक के बारे में मोदी ने एक्स पर लिखा, "प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। जी-7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए भारत को आमंत्रित करने और शानदार व्यवस्थाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने वाणिज्य, ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्रों में भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देश जैव ईंधन, खाद्य प्रसंस्करण और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे।"

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सुश्री मेलोनी ने पीएम मोदी को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। मोदी ने जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और शिखर सम्मेलन के सफल समापन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने नियमित उच्च राजनीतिक संवाद पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आह्वान किया।

बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क पर सहयोग के लिए हाल ही में औद्योगिक संपत्ति अधिकार पर एमओयू पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया। उन्होंने इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया। मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली के अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा। बयान में कहा गया कि 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के तहत समन्वय को ध्यान में रखते हुए दोनों नेताओं ने ऊर्जा संक्रमण में सहयोग के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संयुक्त अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 2025-27 के लिए सहयोग के नये कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों और बहुपक्षीय पहलों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

जापानी प्रधानमंत्री किशिदा के साथ बैठक पर पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, 'इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री किशिदा से मिलकर खुशी हुई। भारत और जापान के बीच मजबूत संबंध शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए महत्वपूर्ण हैं। दोनों देश रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

जम्मू में चूहों की तरह छिपे आतंकी, हम जल्द खत्म कर देंगे

» डीजीपी ने कहा- किसी छलावे में न आयें, सूचना तत्काल दें

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि राज्य में हाल की आतंकी घटनाएं सीमा पार बैठे आतंकवादियों के आकाओं द्वारा कश्मीर में आतंकी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने के बाद अपनी गतिविधियों को चालू रखने की हताशा भरी कोशिश थी। उन्होंने कहा कि दुश्मन ताकतों को नाकाम कर दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे "छलावे" में न आएं और आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना को सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करने से पहले उसकी जांच कर लें ताकि "हम वहीं रहें जहां हमें होना चाहिए"।

आतंकवादियों ने नौ से 12 जून के बीच रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में एक तीर्थयात्री बस सहित चार स्थानों पर हमले किये, जिनमें नौ लोगों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गये। कठुआ में हुई मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। प्रदेश के पुलिस प्रमुख ने कहा, "जब आप किसी खतरे या चुनौती के बारे में बात करते हैं, तो आप देखते हैं कि यह कितना गंभीर या बड़ा है। चुनौती सीमा पार से आ रही है और आतंकवादियों ने यह निर्णय लिया है कि वे इसे जारी रखेंगे।"

उन्होंने कहा, "उन्हें पता चल गया है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं, क्योंकि कश्मीर में आतंकी ढांचे को बहुत बड़ा झटका लगा है। जिनकी रोजी-रोटी और ऐशो-आराम इसी से चलता है, वे इसे इतनी आसानी से कैसे छोड़ सकते हैं?" डीजीपी ने कहा, "आका सीमा पार बैठे हैं और अपनी दुकानें चालू रखने के लिए वे विदेशी भाड़े के आतंकियों को यहां भेजते हैं।"

वह कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव के दौरे से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जहां मंगलवार और बुधवार को 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान भी शहीद हो गया। स्वैन ने जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ गांव में चल रहे तलाशी अभियान के लिए तैनात पुलिस कर्मियों से बातचीत की। डीजीपी ने हीरानगर पुलिस थाने का भी दौरा किया और पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए हाल ही में हुई मुठभेड़ में उनकी भूमिका की सराहना की।

एमवीए विधानसभा चुनाव साथ लड़ेगी

उद्धव ठाकरे ने कहा- जो छोड़कर गए उन्हें वापस नहीं लेंगे

एजेंसी

मुंबई। महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनाव एक साथ लड़ेगी। यह ऐलान शनिवार 15 जून को गठबंधन की बैठक के बाद शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेगा। ठाकरे ने एकनाथ शिंदे खेमे के नेताओं को वापस लेने की संभावना से भी इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग मुझे छोड़कर चले गए हैं, उन्हें पार्टी में वापस नहीं लिया जाएगा।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव की जीत एमवीए के लिए अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। हम सभी दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ेंगे। मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में हुई इस बैठक में शरद पवार, कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण शामिल हुए। इस दौरान महाराष्ट्र की जनता को लोकसभा चुनाव में 31 सीटें जिताने पर धन्यवाद दिया।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 31 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा गठबंधन को 17 सीटें मिली हैं। विधानसभा की 288 सीटों पर अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। फिलहाल राज्य में शिवसेना शिंदे गुट, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है और एमवीए लोकसभा चुनाव की सफलता विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहती है। उद्धव ने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। जल्द ही विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। यह सरकार मोदी सरकार थी और अब यह एनडीए सरकार बन गई है। अब देखना यह है कि यह सरकार कितने दिन चलती है।'

पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा, 'यह प्रेस कॉन्फ्रेंस जनता का आभार व्यक्त करने के लिए है। महाराष्ट्र की जनता ने हमें जिताया है। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार महाराष्ट्र के इंडिया ब्लॉक के नेता आज मिले। हम सभी लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आए हैं।' मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से लोगों ने लोकसभा चुनाव में हमें वोट दिया, विधानसभा चुनाव में भी हमें वैसा ही प्यार मिलेगा और अब महाराष्ट्र में भी सत्ता परिवर्तन होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक नाना पटोले ने दावा किया था कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस राज्य में बड़ी ताकत बनकर उभरी है। उन्होंने सहयोगियों से चर्चा के बिना कहा था कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस 150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उधर शिवसेना (उद्धव) ने भी सहयोगियों से चर्चा के बिना विधानपरिषद की चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। इन सीटों पर 26 जून को चुनाव होना है। उद्धव गुट के फैसले पर कांग्रेस ने नाराजगी जाहिर की थी। नाना पटोले ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात के लिए समय भी मांगा था, लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया था। हालांकि, शरद पवार की मध्यस्थता से मामला सुलझ गया था।

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 4 महीने बचा है। सूत्रों के अनुसार शिंदे या अजित गुट के विधायक तुरंत दल नहीं बदलेंगे। वे चार महीनों में सत्ता मे रहकर क्षेत्र के लिए बड़ा फंड लेंगे। विधानसभा चुनाव करीब आने पर दल-बदल दिख सकता है।

काशी में कृषकों को 17वीं किस्त जारी करेंगे मोदी

» शिवराज चौहान ने बताया- 18 जून को पहुंचेंगे पीएम

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पीएम- किसान के अंतर्गत 20 हजार करोड़ रुपए की 17 वीं किस्त जारी करेंगे।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसानों को पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने तथा कृषि सखियों के रूप में 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 18 जून को वाराणसी का दौरा करेंगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में चौहान के अलावा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मंत्री सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। चौहान ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए कृषि सबसे महत्वपूर्ण आधार है और कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव है। रोजगार के सबसे ज्यादा अवसर कृषि के माध्यम से ही सृजित होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि और किसान पहले भी पीएम मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं जिसके चलते किसानों के कल्याण के लिए अनेकों कदम उठाए गये और अभी भी प्रधानमंत्री ने पद ग्रहण करने के बाद सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों को जारी करने को लेकर हस्ताक्षर किए। श्री चौहान ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने सबसे पहले कार्यक्रम में पीएम किसान की बहुप्रतीक्षित 17वीं किस्त, 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि, 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को प्रधानमंत्री के वाराणसी से बटन के एक क्लिक से वितरित की जाएगी।

गौरतलब है कि किसान सम्मान निधि 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए केंद्र सरकार ने देश भर में लगभग 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है और इसके साथ ही, योजना की शुरुआत से लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल राशि 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 18 जून को अन्नदाताओं की खुशहाली के साथ विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का श्री गणेश होने जा रहा है। क्योंकि इस दिन कई केंद्रीय मंत्री किसानों से बातचीत करने और उनमें विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 50 केवीके का दौरा करेंगे और वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर से लगभग 2.5 करोड़ किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए देश भर से 732 कृषि विज्ञान केंद्र, 1.0 लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियाँ और 5.0 लाख कॉमन सर्विस सेंटर भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम किसान की किस्त जारी करने के कार्यक्रम के साथ-साथ प्रधानमंत्री 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। एक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री पांच कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

सुनीता सोशल मीडिया से सुनवाई के वीडियो हटायें

» दिल्ली उच्च न्यायालय ने पांच अन्य को भी तलब किया

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को कोर्ट के वीडियो सोशल मीडिया से हटाने के आदेश दिए। कोर्ट ने सुनीता सोशल मीडिया कंपनियां एक्स, मेटा और यूट्यूब समेत पांच को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। यह वीडियो तब का है जब शराब नीति केस में केजरीवाल को अरेस्ट किया गया था और उन्होंने कोर्ट के सामने खुद अपना पक्ष रखा था।

हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया कंपनियों से कहा, 'जिन लोगों ने इन वीडियो को रीपोस्ट किया है उसे भी डिलीट किया जाए। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा और अमित शर्मा की बेंच ने कहा कि ये वीडियो हाई कोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नियमों के खिलाफ है। याचिका वकील वैभव सिंह ने लगाई थी। याचिका में सिंह ने कहा था, 'अरविंद केजरीवाल को शराब नीति केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 28 मार्च को ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उन्होंने अदालत में खुद अपना पक्ष रखा था। इसके बाद सुनीता ने कोर्ट की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की थी।

सिंह ने कहा, 'यह दिल्ली हाईकोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2021 के तहत प्रतिबंधित है। वीडियो पोस्ट करके ट्रायल कोर्ट के जजों की जान खतरे में डालने की कोशिश की गई है। इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन होना चाहिए और एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। वीडियो रीपोस्ट करने वाले लोग आम आदमी पार्टी से जुड़े थे। इन्होंने जानबूझकर अदालत को बदनाम करने की कोशिश की। इनके खिलाफ भी जुर्माना लगाया जाना चाहिए।' ईडी और सीबीआई के मुताबिक, दिल्ली सरकार ने लिकर पॉलिसी में बदलाव कर अपने पसंदीदा डीलर्स को लाइसेंस दिए। बदले में उनसे रिश्वत ली गई। हालांकि आम आदमी पार्टी इन आरोपों को गलत बताती है। ईडी इस मामले में अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

ईडी ने शराब घोटाले में अब तक कुल 6 चार्जशीट दायर की हैं। साथ ही 128 करोड़ रुपए से ज्यादा की प्रॉपर्टी जब्त की है।

योगी ने कहा- जाओ और बाड़े में चला गया बब्बर शेर

● बब्बर शेर की जोड़ी भरत और गौरी का सीएम ने कराया चिड़ियाघर के बाड़े में प्रवेश

विश्ववार्ता ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में बब्बर शेर 'भरत' और शेरनी 'गौरी' का बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्यजीवों को मई माह के अंतिम सप्ताह में इटावा लायन सफारी से लाया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा इन्हें बाड़े में छोड़े जाने के बाद अब चिड़ियाघर आने वाले दर्शक बब्बर शेर की इस जोड़ी का दीदार कर सकेंगे। इनकी दहाड़ का भी रोमांच ले सकेंगे। इसके पहले दो जून को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चिड़ियाघर का भ्रमण करने आए थे। तब उन्होंने बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को देखने के साथ उनके बारे में जानकारी हासिल की थी।

उल्लेखनीय है कि गोरखपुर चिड़ियाघर से सीएम योगी को बहुत लगाव है। जब भी उन्हें मौका मिलता है, वह यहां वन्यजीवों को देखने और उनके देखभाल की जानकारी लेने आते हैं। शनिवार को वह बब्बर शेर की जोड़ी भरत और गौरी को बाड़े में छोड़ने आए। मुख्यमंत्री के साथ वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना भी उपस्थित थे। जैसे ही सीएम ने क्रॉल का गेट खोलकर यह कहा, चलो जाओ, बब्बर शेर दौड़ते हुए बाड़े में चला गया। मुख्यमंत्री ने यहां चिड़ियाघर के निदेशक एवं डीएफओ विकास यादव से दोनों शेरों के बारे में जानकारी ली। शेर के बाड़े के समीप हरिशंकरी पौध का रोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सीएम ने यहां तैल चित्रों का भी अवलोकन किया।

गोरखपुर चिड़ियाघर में गैंडों की जोड़ी को चारा खिलाते सीएम योगी आदित्यनाथ।

सीएम योगी ने चिड़ियाघर का भ्रमण करते हुए निरीक्षण भी किया। इस दौरान भ्रमण करते हुए सीएम योगी गैंडों की जोड़ी हरि और गौरी के बाड़े के पास पहुंचे और अपने हाथों से दोनों को चारा खिलाया। गैंडों की यह जोड़ी मुख्यमंत्री को काफी प्रिय है। इसके पहले 2 जून को वह यहां आकर उन्हें केला खिला चुके हैं। भ्रमण के समय सीएम योगी हिमालयन भालू बिल्लू के बाड़े पर भी पहुंचे। उसे आवाज देकर बुलाया। गर्मी से परेशान इस भालू को उन्होंने आइसक्रीम, बर्फ का गोला और शहद खिलाया। हरि-गौरी और बिल्लू के बाड़े के पास सीएम ने कुल मिलाकर करीब बारह मिनट का वक्त बिताया। उन्होंने चिड़ियाघर के अन्य वन्यजीवों के बाड़ों का भी अवलोकन किया। चिड़ियाघर भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने लखीमपुर के जंगल से रेस्क्यू कर लाए गए बाघ का नामकरण किया। बाघ का नाम उन्होंने शक्ति रखा। नामकरण के बाद बाड़े के अंदर यह बाघ काफी देर तक दहाड़ता रहा।

चिड़ियाघर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां आए वनटांगिया बस्ती, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जंगल तिकोनिया नम्बर तीन के बच्चों से भी मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्हें चॉकलेट भी गिफ्ट की। इस दौरान उन्होंने अभिभावक जैसे बच्चों को समझाया कि चॉकलेट का रैपर या अन्य कूड़ा इधर उधर न फेंकें, डस्टबिन में ही डालें। गर्मी को देखते हुए खूब पानी पीते रहें। मुख्यमंत्री ने यहां लायन थीम पर फेस पेंटिंग कराए कुछ बच्चों से खूब हंसी ठिठोली की। मुख्यमंत्री के साथ महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, डीएफओ एवं चिड़ियाघर के निदेशक विकास यादव आदि भी उपस्थित रहे।

शोध रिपोर्ट धरती के आंतरिक कोर की घूर्णन गति लगातार हो रही है कम, इसका प्रभाव पृथ्वी की घूर्णन गति पर भी पड़ेगा

भविष्य में दिन की लम्बाई रात की तुलना में हो सकती है और ज्यादा

एजेंसी

कैलिफोर्निया। हम सभी जानते हैं कि 24 घंटे में एक बार दिन और एक बार रात होती है। वहीं दिन और रात को मिलाकर हमारा एक दिन पूरा होता है। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर दिन की अवधि को लेकर बड़ा दावा किया है। एक शोध के मुताबिक धरती के आंतरिक कोर की घूर्णन गति लगातार कम हो रही है। इसका प्रभाव पृथ्वी की घूर्णन गति पर भी पड़ेगा और दिन की लंबाई ज्यादा हो जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रक्रिया 2010 से ही शुरू हो गई है और अब दिन की अवधि पहले से ज्यादा हो गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आंतरिक कोर की घूर्णन में परिवर्तन की वजह से दिन 24 घंटे से भी लंबे हो सकते हैं।

गौरतलब है कि पृथ्वी की आंतरिक कोर एक ठोस स्फेयर की तरह है जो कि लोहे और निकेल से बनी है। वहीं इसके चारों ओर पिघली हुई धातुएं बेहद गर्म और तरल अवस्था में मौजूद हैं। पृथ्वी की तीन लेयर में मैंटल और क्रस्ट शामिल हैं। वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आंतरिक कोर के बारे में जानकारी सीस्मिक तरंगों के जरिए मिलती है। भूकंप के वक्त रिकॉर्ड किए गए कंपन से यह अध्ययन किया गया है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के नेचर जर्नल में छपे शोध में बताया गया है कि अगर यही ट्रेंड बरकरार रहता है तो दिन की अवधि बदल जाएगी। इसमें सेकंड के एक हिस्से का फर्क आना शुरू हो जाएगा जो कि लगातार बढ़ता ही रहेगा। शोधकर्ताओं में शामिल प्रोफेसर जॉन विडाले ने कहा कि पहले जब मुझे यह पता चला तो मैं खुद अचंभित रह गया। लेकिन जब पता चला कि दो दर्जन ऐसे ही सिग्नल और पाए गए हैं तो यकीन हो गया कि इनर कोर में परिवर्तन हो रहा है। कई दशकों बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब इनर कोर के घूर्णन में परिवर्तन पाया गया है।

धरती के इनर कोर को लेकर कई तरह की बहस चलती रहती है। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पृथ्वी की घूर्णन गति से ज्यादा तेजी से घूमती है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मैग्नेटिक फील्ड की वजह से इसका घूर्णन धरती के घूर्णन से कम होता है। हालांकि इस बात से कोई इनकार नहीं करता कि इनर कोर से बैकट्रैकिंग होती है और इसका असर धरती की घूर्णन गति पर पड़ता है। 40 साल में पहली बार पाया गया है कि इनर कोर की घूर्णन गति मेंटल से कम है।

एक अन्य स्टडी में कहा गया था कि ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से पहाड़ों के ग्लैशियर और अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघल रही है और इसकी वजह से भी पृथ्वी का घूर्णन धीमा हो रहा है। इस वजह से दिन लंबे होते जा रहे हैं। रिसर्च में कहा गया था कि इस इफेक्ट को कम करने के लिए धरती की तरल वाली लेयर भी धीमी हो रही है। वहीं ठोस लेयर की गति तेज हो गई है। शोध में कहा गया था कि दिन की मियाद में कुछ लीप सेकंड ही जोड़े जा सकते हैं। 1972 के बाद से कुछ सालों में लीप सेकंड जोड़ने पड़ते हैं। इससे पता चलता है कि पृथ्वी हमेशा एक ही गति से नहीं घूमित है। बता दें कि वैज्ञानिक आंतरिक कोर के घूर्णन पर लगातार नजर रखते हैं। यह पृथ्वी का वह हिस्सा है जो कि 5500 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहता है। वहीं यह हिस्सा हमारे पैरों के नीचे करीब 3 हजार मील दूर है। इंसान चांद का सफर तो कर चुका है लेकिन पृथ्वी के इस हिस्से तक पहुंचना अब भी नामुमकिन है।